ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com • रांची • आषाढ़ शुक्ल पक्ष 12 • विक्रम संवत 2080 • शुक्रवार, 30 जून 2023 • वर्ष-24 • अंक- 147 • पृष्ठ-12 • मूल्य ₹ 2.00



ज्यादा थिएटर नहीं कर पाने का है मलाल... पेज 12 पर

## NEWS इन ब्रीफ

### सीएम ने गुरु कोल लाको बोदरा को दी श्रद्धांजलि

**रांची।** गुरुवार को आदिवासी हो भाषा वारंग क्षिति लिपि के निर्माता और गुरु कोल लाको बोदरा की पुण्यतिथि मनाई गयी। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने आदिवासी हो भाषा वारंग क्षिति लिपि के निमार्ता और गुरु कोल लाको बोदरा की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की। सीएम ने कहा - झारखंड की समृद्ध जनजातीय और क्षेत्रीय भाषा संवर्धित रहेगी, तो राज्य सतत विकास के पथ पर आगे बढ़ेगा।

### झारखंड राज्य आवास बोर्ड ने 300 दुकानों को भेजा नोटिस

**रांची।** झारखंड राज्य आवास बोर्ड ने रांची के तीन सौ दुकानों को नोटिस जारी किया है। यह मामला आवासीय परिसर में शॉपिंग मॉल और दुकान खोलने से जुड़ी है, जिसमें बोर्ड ने हरमू और अरगोड़ा स्थित करीब 300 दुकानों को चिन्हित कर नोटिस जारी किया है। आवासीय परिसर में शॉपिंग मॉल और दुकान खोलने मामले में झारखंड राज्य आवास बोर्ड ओर से नोटिस जारी होते ही दुकानदारों में हड़कंप मच गया है। बोर्ड की ओर से यह पहली नोटिस है वहीं तीसरे नोटिस के बाद बोर्ड की ओर से दुकानदारों को दुकान हटाने का आदेश दिया जाएगा।

### लोहरदगा में दो बाइक की टक्कर में दो की मौत

**लोहरदगा।** भंडरा थाना क्षेत्र के सेमरा पलमी मुख्य पथ के समीप गुरुवार की देर शाम दो मोटरसाइकिल की टक्कर में दो लोगों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान भंडरा थाना क्षेत्र के सेगरा टोली गांव निवासी जुबेर अंसारी (18) व गदरपो पंचायत के अमदरी गांव निवासी मंगल उरांव (19) के रूप में हुई है। भंडारा थाना पुलिस ने शवों को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है।

### देवघर में हाईवा ने दो युवकों को रौंदा, मौत

**देवघर।** जिले के मधुपुर स्थित बुढ़ई थाना क्षेत्र में गुरुवार के दिन धमनी-जगदीशपुर मुख्य मार्ग पर पत्थर लदे हाईवा की चपेट में आने से दो युवकों की मौत हो गयी। युवकों की पहचान कांसजोर गांव के रहने वाले सफाकत अंसारी और मोहिद अंसारी के तौर पर हुई है। बताया जा रहा है कि दोनों युवक एक बाइक पर सवार होकर कल्हाजोर जा रहे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार से आ रहे पत्थर लदे हाईवा की चपेट में आने से दोनों की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। हादसे के बाद स्थानीय ग्रामीण उग्र हो गए। स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलने पर सीओ भी घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस घटना की जांच-पड़ताल कर रही है।

## सीएम आज संथाल को देंगे करोड़ों की सौगात

### हूल दिवस पर शहीद को देंगे श्रद्धांजलि

**नवीन मेल संवाददाता। साहिबगंज**

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन हूल दिवस के अवसर पर शहीद के गांव भोगनाडीह में रहेंगे। यहां वे कई कार्यक्रमों में शामिल होंगे। जिला प्रशासन ने इसकी तैयारी पूरी कर ली है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन 177 करोड़ राशि का उद्घाटन व शिलान्यास और परिसंपत्ति का वितरण करेंगे। इसमें 12 करोड़ के परिसंपत्तियों का वितरण और 164 करोड़ से अधिक योजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास करेंगे। सीएम के कार्यक्रम पर डीडीसी प्रभात कुमार ने बताया कि उपायुक्त



के पास फाइल बढ़ाया गया है। राशि घट बढ़ सकती है। उन्होंने कहा कि हूल दिवस पर मेले का भी आयोजन किया जाएगा। जिसमें 20 विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाए जा रहे हैं। इस अवसर पर दो डाक्टर और अनुकंपा पर दो लोगों को नियुक्ति पत्र दिया जाएगा। लाभुकों को शेष पृष्ठ 11 पर

### सीएम ने दिया निर्देश, अंगीभूत एवं डिग्री संबद्ध कॉलेजों में जारी रहेगी इंटर की पढ़ाई

**मुख्यमंत्री** हेमन्त सोरेन के निर्देश पर स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग ने राज्य के अंगीभूत एवं डिग्री संबद्ध महाविद्यालयों में सत्र 2023- 25 में इंटरमीडिएट की पढ़ाई जारी रखने का निर्णय लिया है। स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सचिव की अध्यक्षता में झारखंड अधिविध परिषद के अध्यक्ष और सचिव की हुई बैठक में निर्देश दिया गया कि यदि किसी जिला या क्षेत्र में माध्यमिक परीक्षा -2023 में उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को इंटरमीडिएट कक्षा में नामांकन लेने में कठिनाई हो तो पूर्व के वर्षों की भांति अंगीभूत एवं डिग्री संबद्ध महाविद्यालय में इंटरमीडिएट कक्षा में नामांकन ले सकते हैं। इस वर्ष जैक की मैट्रिक परीक्षा में चार लाख से ज्यादा परीक्षार्थी सफल रहे हैं । इन विद्यार्थियों को इंटरमीडिएट में नामांकन लेने में समस्या आ रही है। इसी वजह से स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग ने छात्र हित को ध्यान में रखते हुए अंगीभूत एवं डिग्री संबद्ध महाविद्यालयों में इंटरमीडिएट में विद्यार्थियों का नामांकन और पढ़ाई जारी रखने का फैसला किया है।

**क्या है मामला :** राज्य में अंगीभूत एवं संबद्ध डिग्री महाविद्यालयों में इंटरमीडिएट शिक्षा को पृथक्क करने की प्रक्रियाधीन है। शेष पृष्ठ 11 पर

## घर लौटे भगवान जगन्नाथ

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

यहां के जगन्नाथपुर में मौसीबाड़ी से नौ दिनों के प्रवास के बाद भगवान जगन्नाथ भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा के साथ गुरुवार को मुख्य मंदिर लौटे। घुरती रथ यात्रा में हजारों की भीड़ उमड़ी। रथ यात्रा के दौरान भगवान जगन्नाथ के जयघोष से पूरा मेला परिसर गूंज उठा। हजारों की संख्या में जुटे श्रद्धालु रथ की रस्सी छूने को आतुर दिखे। घुरती रथ यात्रा से पहले एक घंटा तक मंत्रोच्चारण के साथ उनकी विधिवत पूजा-अर्चना की गई। देर शाम को भगवान मुख्य मंदिर पहुंचे। रथ मेला में अन्य दिनों की



अपेक्षा अधिक भीड़ दिखी। साथ ही नौ दिन तक चलनेवाला रथ मेला का समापन हो गया। मान्यता है कि भगवान जगन्नाथ के रथ की रस्सी खींचने से मोक्ष की प्राप्ति होती है।

## रांची के बस स्टैंड खादगढ़ा में बड़ा हादसा

# 8 बसें राख



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

गुरुवार का दिन खादगढ़ा बस स्टैंड के लिए काला दिन साबित हुआ, एक तरफ लोग जहां ईद उल अजहा की नमाज अदा करने के बाद कुबार्नी में व्यस्त थे वही दूसरी तरफ पुलिस और अग्निशमन दस्ता पांच घण्टे के अंतराल में स्टैंड में दो बार लगी आग से हलकान रहे। अगलगी की भीषण वारदात की जांच के आदेश दिए गए हैं। फॉरेंसिक टीम केमिकल जांच के द्वारा आग लगी कि वास्तविक वजहों का खुलासा करेगी, वही जिन बस मालिकों के बस जले हैं उनसे पुलिस ने पूछताछ के लिए संदिग्धों के नाम मांगे हैं।

गुरुवार को 5 घंटे के अंतराल में खादगढ़ा बस स्टैंड में शेष पृष्ठ 11 पर

### आग लगना बड़ी साजिश

**एक** ही दिन में दो बार खादगढ़ा बस स्टैंड में लगी आग ने यह तो साफ कर दिया है कि यह किसी साजिश का नतीजा है। क्योंकि तीन अलग-अलग जगहों पर आग लगना कोई इत्तेफाक नहीं हो सकता है। मामले को लेकर रांची के सिटी एसपी शुभांसु जैन ने बताया कि पुलिस की तफ्तीश जारी है। इसके लिए फॉरेंसिक टीम के 5 सदस्य को जिम्मेवारी तो दी गई है साथ-साथ पुलिस भी अपनी जांच अलग से कर रही है। फॉरेंसिक जांच से यह स्पष्ट हो जाएगा कि किस ज्वलनशील द्रव का प्रयोग कर बसों को आग के हवाले किया गया। वही सिटी एसपी ने यह भी बताया कि जिन जिन लोगों के बस आग की वजह से नष्ट हुए हैं उन सब से संदिग्धों की सूची मांगी गई है। अगर बस मालिक संदिग्धों की सूची देते हैं या उन्हें लगता है कि किसी व्यक्ति के द्वारा उनके बस को आग लगाने की साजिश रची गई थी तो उस व्यक्ति से पूछताछ जरूर की जाएगी। सिटी एसपी के अनुसार केमिकल जांच के जरिए आग लगी के वास्तविक वजह का पता लगाया जा सकता है। इसकी जिम्मेवारी फॉरेंसिक टीम को दी गई है।

## अदा की गई 'ईद-उल-अजहा' की नमाज



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

बकरीद पर गुरुवार की सुबह रांची और आसपास क्षेत्रों के विभिन्न मस्जिदों और ईदगाहों में बकरीद की नमाज अदा की गई। इसके बाद लोगों ने एक-दूसरे के गले मिलकर बकरीद की मुबारकबाद दी। कुछ जगहों पर मस्जिद के बाहर भी नमाज अदा की गई। इस दौरान रांची पुलिस भी बेहद सतर्क है। संवेदनशील स्थानों पर सुबह पांच बजे से ही पुलिस बल मुस्तैद है। रांची में ईद उल अजहा को लेकर काफी उत्साह देखने को मिला। हालांकि, तीन दिनों से हो रही लगातार बारिश की वजह से थोड़ी खलल जरूर पड़ी। बारिश की वजह से ही रांची के हरमू रोड ईदगाह में कई वर्षों के बाद नमाज अदा नहीं की गई। अंजुमन इस्लामिया ने यह तय किया कि ईदगाह में इस बार नमाज अदा नहीं की जाएगी। भारी बारिश की वजह से यह फैसला लिया गया। रांची के मेन रोड, डोरंडा, हिंदपीढ़ी, बरियातू, कांके, पिठोरिया, अरगोड़ा सहित तमाम मस्जिदों में हल्की बूंदाबांदी के बीच ईद उल अजहा की नमाज अदा की गई।

### पुलिस अलर्ट, सभी थाना प्रभारी रहे मौजूद

बकरीद को देखते हुए राजधानी के सभी संवेदनशील इलाकों में पुलिस बल के साथ ड्रोन की टीम को भी तैनात किया गया था। सभी थाना प्रभारी नमाज के वक्त अपने अपने इलाकों में भ्रमणशील रहे। रांची में दो हजार पुलिस बलों की तैनाती की गई है। खासकर वैसे ही इलाके जहां बकरीद के समय पूर्व में सामाजिक सौहार्द्र बिगड़ा था, वहां विशेष निगरानी रखी जा रही है। सोशल मीडिया पर भी विशेष नजर पुलिस के द्वारा रखी जा रही है। रांची पुलिस के द्वारा एक दिन पूर्व ही यह संदेश जारी कर दिया गया था कि अगर कोई भी सामाजिक सौहार्द्र को बिगाड़ने की कोशिश करेगा तो उसे बख्शा नहीं जाएगा।

### सीएम हेमंत ने बकरीद पर राज्यवासियों को दी बधाई



गुरुवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने ईद-उल-अजहा के अवसर पर सभी को दिली मुबारकबाद दी। उन्होने कहा - त्याग, समर्पण और बलिदान का यह त्यौहार आप सभी के जीवन में समृद्धि लाए। आप सभी स्वस्थ और सुखी रहें, यही दुआ करता हूँ।

## सरयू राय के खिलाफ कोर्ट ने जारी किया गिरफ्तारी वारंट

**एजेंसी। पश्चिमी सिंहभूम**

प्रोत्साहन राशि मानहानि मामले में पूर्वी जमशेदपुर के विधायक सरयू राय के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी हुआ है। चाईबासा एमपी-एमएलए कोर्ट में उपस्थित नहीं रहने के कारण कोर्ट ने सरयू राय के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया। जानकारी के मुताबिक, मंत्री बन्ना गुप्ता ने चाईबासा के एमपी-एमएलए कोर्ट में सरयू के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी। इसमें कहा गया था कि विधायक सरयू राय ने



मंत्री बन्ना गुप्ता के खिलाफ राजनीतिक षडयंत्र के तहत सोशल मीडिया एवं विभिन्न अखबारों के जरिये गलत जानकारी और झूठे तथ्य प्रसारित किये हैं। इसमें कहा गया कि मंत्री बन्ना गुप्ता ने स्वयं एवं शेष पृष्ठ 11 पर

### बर्खास्त मेयर के जाति प्रमाण पत्र मामले की सुनवाई 6 जुलाई को

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट में गुरुवार को गिरिडीह के बर्खास्त मेयर सुनील कुमार पासवान की ओर से उनके जाति प्रमाण पत्र को गलत बताते हुए रद्द करने के आदेश के खिलाफ दायर अपील याचिका मामले की सुनवाई हुई। याचिकाकर्ता ने फिजिकल कोर्ट में सुनवाई करने का आग्रह करते हुए कोर्ट से समय की मांग की। कोर्ट ने विस्तृत सुनवाई के लिए छह जुलाई की तिथि निर्धारित की।

## रांची में पीएलएफआई के एरिया कमांडर सहित छह गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

जिले की तुपुदाना ओपी पुलिस ने पीएलएफआई के एरिया कमांडर सहित छह बदमाशों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से एक कारबाईन, दो अपाची बाइक, दो मोबाइल, एक देशी पिस्टल, दो गोली बरामद किया गया है। आरोपितों में पीएलएफआई का एरिया कमांडर कुंवर उरांव, महादेव मुंडा, नरेश उरांव, तेतरु उरांव, सुनील खलखो और बिरसा उरांव उर्फ बिरसा तिर्की शामिल हैं। सिटी एसपी शुभांशु जैन ने गुरुवार को प्रेस कांफ्रेंस में बताया कि तीन जून को तुपुदाना के हुडिदाग में दो बाइक, पांच मोबाइल और पांच छह हजार रुपये



लूट लिया गया था। इस संबंध में रवि तिर्की और जुड़ा मुंडा ने मामला दर्ज करवाया था। एसपी ने बताया कि छापेमारी टीम में तुपुदाना ओपी प्रभारी मीरा सिंह, अमित कुमार पासवान, एसएसपी क्यूआरटी टीम शामिल थी।

### रांची जेल अधीक्षक और जेलर से ईडी आज करेगी पूछताछ

**रांची।** मनी लाउंड्रिंग के आरोपियों की जेल की गतिविधियों को लेकर रांची जेल अधीक्षक हामिद अख्तर और जेलर नसीम खान से ईडी आज पूछताछ करेगी। ईडी ने 26 व 27 जून को हामिद अख्तर को मनी लाउंड्रिंग केस में गवाही के लिए समन किया था, लेकिन वह उपस्थित नहीं हुए थे। वहीं ईडी को गलत फूटेज भी उन्होंने 26 जून को भेजा था। ऐसे में ईडी ने नए सिरे से हामिद अख्तर को समन किया था। आज 11 बजे उन्हें रांची जोनल आफिस में हाजिर होने का नोटिस ईडी ने दिया है।

## मेडिकल कॉलेजों की संख्या 387 से बढ़कर 704 हुई, इस वर्ष रिकॉर्ड 52 नये कॉलेज

# भारत की चिकित्सा शिक्षा अपने स्वर्ण युग में

**एजेंसी। नई दिल्ली**

देश में मेडिकल कॉलेजों की संख्या 387 से बढ़कर 704 हो गई है। इस वर्ष 52 नये कॉलेज जोड़े गए हैं, जो अपने आप में एक रिकॉर्ड है। इसके साथ ही मेडिकल छात्रों के लिए स्नातक सीटें 52,000 से बढ़कर 1 लाख 7,000 और पोस्ट ग्रेजुएशन के लिए कुल सीटें 32,000 से 67,000 हो गई हैं।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने बताया कि 25 नये पाठ्यक्रम भी शुरू किए गए हैं। उन्होंने राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान परीक्षा बोर्ड (एनबीईएमएस) के 42वें स्थापना दिवस के अवसर पर इसकी जानकारी दी। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने प्रारंभ की गई पहलों और पाठ्यक्रमों के लिए संस्थान और गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों को बधाई देते हुए कहा कि पिछले दो वर्षों



के भीतर 25 पाठ्यक्रम शुरू किए गए हैं। यह विकास चिकित्सा छात्रों के लिए अधिक अवसर प्रदान करने, भारत सर्वोत्तम स्वास्थ्य सेवाओं और विशेषज्ञ डॉक्टरों को प्राप्त करने में सक्षम है।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने 9 पहलों का शुभारंभ किया, जिनमें मेडिसन में 11 नये एनबीईएमएस फेलोशिप पाठ्यक्रम, इमरजेंसी मेडिसिन में एनबीईएमएस डिप्लोमा, एनबीईएमएस परीक्षा कमांड सेंटर, कंप्यूटर आधारित टेस्ट के लिए एनबीईएमएस केंद्र, एनबीईएमएस गुड क्लिनिकल प्रैक्टिस दिशानिर्देश, संयुक्त प्रत्यायन कार्यक्रम और स्टैंड-अलोन प्रयोगशालाओं, नैदानिक केंद्रों की मान्यता, एनबीईएमएस कौशल और वर्चुअल प्रशिक्षण कार्यक्रम, एनबीईएमएस शिक्षकों के लिए फैकल्टी टाइटल और एनबीईएमएस मेडिकल लाइब्रेरी शामिल हैं।

इस अवसर पर राज्य मंत्री एसपी. सिंह बघेल ने कहा कि भारतीय डॉक्टरों की शक्ति और मूल्य ऐसा है कि विश्व के हर भाग में एक भारतीय डॉक्टर सेवा में मिलेगा। उन्होंने एबीएचए कार्ड को स्वतंत्रता के बाद भारत के सबसे बड़े विकास में से एक बताया, जो स्वास्थ्य सेवाओं को दूरवर्ती क्षेत्रों तक पहुंचने और वंचित समुदाय को लाभान्वित करने में सक्षम बनाता है।

उन्होंने कहा कि भारत की चिकित्सा शिक्षा अपने स्वर्ण युग में है। उन्होंने टॉपर्स से आग्रह किया कि वो अपने अनुभवों और प्रेरणाओं को छोटे शहरों और गांवों के कॉलेजों और स्कूलों के साथ साझा करें ताकि उन्हें आज के शिखर पर पहुंचने के लिए प्रेरित किया जा सके।

नेशनल बोर्ड ऑफ एग्जामिनेशन इन मेडिकल साइंसेज (एनबीईएमएस) भारत सरकार के स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय का एक स्वायत्त निकाय है। इसे अखिल भारतीय आधार पर आधुनिक चिकित्सा के क्षेत्र में परीक्षा आयोजित करने का कार्य सौंपा गया है। एनबीईएमएस पिछले 4 दशकों से चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में काम कर रहा है और गुणवत्ता वाले स्नातकोत्तर और पोस्टडॉक्टरल प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए विभिन्न अस्पतालों की अवसंरचना का उपयोग किया है।

स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक एनबीईएमएस प्रत्येक वर्ष नीट-पीजी, एनईईटी-एसएस और एनईईटी-एमडीएस परीक्षाओं का सफलतापूर्वक संचालन कर रहा है। एनबीईएमएस ने विभिन्न विशिष्टताओं में 12,000 से अधिक पीजी सीटों के साथ 1100 से अधिक अस्पतालों को मान्यता दी है।

## झामुमो अध्यक्ष शिबू सोरेन ने रेलमंत्री को लिखा पत्र

# जनजातीय और बांग्ला भाषाओं का भी करें प्रयोग

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झामुमो के अध्यक्ष सह राज्यसभा सदस्य शिबू सोरेन ने गुरुवार को केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को पत्र लिखा है। उन्होंने रेल मंत्री से आग्रह किया है कि झारखंड सरकार से परामर्श लेकर बांग्ला भाषा निवासी स्थानों को चिन्हित कर अविलम्ब जनजातीय भाषाओं के साथ बांग्ला भाषा का भी प्रयोग अनिवार्य किया जाय। पत्र के जरिए कहा गया है कि झारखंड के सभी रेल स्टेशन एवं हॉल्ट में नाम पट्टिकाओं में अंग्रेजी, हिन्दी, बांग्ला एवं कई विशेष स्थानों पर उड़िया शब्दों में स्थान का नाम लिखा होता था। संथाल भाषा के मान्यता के पश्चात संथाली भाषा में भी नामकरण किया जाने लगा। झारखंड के संथाल




परगना, मानभूम सिंहभूम, धालभूम एवं पंचपरगना क्षेत्रों में बंग्लाभाषी लोगों की एक विशाल आबादी की संख्या है। पत्र में सोरेन ने लिखा है कि राज्य के पाकुड़, बडहवा, जामताड़ा, मिहिजाम, मधुपुर, जसीडीह, मैथन, कुमारधुबी, चिरकुण्डा, कालुबथान, धनबाद, गोमो, पारसनाथ, हजारीबाग रोड मूरी, रांची, हटिया, चाकुलिया, गालूडीह, राखा माईन्स, टाटानगर, चाण्डील, कान्ड्रा, चक्रधरपुर, चाईबासा, शेष पृष्ठ 11 पर

# ट्रिपल टेस्ट को लेकर सरकार की मंशा साफ नहीं : सांसद



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सह सांसद दीपक प्रकाश ने ट्रिपल टेस्ट को लेकर राज्य सरकार की मंशा साफ नहीं होने की बात कही है। उन्होंने गुरुवार को बयान जारी कर कहा कि राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग का अभी तक पूर्ण गठन नहीं हुआ। आयोग अध्यक्ष विहीन है और दूसरी ओर राज्य सरकार कैबिनेट की बैठक में पिछड़ा वर्ग आयोग से ट्रिपल टेस्ट कराने का निर्णय लेती है। उन्होंने कहा कि यह सरकार पहले नामांकन फिर बाद में स्कूल खोलने पर विचार करती है। दीपक प्रकाश ने कहा कि हेमंत सरकार की नीति और नियत में ही खोट है। राज्य सरकार की मंशा साफ रहती तो पंचायत चुनाव में पिछड़ों के हक को सरकार नही मारती। पंचायतों में भी पिछड़े समाज को उचित प्रतिनिधित्व मिलता, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। अब नगर निकाय चुनाव में भी राज्य सरकार पिछड़ा समाज को धोखा देने की तैयारी में है। उन्होंने कहा कि आखिर यह सरकार अध्यक्ष विहीन पिछड़ा वर्ग आयोग से कैसा ट्रिपल टेस्ट कराना चाहती है?

**यूरिया सब्सिडी योजना जारी रहेगी, भारत यूरिया में आत्मनिर्भर बनने की राह पर :** वहीं केंद्र सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए दीपक प्रकाश ने कहा कि नरेंद्र मोदी सरकार ने किसानों को करों और नीम कोटिंग शुल्कों को छोड़कर 242 रुपये प्रति 45 किलोग्राम की बोरी की समान कीमत पर यूरिया की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए यूरिया सब्सिडी योजना को जारी रखने की मंजूरी दे दी है। पैकेज में तीन वर्षों (2022-23 से 2024-25) के लिए यूरिया सब्सिडी को लेकर लगभग 3.70 लाख करोड़ रुपये आवंटित करने के लिए प्रतिबद्धता व्यक्त की गई है। यह पैकेज हाल ही में अनुमोदित 2023-24 के खरीफ मौसम के लिए 38,000 करोड़ रुपये की पोषक तत्व आधारित सब्सिडी (एनबीएस) के अतिरिक्त है। मोदी सरकार के इस निर्णय पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को झारखंड भाजपा की ओर से भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने बधाई दी है। उन्होंने कहा है कि मोदी सरकार किसानों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है।

**हेमंत सरकार की नीति और नियत में ही खोट है**

**मोदी सरकार के इस निर्णय पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को झारखंड भाजपा की ओर से भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने बधाई दी है**

# अज्ञात वाहन की चपेट में आने से 55 वर्षीय व्यक्ति की मौत




**नवीन मेल संवाददाता। सिल्ली**

सिल्ली थाना अंतर्गत सिल्ली टाटा मार्ग पर झाबरी पेट्रोल पंप के समीप श्याम नगर निवासी स्वर्गीय गोपीनाथ महतो के पुत्र गौर चंद्र महतो उम्र 55 वर्ष बुधवार की देर शाम करीब 8:30 बजे के लगभग अज्ञात वाहन की चपेट में आने से दर्दनाक मौत हो गई। जानकारी के अनुसार मृतक सोनाहातू थाना क्षेत्र के कोटाप गांव अपने दामाद के घर पैदल भोज खाने जा रहे थे। इसी क्रम में किसी अज्ञात वाहन की चपेट में आने से उनके घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई। घटना की सूचना पाकर सिल्ली पुलिस गंभीर अवस्था में सिल्ली सरकारी अस्पताल लाया गया। जांच के दौरान उसे मृत घोषित कर दिया गया। सिल्ली थाना द्वारा शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स रेफर कर दिया गया।

## आईएएस -आईपीएस अधिकारियों को अतिरिक्त प्रभार

**रांची।** राज्य सरकार ने दो- दो आईएएस व आईपीएस अधिकारियों को अतिरिक्त प्रभार दिया है। पंचायती राज विभाग के प्रधान सचिव राजीव अरूण एक्का को अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक व पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के प्रधान सचिव व महिला बाल विकास व समाजिक सुरक्षा विभाग के सचिव कृपानंद झा को परिवहन सचिव व परिवहन आयुक्त का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। वहीं गृह विभाग ने जैप डीआईजी सुनील भास्कर को होमगार्ड व अग्निशमन सेवाएं विभाग में डीआईजी व जैप 1 कमांडेंट वाई एस रमेश को होमगार्ड व अग्निशमन सेवाएं विभाग में कमांडेंट का अतिरिक्त प्रभार दिया है।

## बकरीद का पर्व धूमधाम से मनाया गया



**सिल्ली।** सिल्ली मुरी सहित आसपास के मुस्लिम क्षेत्र में गुरुवार को ईद उल अजहा(बकरीद)का त्यौहार धूमधाम से मनाया गया। ईद उल अजहा पर क्षेत्र के मस्जिदों में लोगों ने नमाज अदा कर खुदा से अमन,चैन की दुआ मांगी। इस दौरान मस्जिदों में बड़ी संख्या में भीड़ देखी गई हालांकि मौसम का मिजाज हल्का खराब रहा,लेकिन नमाज के समय बारिश थमी रही नमाज के बाद लोगो ने एक-दूसरे के गले मिल ईद उल अजहा की मुबारकबाद दी। महिलाएं भी अपने अपने घरों में ईद उल अजहा की नमाज अदा की और अमन चैन की दुआ मांगी एवं बड़े छोटों को बधाई दी। बता दें कि इस्लाम के मुताबिक साल में दो बार ईद मनाई जाती है एक ईद उल अजहा और दूसरा ईद उल फितर। ईद उल फितर को मीठी ईद भी कहा जाता है, इसे पाक महीने की रमजान शेष होने के बाद मनाया जाता है, वहीं बकरीद मीठी ईद के करीब 70 दिनों बाद मनाई जाती है। बकरीद पर मस्जिदों में नमाज अदा करने के बाद मुस्लिम सुमदाय में कुर्बानी देते हैं। इसलिए इस्लाम धर्म में प्रमुख त्योहारों में से एक बकरीद को ईद उल अजहा के नाम से भी जाना जाता है। त्योहार के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए सिल्ली थाना एवं मुरी ओपी क्षेत्र में लगातार गस्त करती रही।

## पद्मश्री सिमोन उरांव के इलाज के लिए बना आयुष्मान कार्ड

**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड के जामटोली रोड़ स्थित पद्मश्री सिमोन उरांव के आवास में गुरूवार को अंचलाधिकारी सुमंत तिर्की के उपस्थिति में आयुष्मान कार्ड के लिए निबंधन किया गया।गज्ञात हो कि पद्मश्रीं सिमोन लगभग एक साल से पैरालाइसिस से पीड़ित हैं। मौके पर अंचलाधिकारी सुमंत तिर्की ने कहा कि सिमोन बाबा लम्बे समय से बीमार हैं। जिन्हें देखकर ईलाज के लिए आयुष्मान कार्ड बनाया जा रहा है। जिस कार्ड से पांच लाख तक की चिकित्सा सुविधा मुफ्त मिलेगा। उन्होने आगे कहा कि इनकी बेहतर चिकित्सा सुविधा के लिए हर संभव प्रयास किया जायगा। हमलोग बीडीओ डा प्रवीण कुमार के साथ बैठक कर सिविल सर्जन को भी आवेदन लिखेंगे। इस मौके पर प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी संजय तिर्की, प्रज्ञा संचालक शाहिद अंसारी साथ में थे।

## बाबूलाल का सनसनीखेज आरोप

# जमीन कब्जाने के लिए छुट्टी लेते थे आईपीएस



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची में जमीन घोटाले को लेकर ईडी जांच में रेस है। वहीं जमीन घोटाले में आईपीएस अधिकारियों व पुलिस की भूमिका को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री सह भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी ने सनसनीखेज आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा है कि जिस दिन रांची में बेशकीमती जमीन पर कब्जा किया जाना होता था, रांची में पोस्टेड रहे एक आईपीएस अधिकारी उस दिन छुट्टी ले लेते थे, ताकि पीड़ित पक्ष अगर उनसे संपर्क करे तो वह छुट्टी का बहाना बना सकें, साथ ही अगर लूट की जांच हो तो छुट्टी का आवरण ओढ़ वह जांच से बच सके। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि रांची में तीन सालों में जमीन लूट में शामिल मुख्यमंत्री के पारिवारिक मित्र अमित अग्रवाल जेल में हैं। तत्कालीन डीसी छवि रंजन भी ईडी की जांच के बाद सलाखों के पीछे हैं। लेकिन ईडी को अब उन पुलिस पदाधिकारियों की जांच करनी चाहिए जो लूट में बराबर के भागीदार रहे। प्रशासनिक अधिकारी के जेल जाने के बाद ये पुलिस पदाधिकारी चूहे की तरह बिल में छुपे हुए हैं। ईडी जांच रूपी गर्म पानी डाल कर इन्हें बिल से निकाल हवालात में डाले। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि जमीन कब्जे के लिए पुलिस बलों की तैनाती करने वाले अफसर लूट में बराबर के भागीदार हैं। उन्होंने ईडी से मांग की कि पैसे लेकर पुलिस बल का दुरूपयोग कराने वाले पुलिस अफसरों को मनी लांड्रिंग के दायरे शामिल कर जांच और कारवाई करे। बाबूलाल ने कहा है कि उन्होंने सुना तो यह भी है कि जमीन लूट के टास्क में कहीं एक इंच भी जमीन छूट तो नहीं गई, यह देखने बड़े लोग खुद भी रात के अंधेरे में लूट कर खड़ी की गई विरासत को देखने बाईक से पहुंचते थे।

## करंट लगने से एक गाय व चार बकरी की मौत, मुआवजे की मांग

**बेड़ो।** बेड़ो थाना क्षेत्र के तुको टेंगरिया गांव में बुधवार की अपराह्न लगभग चार बजे खेत जाने वाली कच्ची रास्ते पर करंट की चपेट में आने से एक दुधारू गाय व चार बकरी की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। पांचों मवेशी टेंगरिया गांव निवासी रंजीत कुजुर की है। इस संदर्भ में भुक्तभोगी रंजीत ने बताया कि पांचों पशुओं को बुधवार की अपराह्न लगभग चार बजे चराने के लिए वे कच्ची रास्ते से खेत की ओर ले जा रहे थे। इसी दौरान पांचों मवेशी करंट की चपेट में आ गए। जिससे घटनास्थल पर ही पांचों की मौत हो गई। इधर घटना की जानकारी मिलने पर मुखिया प्रतिनिधि अजित तिर्की व वार्ड सदस्य सतीश कुमार सिंह पीड़ित के घर पहुंचे। उन्होंने सांत्वना देते हुए अंचलाधिकारी से बात कर उन्हें आपदा प्रबंधन के तहत मुआवजा दिलाने की बात कही। वहीं किसान रंजीत कुजुर का कहना है कि पांचों पशुओं की मौत से उनकी कमर टूट गई है।

## देवशयनी एकादशी के अवसर भक्तजनों ने लगाई हाजिरी



**रांची।** हरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर में गुरुवार को देवशयनी एकादशी के अवसर पर प्रातः से ही श्री श्याम दरबार में बड़ी संख्या में भक्तजनों ने हाजिरी लगाई। प्रातः श्रंगार करके प्रातः 8:30 बजे श्रृंगार आरती व दोपहर 12:00 बजे भोग व शंख आरती करके मंदिर के पट बंद कर दिए गए। विश्राम के बाद एकादशी समारोह की सजावट प्रारंभ की गई। श्री श्याम मित्र मंडल के पहले महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया ने बताया कि तीनों मंदिरों का नया पर्दा लगाया गया। खाटू नरेश के गर्भ गृह में नया चंदवा लगाकर नया बागा (वस्त्र) पहनाया गया। कोलकाता से मंगाए गए सुगंधित फूल-लाल गुलाब, पीला गुलाब, तुलसी दल, मुरगन, की फूल मालाओं से सजाया गया। श्री श्याम मंदिर में विराजमान लड्डू गोपाल, शालिग्राम जी, शिव परिवार, हनुमान जी, रिद्धि सिद्धि, प्राचीनतम चित्रों व गुरुजनों का भी भव्य दिव्य विशेष श्रृंगार किया गया। मंडल के मंत्री श्यामसुंदर शर्मा, मंदिर के पहले आचार्य रत्नाकर शर्मा के नेतृत्व में सभी आचार्यों ने गर्भ गृह की सजावट की सेवा की।

## टैक्स डिफॉल्टर और ओवरलोडेड वाहनों की जांच

# 137 वाहनों से वसूला गया 126750 रुपये का जुर्माना



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

जिला परिवहन पदाधिकारी, रांची प्रवीण प्रकाश द्वारा खेलगांव क्षेत्र में वाहन जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान टैक्स डिफॉल्टर्स, ओवरलोडेड, बिना परमिट, प्रदूषण प्रमाण, बिना लाइसेंस, बिना हेलमेट, सवारी गाड़ी में क्षमता से अधिक यात्री बैठाने एवं वाहन संबंधी अन्य कागजातों की जांच जिला परिवहन पदाधिकारी द्वारा की गई। वाहन जांच के दौरान कुल 137 वाहनों की जांच की गई। बारी-बारी से सभी वाहनों के दस्तावेजों की जांच की गई, जिसमें 19 वाहनों के कागजात सही नहीं पाए गए। कुल 19 वाहनों (मालवाहक वाहनों, हाइवा, सवारी वाहन, दो पहिया आदि) से 01 लाख 26 हजार 750 रुपये का जुमार्ना वसूला गया। जिला परिवहन पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि वाहनों की जांच निरंतर जारी रहेगी। उन्होंने सभी वाहन स्वामियों/ चालकों से वाहन संबंधित सभी कागजात अद्यतन रखने को कहा है। साथ ही उन्होंने कहा कि वाहनों में लदान क्षमता के अनुसार ही परिवहन करें। प्रवीण प्रकाश ने कहा कि सवारी वाहनों में भी क्षमता से अधिक यात्रियों को बैठाने पर कार्रवाई की जाएगी।

## डेहकेला में तोड़फोड़, दो गुटों में टकराव की स्थिति

**रांची।** मुरहू के डेहकेला गांव निवासी मथुरा कंडीर द्वारा अपने वंश के खतियानी रैयती जमीन पर डेढ़ माह पूर्व 15 मई को अपने पूर्वजों का पारंपरिक स्मारक संस्कार (दिरी चपि) संपन्न कर पूर्वजों का जो स्मारक पत्थर (ससन दिरि) स्थापित किया था, उसे गांव के ही दूसरे पक्ष के आदिवासी समाज के लोगों ने गुरुवार को तोड़फोड़ कर पूरी तरह से नष्ट कर डाला। इस संबंध में मथुरा कंडीर ने मुरहू थाने में एक लिखित शिकायत समर्पित कर आरोपितों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई करने और नष्ट किए गए उनके पूर्वजों के स्मारक पत्थर को पुनः विधि सम्मत स्थापित कराने की मांग की है। लगभग ढाई बजे विनय ओड़ेया, मुचिराय ओडेया, राजेन ओडेया जगरनाथ मुंडा, करमू ओड़ेया सहित उनके परिवार के लगभग दो दर्जन महिला-पुरुष रिवाल्वर, बंदूक, कुल्हाड़ी, घाना (बड़ा हथौड़ा) फरसा, लाठी- डंडा, तीर-धनुष आदि हथियारों से लैस होकर उनके घर-आंगन में घुस आए और भद्दी भद्दी गालियां देते हुए घर के पिछवाड़े में स्थापित पूर्वजों के स्मारक पत्थरों को तोड़कर पूरी तरह से नष्ट कर डाला।

## एआईएसएमजेडब्ल्यूए के रांची जिला ग्रामीण कमिटी की चयन

# अमित दत्ता जिला अध्यक्ष व कमलेश दुबे बनाए गए जिला महासचिव





**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

ऑल इंडिया स्मॉल मीडियम जर्नलिस्ट वेलफेयर एसोसिएशन के द्वारा गुरुवार को जिला कमेटियों का चयन किया गया। जिसमें रांची जिला ग्रामीण कमेटी का भी चयन किया गया जिसमें बुंडू प्रखंड क्षेत्र के अमित दत्ता को ग्रामीण जिला अध्यक्ष तथा सिल्ली प्रखंड के कमलेश दुबे को महासचिव मनोनीत किया गया है। इन दोनों के रांची जिला कमेटी में अध्यक्ष तथा महासचिव बनाए जाने पर ऑल इंडिया स्मॉल एंड मीडियम जर्नलिस्ट वेलफेयर एसोसिएशन के झारखंड बिहार बंगाल प्रभारी प्रीतम सिंह भाटिया ने उन्हें धन्यवाद दिया है। संगठन के समरूप कार्य कर पत्रकारों के हित में सदैव खड़े रहने के लिए कहा गया है। इस मौके पर मनोनीत हुए अध्यक्ष अमित दत्ता तथा महासचिव कमलेश दुबे ने नए दायित्व मिलने पर संगठन के वरीय पदाधिकारियों को धन्यावाद दिया है। उन्होंने भरोसा दिलाया है कि संगठन के मजबूती के लिए सभी कार्यो पर बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेते हुए पत्रकार के हित में सदा खड़ा रहेंगे। इनके मनोनयन पर संगठन के प्रदेश अध्यक्ष शैलेन्द्र जायसवाल बंटी, प्रदेश महासचिव प्रविन्द पांडेय, प्रदेश प्रवक्ता अरुण मांझी, प्रमंडल अध्यक्ष दिनेश बनर्जी सहित संगठन के कई पदाधिकारियों ने शुभकामनायें दी है।

## खलारी प्रखंड के भाजपा नेता झापा में शामिल

**रांची।** झारखंड पार्टी के केंद्रीय कार्यालय हरमू में गुरुवार को खलारी प्रखंड के कई लोगों ने पार्टी की सदस्यता ली। इनमें कई नेता लंबे समय तक भाजपा और झामुमो में शामिल रहे हैं। इस अवसर पर प्रधान महासचिव सह पूर्व राज्यमंत्री अशोक भगत ने कहा कि झारखंड पार्टी ना जात की ना पात की है यह तो सिर्फ विकास की है। खदानों में लूट- खसोट बदस्तूर जारी है। राज्य में झारखंड पार्टी ही जल जंगल जमीन संरक्षण को लेकर लोगों तक पहुंच रही है। अशोक भगत ने कहा कि राज्य की सबसे पुरानी पार्टी झापा है, जो यहां के आदिवासी, मूलवासी, दलित, शोषित पिछड़े, अल्पसंख्यक के हक की आवाज थी और हमेशा रहेगी। महिला नेता अंशु लकड़ा ने कहा कि झारखंड पार्टी हमेशा की तरह महिलाओं के सम्मान, रोजगार और राजनीति में बराबरी का दर्जा देने के लिए वचनबद्ध है। आज पार्टी में महिलाओं की भागीदारी बढ़ती जा रही है।

**भीड़** सैकड़ों श्रद्धालुओं ने आस्था के साथ खींचा भगवान का रथ

# मौसी बाड़ी से मुख्य मंदिर पहुंचे भगवान जगरनाथ



**नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो / लापुंग**

बेड़ो प्रखंड के प्रसिद्ध चनकोपी और ईटाचिल्दरी सहित लापुंग प्रखंड के लेटे घुरती रथयात्रा भगवान के विग्रहों के मौसी बाड़ी से मुख्य मंदिर पहुंचते ही घुरती रथयात्रा सम्पन्न हो गया। पूर्व जमींदारों के वंशजों ने वैदिक मंत्रोचार के साथ महाप्रभु जगन्नाथ स्वामी सहित बड़े भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा के विग्रहों की विधिवत पूजा अर्चना की। भगवान को भोग प्रसाद निवेदित किया और महाआरती कार्यक्रम का आयोजन किया। जगन्नाथ स्वामी मंदिर चनकोपी के मुख्य पूजारी नर्मदेश्वर मिश्रा के वैदिक पूजा अर्चना के बाद पूर्व जमींदार के वंशज लाल सुजीत शाहदेव तथा लाल संजय नाथ शाहदेव की अगुवाई में भगवान जगन्नाथ स्वामी के रथ को श्रद्धालुओं ने मौसी बाड़ी से प्रस्थान कर रथ को खींचते हुए मुख्य मंदिर तक पहुंचाया। चनकोपी घुरती रथ यात्रा में मुख्य रूप से पूर्व जमींदार के वंशज लाल राधेश्याम नाथ शाहदेव लाल, लाल सतीश नाथ शाहदेव, लाल सुजीत नाथ शाहदेव, मनमोहन महतो रामवृक्ष महतो काशी महतो समेत कई लोगों ने अहम भूमिका निभाई। वहीं दूसरी ओर लापुंग के प्रसिद्ध व ऐतिहासिक लेटे में घुरती रथयात्रा के दौरान गुरुवार को सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भगवान के रथ को खींचा और रथ को खींचकर श्री मंदिर पहुंचाया । लेटे घुरती रथयात्रा के दौरान सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भगवान के खींचे और भगवान जगन्नाथ स्वामी बड़े भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा को मुख्य मंदिर पहुंचाया । इस मौके पर विशेष रुप से पूर्व जमींदार के वंशजों क्रमशः विजय कुमार लाल, दुर्जय कुमार लाल और धनंजय कुमार लाल के साथ मिलकर भगवान जगन्नाथ स्वामी बड़े भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा के रथ को खींचा। इस मौके पर मंदिर के मुख्य पुजारी सीताराम दास और कंचन कुमार दास के नेतृत्व में जमींदार के वंशजों ने भगवान के विग्रहों को एक बार फिर रथारूढ़ किया । घुरती रथ यात्रा के दौरान रथ को खींचने तथा रथयात्रा मेला को सफल बनाने में पूर्व जमींदार के वंशजों क्रमशः विजय कुमार लाल, दुर्जय कुमार लाल, अजय कुमार लाल, धनंजय कुमार लाल, रविकांत लाल शशिकांत लाल रोहित कुमार लाल, बब्बर लाल, प्रदीप लाल, नीलम देवी अनीता देवी गायत्री देवी, शिल्पी सिन्हा, ज्योति सिन्हा, गुड़िया सिन्हा, रानी, सोनी, वाणी, धानी, सृष्टि चित्रा, अभिषेक राज ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## हटिया विधानसभा में बीजेपी ने चलाया जनसंपर्क अभियान

**रांची।** सांसद संजय सेठ द्वारा गुरुवार को हटिया विधानसभा के अंतर्गत विभिन्न जगहों पर जनसंपर्क अभियान चलाया गया सांसद सेठ ने हटिया विधानसभा के अंतर्गत पंडरा मंडल के बजरा के बूथ संख्या 245 से 252 तक कुल 16 बूथों पर जनसंपर्क अभियान चलाकर स्थानीय लोगों के साथ संवाद एवं उनकी समस्याओं से अवगत हुए जनसंपर्क अभियान के तहत सांसद सेठ ने लोगों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 9 साल के उपलब्धियों के बारे में जानकारी दी । सांसद संजय सेठ ने जनसंघ काल के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर उन्हें शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया सम्मानित करने वाले लोगों में समाजसेवी डॉक्टर तथा समाज के प्रबुद्ध लोग शामिल है मेजर कोठी बजरा निवासी सुनील सिंह अजय सिंह हरजीत जग्गी को सांसद सीट ने अंग वस्त्र प्रदान कर उनका आशीर्वाद लिया। बजरा स्थित जसलोक अस्पताल के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ जितेंद्र कुमार सिन्हा का स्वागत किया तथा पारा मेडिकल स्टाफ को पत्रक देकर मोदी के 9 साल के कार्यों से अवगत कराया।

# महाबीर मंदिर प्रांगण में अखंड हरिकीर्तन व हवन हुआ संपन्न



**नवीन मेल संवाददाता। मांडर**

मांडर महाबीर मंदिर अखंड हरिकीर्तन समिति सोसई आश्रम द्वारा आहूत 24 घंटे का अखंड हरिकीर्तन पूरे विधि विधान के साथ पूजा अर्चना पश्चात हवन करने के साथ सम्पन्न हुआ। कल बुधवार को लगभग 10 बजे बजरंग बली की पूजा अर्चना के साथ प्रारंभ इस 24 घन्टे के अखंड हरि कीर्तन में केन्द्रीय कीर्तन मंडली के कई गांवों की कीर्तन मंडलियों ने ससमय कीर्तन में भाग लेकर इस आयोजन को सफल बनाया। महाबीर मण्डल कीर्तन समिति के भुवनेश्वर सिंह, जितेन्द्र प्रसाद गुप्ता, बहुरा एक्का,बसन्त सिंह, विकास तिवारी,अध्यक्ष रामनरेश गिरी, गोपाल साहू, खिलेश्वर साहू, मदन प्रजापति, हरीश दुबे, गिरीश दुबे,उत्तम साहू, विजया सिंह, प्रतिमा देवी, सुरजमनी देवी, आरती देवी, सावित्री देवी, संदीप गुप्ता,प्रकाश मिस्त्री,कुलदीप मिश्रा, पंडित विनायक शर्मा,डॉ. संजय प्रसाद सहित अन्य का आयोजन में सराहनीय योगदान रहा।लगातार दिन रात हो रही बारिश के बावजूद भक्तों का दिन रात इस अखंड हरिकीर्तन में सम्मिलित होकर सफल बनाने का उत्साह समापन समारोह तक लगातार देखते को मिलता रहा। पुरुषों से अधिक स्थानीय एवं विभिन्न क्षेत्रों की महिलाओं ने इस आयोजन का हिस्सा बनकर स्त्री शक्ति की भक्ति भावना को बढ़ चढ़ कर प्रदर्शित किया।हरे रामा हरे रामा राम रामा हरे हरे, हरे कृष्णा हरे कृष्ण कृष्णा हरे हरे की कीर्तन गायन पर इनका झूम कर नृत्य के साथ भक्ति में झूमना अविस्मरणीय रहा।सभी आगन्तुकों के लिए महाबीर मंदिर समिति के पांच भक्त जो चार धाम यात्रा कर वापस लौटे हैं उन्होंने 24 घंटे निर्बाध भक्तों के लिए खीर, बुंदिया, पूड़ी, सब्जी के भंडारे तथा निरंतर चाय सुलभ करा कर पुण्य का लाभ उठाया। मौके पर पप्पू सिंह, दिनेश साहू, सुरेन्द्र साहू, हीरा साहू,दिलीप साहू, धनन्जय साहू,सहित अन्य मौजूद थे।

# आजादी के अमृत महोत्सव में भारत के हर घर तक पहुंची बिजली : सांसद




**नवीन मेल संवाददाता। रांची** आजादी के अमृत महोत्सव को मनाते हुए गुरुवार को आईएमए भवन में आयोजित बिजली उत्सव के मंच से रांची के लोकसभा सांसद संजय सेठ ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में शुरू की गयी जनकल्याणकारी प्रधानमंत्री सहज बिजली योजना के अंतर्गत देश के हर कोने तक विद्युत संरचना को स्थापित करने की उपलब्धि को ऐतिहासिक बताते हुए कहा, ₹दीनदयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना के अंतर्गत आज भारत के हर कोने तक बिजली पहुंच गई है, इस योजना को महज 6 सालों में क्रियान्वित किया गया है जो कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जैसे कुशल राजनेता के दिशा निर्देश में संभव था। साल 2015 से 2021 तक चली इस योजना के अंतर्गत न सिर्फ भारत के हर टोले तक बिजली पहुंचाने का काम केंद्र सरकार ने किया अपितु गरीबी रेखा के नीचे रहने वाले नागरिकों को निशुल्क बिजली का कनेक्शन दिया, बिजली जैसी मूलभूत सुविधा को जनता से दूर रखकर पूर्व की कांग्रेस सरकार ने जनता को ठगने और पीछे धकेलने का काम किया है। सौभाग्य योजना से 11 लाख 41 हजार लोग अब तक लाभान्वित हो चुके हैं और इस परियोजना को सफलतापूर्वक करने के लिए केंद्र सरकार ने 472 करोड़ रुपए लगाए हैं, प्रधानमंत्री सहज बिजली योजना के अंतर्गत अब तक 25,000 गांव तक बिजली पहुंचाई जा चुकी है जिसकी लागत लगभग 5,500 करोड़ रुपये हैं। इस योजना के अंतर्गत अब तक गरीबी रेखा के नीचे रहने वाले 2 लाख 48 हजार परिवार लाभान्वित हो चुके हैं और उन्हें निशुल्क बिजली का कनेक्शन दिया जा चुका है, सांसद संजय सेठ ने जानकारी दी। झारखण्ड में कुल 25 केवीए के 55,000 नए ट्रांसफार्मर लगे हैं, इन्हें लगवाने के लिए केंद्र सरकार ने 3,500 करोड़ का अनुदान दिया है, संजय सेठ ने बताया, इस मौके पर उन्होंने रांची जिला में लगे 1369 नए ट्रांसफॉर्मरों को केंद्र सरकार की राँचीवासियों को सौगात बताया, ₹इन ट्रांसफॉर्मरों को बनाने में कुल 430 करोड़ की लागत आयी, जिसका 60 प्रतिशत केंद्र सरकार ने दिया। इससे गरीबी रेखा के नीचे रहने वाले कुल 26,382 परिवार लाभान्वित हुए और उनके जीवन में रौशनी आयी। केंद्र सरकार की भविष्यवादी योजना, आरडीएसएस के बारे में बताते हुए लोकसभा सांसद न कहा कि, भारत आज ना सिर्फ बिजली का उत्पादन कर रहा है अपितु अपने तकनीक में सुधार कर रहा है। आज भारत विद्युत उत्पादन में 3200 करोड़ रुपये बचा रही है। भविष्य में भारत विश्व में ऊर्जा का बड़ा निर्यातक बनने जा रहा है,₹ संजय सेठ ने बतलाया।

## छेड़खानी का आरोप लगाने वाली महिला अदालत में मुकरी, आरोपी बरी

**रांची।** तमाड़ की रहनेवाली एक महिला ने कमलेश महतो नामक व्यक्ति के खिलाफ घर में घुसकर छेड़खानी करने का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई थी। उसी महिला ने अदालत में गवाही के दौरान कहा कि कमलेश महतो ने मेरे साथ कोई छेड़खानी नहीं की है, न ही वह मेरे घर आया था। मैंने कोई लिखित प्राथमिकी दर्ज नहीं कराई थी, न ही इसके बारे में कोई जानकारी है। महिला के इस बयान के बाद न्यायिक दंडाधिकारी ऐश्वर्या श्रीवास्तव की अदालत ने आरोपी कमलेश महतो को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया। महिला कविता देवी ने घर में घुसकर छेड़खानी के आरोप में तीन अक्तूबर 2021 को तमाड़ थाना में नामजद प्राथमिकी( कांड संख्या 71/21) दर्ज कराई थी। लेकिन गवाही को दौरान पूर्व के बयान से पूरी तरह से मुकर गई, जिसका लाभ आरोपी को मिला।

## दीपक प्रकाश ने पूर्व अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी से की मुलाकात



**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद दीपक प्रकाश ने गुरुवार को संपर्क से समर्थन अभियान के तहत रांची के डीबडीह में आठ बार इंटरनेशनल हॉकी में भारत का नाम रोशन करने वाली कांति बा और उनके 16 वर्ष के पुत्र और नेशनल बास्केटबॉल प्लेयर अनिक लकड़ा से मुलाकात की। इस दौरान भाजपा प्रदेश मंत्री काजल प्रधान एवं प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रागिनी सिन्हा उपस्थित थीं।

## राजधानी एक्सप्रेस के इंजन का करंट वायर टूटा बीच रास्ते में एक घंटे खड़ी रही ट्रेन



**रांची।** दिल्ली से रांची आ राजधानी एक्सप्रेस के इंजन का लाइन करंट वायर गुरुवार को रांची-लोहरदगा लाइन के टांगरसबसली स्टेशन के समीप अलग होकर गिर गया। इस वजह से बीच रास्ते में करीब एक घंटे तक ट्रेन खड़ी रही। इंजन में खराबी आने से यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। ट्रेन निर्धारित समय से एक घंटे की देरी से 10.15 बजे रांची रेलवे स्टेशन पर पहुंची। रेलवे के अधिकारियों ने बताया कि आंधी-तूफान और अत्यधिक बारिश के कारण इंजन से लाइन करंट वायर अलग हो गया था। सूचना मिलने के बाद इसे ठीक करा लिया गया है। यह ट्रेन दिल्ली से रांची आ रही थी।

### दस दिवसीय जगन्नाथ महोत्सव का हुआ समापन

# कलाकारों ने अपने कला का मनवाया लोहा




**नवीन मेल संवाददाता। रांची** सांस्कृतिक कार्य निदेशालय, पर्यटन कला संस्कृति खेलकूद एवं युवा कार्यविभाग, झारखंड सरकार की ओर से आयोजित जगन्नाथ महोत्सव 2023 का रंगारंग समापन हो गया। दस दिवसीय जगन्नाथ महोत्सव के अंतिम दिन की शुरूआत सुरेंद्र कुमार (उप निदेशक, सांस्कृतिक कार्य निदेशालय), पद्मश्री मुकुंद नायक, पद्मश्री मधु मंसूरी, महावीर नायक, मनपुरन नायक देवदास विश्वकर्मा, विवेक कुमार, संयोजक चंद्र देव सिंह एवं संयोजक डॉक्टर जयकांत इंदवार के सामूहिक दीप प्रज्ज्वलित के साथ हुआ। दीप प्रज्ज्वलित के बाद झारखंड की पारंपरिक लोक गीत नृत्य की शानदार झलक प्रस्तुत की गई। विशेष प्रस्तुति में पद्मश्री मुकुंद नायक, पद्मश्री मधु मंसूरी, महावीर नायक, मनपुरन नायक एवं देवदास विश्वकर्मा ने एक एक कर अपनी शानदार प्रस्तुति से सभी दर्शकों को झूमने के लिए मजबूर कर दिया ' विशेष प्रस्तुति के बाद नवयुवक संस्थान रांची की ओर से सृष्टिधर महतो और उनके दल ने मानभूम छाऊ प्रस्तुति की गई। सांस्कृतिक कार्यक्रम की अगली प्रस्तुति में केंद्रीय युवा सरना संगोम समिति खूंटी की ओर से श्री लखन गुड़िया और उनके दल ने मुंडारी लोक नृत्य की अद्भुत प्रस्तुत की गई। मुंडारी लोक नृत्य के बाद मनोरंजन कला संगम रांची की ओर से झिरगा भगत और उनके दल ने उरांव लोक नृत्य कर सब का मन मोह लिया। उरांव लोक नृत्य के बाद के गूंजे झारखंड कला केंद्र गुमला की ओर राजेश बड़ाईक और उनके दल ने नागपुरी गीत नृत्य कर समा बांधा दिया।

# वुशु प्रतियोगिता में झारखंड की तनुश्री को कांस्य पदक

**नवीन मेल संवाददाता। रांची/ पुणे** पुणे के बालवाड़ी स्थित बॉक्सिंग हॉल में चल रही 32वी सीनियर नेशनल प्रतियोगिता के तीसरे दिन झारखंड की ताऊलू खिलाड़ी तनुश्री ने कांस्य पदक पर कब्जा जमाया, इसके पूर्व सब जूनियर और जूनियर वर्ग में खेल कर राज्य के लिए पदक जीतने वाली तनुश्री की यह पहली सीनियर प्रतियोगिता है जिसमे उसने राज्य के लिए कांस्य पदक जीता।आज के दिन दूसरी ओर सानसाउ की खिलाड़ी सबिता कुमारी ने सेमीफाइनल में जगह बना कर झारखंड के लिए एक और पदक पक्का कर लिया। इसके साथ साथ झारखंड के शशिकांत महतो ,निशांत तिरकी,विनीत ने अपने वर्ग में बढ़त बनाये रखी है। इसकी जानकारी देते हुए झारखंड वुशु एसोसिएशन के प्रेसिडेंट डॉ प्रदीप वर्मा ने बताया कि प्रतियोगिता दिनाँक 1 जुलाई तक चलेगी।झारखंड दल की सफलता पर डॉ प्रदीप वर्मा सहित चंचल भट्टाचार्य, डॉ कविता सिंह, डॉ अंशु साहू,प्रियदर्शी अमर, उदय साहू,शशिकांत पांडे,मिथलेश साहू, शैलेन्द्र दुबे, गोकुलानंद मिश्रा, आजाद पाठक, रत्नेश कुमार, मनोज साहू ,राजेश साहू,वाहिद अली,अमरेंद्र दत्त द्विवेदी रजि अहमद आदि ने बधाई और शुभकामनाएं दी।

## रांची विवि के नए क्रिकेट कोच को किया गया सम्मानित



**रांची।** रांची विश्व विद्यालय के नए क्रिकेट कोच के रूप में नियुक्त होने पर चंचल भट्टाचार्य को गुरुवार को सम्मानित किया गया। सामाजिक संस्था विवेकानंद युथ क्वैक फाउंडेशन और रिलेशंस ने संयुक्त रुप से अंगर्वस्त्र एवं उपहार देकर उन्हें सम्मानित किया। उल्लेखनीय है कि 12 सालो के बाद रांची विश्व विद्यालय को क्रिकेट कोच मिला है। चंचल भट्टाचार्य भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धौनी के मेंटर रह चुके रहें है। इस अवसर पर मुख्य रुप से विवेकानंद यूथ क्वेक फाउण्डेशन के अध्यक्ष गौरव अग्रवाल, रिलेशनस के निदेशक आशुतोष द्विवेदी, यशवंत वर्मा सहित कई लोग उपस्थित थे।

## एसीपी व एमएसीपी को लेकर कुलपति को ज्ञापन सौंपेगा संघ

**रांची।** रांची विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय सेवानिवृत्त कर्मचारी संघ की बैठक गुरुवार को राम लखन सिंह यादव कॉलेज परिसर में हुई। अध्यक्षता करते हुए संघ के अध्यक्ष केएन भगत ने कहा कि जिस प्रकार विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय के नियमित कर्मचारियों को बिना सरकार की अनुमति के एसीपी एवं एमएसीपी का लाभ अंडरटेकिंग लेकर एरियर के साथ भुगतान किया जा रहा है, उसी प्रकार अंडरटेकिंग लेकर सेवानिवृत्त कर्मचारियों को भी एसीपी एवं एमएसीपी का भुगतान जुलाई माह से पेंशन के साथ जोड़कर किया जाए। इस मांग को लेकर चार जुलाई को विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय सेवानिवृत्त कर्मचारी कुलपति को ज्ञापन सौंपेंगे।

# हरिश्यानी एकादशी उत्सव मनाई गई



**नवीन मेल संवाददाता। रांची।** श्री श्याम मन्दिर में गुरुवार को आषाढ़ शुक्ल पक्ष की हरिश्यानी एकादशी उत्सव अत्यंत भक्ति भाव व श्रद्धा के साथ आयोजित किया गया। सनातन धर्म में हरिश्यनी एकादशी का अत्यधिक महत्व होने के कारण प्रातः काल से श्याम प्रभु के दर्शन के लिए भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी । प्रातः आरती के पश्चात श्री श्याम प्रभु को नवीन वस्त्र ( बागा ) पहनाकर कर स्वर्ण आभूषणों से अलंकृत कर विभिन्न प्रकार के फूलों से श्याम प्रभु का मनभावन श्रृंगार किया गया, साथ ही मन्दिर में विराजमान बजरंगबली एवम शिव परिवार का भी इस अवसर पर विषेश श्रृंगार किया गया। रात्रि 9 बजे पावन ज्योत प्रज्वलित कर श्री श्याम मण्डल के सदस्यों द्वारा गणेश वन्दना के साथ संगीतमय संकीर्तन का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर श्री श्याम प्रभु को विभिन्न प्रकार के फल - मिठाई - मेवा मगही पान व केसरिया दूध का भोग लगाया गया । रात्रि 12 बजे महाआरती व प्रशाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। आज के इस कार्यक्रम को सफल बनाने में गोपी किशन ढांढनीयां, ओम जोशी, रमेश सारस्वत, चन्द्र प्रकाश बागला, धीरज बंका, नितेश केजरीवाल, प्रदीप अग्रवाल, अमित जलान, सुदर्शन चितलांगिया, राकेश सारस्वत का सहयोग रहा।

### राज्य के उत्कृष्ट विद्यालयों में प्रवेशोत्सव एक जुलाई को

# निदेशक ने पदाधिकारियों को लिखा पत्र



**नवीन मेल संवाददाता। रांची** राज्य के 80 उत्कृष्ट स्कूलों में एक जुलाई को फ्रेशर्स डे का आयोजन होगा। इसके लिए झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद की निदेशक किरण कुमारी पासी ने सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी सह जिला कार्यक्रम पदाधिकारी को पत्र लिखा है। पत्र के जरिये उन्होंने कार्यक्रम के बारे में विस्तार से जानकारी दी है। निदेशक ने कहा है कि राज्य के 80 उत्कृष्ट विद्यालय में नामांकन की प्रक्रिया शुरू है। इसे 30 जून तक पूर्ण कर लेना है। नामांकन की प्रक्रिया की खत्म होने के साथ ही सत्र 2023-24 के लिए पवन पाठन का कार्य विधिवत रूप से प्रारम्भ कर दिया जाएगा। सभी उत्कृष्ट विद्यालयों में बच्चे पहली बार पठन-पाठन के लिए आएंगे। ऐसे में आवश्यक है कि उनके प्रवेश को हर्षाल्लास के साथ उत्सव के रूप में मनाया जाए। नये नामांकित बच्चों का स्वागत किया जाए। इसलिए एक जुलाई को सभी उत्कृष्ट विद्यालयों में प्रवेशोत्सव समारोह का आयोजन किया जाए। प्रवेशोत्सव समारोह की सूचना सभी विद्यार्थियों को दी जाए। साथ ही इसमें अभिभावकों को भी शामिल किया जाय। निदेशक ने कहा है कि सभी उत्कृष्ट विद्यालयों में प्रवेशोत्सव समारोह का आयोजन करने के लिए अपने स्तर से सभी विद्यालयों के निर्देशित करेंगे। समारोह के आयोजन के बाद इसका प्रतिवेदन राज्य कार्यालय को भी उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।

### ये गतिविधियां होंगी


◆प्रवेशोत्सव के लिए विद्यालय में एक समारोह आयोजित किया जाए, जिसमें विद्यालय के सभी बच्चों शिक्षक एवं प्रधानाध्यापक और विद्यालय के प्रबंध समिति के सदस्य भी उपस्थित रहें।

◆नव प्रवेश करने वाले छात्र-छात्रओं का विद्यालय परिसर में बाल संसद के सदस्यों द्वारा तिलक और पुष्प के साथ स्वागत किया जाए।

◆विद्यालय में प्रवेशोत्सव का कार्यक्रम विद्यालय में आयोजित प्रार्थना सभा को विस्तारित करते हुए किया जा सकता है। नये नामांकित बच्चों के स्वागत में गीत एवं अन्य सास्कृतिक कार्यक्रम विद्यालय में पूर्व से अध्ययनरत बच्चों द्वारा प्रस्तुत किए जा सकते हैं।

◆विद्यालय के प्राचार्य के द्वारा नवनामांकित छात्र-छात्राओं एवं उनके अभिभावकों का उत्कृष्ट विद्यालय परिवार से जुड़ने और बच्चों को उज्ज्वल भविष्य के लिए संकल्पित होने के लिए विद्यालय परिवार की ओर से स्वागत किया जायेगा।

◆विद्यालय के प्रधान शिक्षक उत्कृष्ट विद्यालय के स्वरूप एवं अवधारण के बारे में विस्तार से चर्चा करेंगे।विद्यालय में बच्चों के पठन-पाठन के लिए उपलब्ध करायी जाने वाली सुविधा के संबंध में जानकारी प्रदान करते हुए सभी अभिभावकों से बच्चों की शिक्षा के लिए उनकी भूमिका पर भी चर्चा करेंगे। विद्यालय के शिक्षकों से भी परिचय कराया जाएगा।



**NEWS इन ब्रीफ**

### धनबाद: पुटकी में चाकू मार कर युवा व्यवसायी की हत्या

**धनबाद।** पुटकी में बुधवार 28 जून की देर रात जूता दुकान संचालक संतोष शर्मा की हत्या कर दी गई. 35 वर्षीय व्यवसायी को अपराधियों ने पुटकी कोलियरी गेट के समीप चाकू मारकर मौत की नींद सुला दी. जानकारी होते ही पुटकी पुलिस घटनास्थल पर पहुंची व शव को पोस्टमार्टम के लिए धनबाद भेज कर तफ्तीश में जुट गई है. पुटकी चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष हीरालाल शर्मा ने इस घटना की घोर निंदा की है. उन्होंने कहा कि पुलिस की लापरवाही से पुटकी में क्राइम का ग्राफ बढ़ा है. पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी के फुटेज खंगाल रही है. संतोष की महुदा के लाल बंगला में जूतों की दुकान है. वह कल रात दुकान बंद कर घर जा रहे थे. तभी अपराधियों ने उन पर हमला कर दिया. परिजन शादी समारोह में गांव गए हैं. फिलहाल हत्या के कारण का पता नहीं चला है. हालांकि पुटकी पुलिस जल्द ही अपराधियों की गिरफ्तारी का दावा कर रही है.

### बंधु तिर्की व सीबीआई को एलसीआर उपलब्ध कराने का निर्देश

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट के जस्टिस नवनीत कुमार की कोर्ट ने गुरुवार को आय से अधिक संपत्ति मामले में सजायाफ्ता पूर्व मंत्री बंधु तिर्की और सीबीआई को लोअर कोर्ट रिकॉर्ड (एलसीआर) उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने मामले में बहस के लिए तीन अगस्त की तिथि निर्धारित की है। सीबीआई की विशेष अदालत ने छह लाख 28 हजार आय से अधिक रुपये अर्जित करने के मामले में बंधु तिर्की को सजा सुनाई थी, जिसके खिलाफ दायर क्रिमिनल अपील की आज सुनवाई हुई। मामले में लोअर कोर्ट रिकॉर्ड (एलसीआर) की फोटो कॉपी की प्रति पूर्व मंत्री एवं सीबीआई को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है।

### भाकपा माले की नई शाखा गठित

**गिरिडीह।** भाकपा माले नेता सह अखिल भारतीय किसान महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश यादव ने 29 जून को कोवाड़ में आयोजित ग्रामीणों की बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि राशन कार्ड से आधार कार्ड लिंक नहीं कराने वाले कई राशन कार्ड धारियों के नाम हटा दिए गए हैं. इस वजह से कई गरीब राशनकार्ड धारियों को राशन नहीं मिल रहा है. इसमें गलती कार्ड धारियों की नहीं है. इसके लिए विभागीय व्यवस्था दोषी है. जिन गरीबों के नाम हटाए गए हैं उनके नाम फिर राशन कार्ड में जोड़ा जाए. बैठक का आयोजन कोवाड़ में पार्टी की नई शाखा गठित करने को लेकर किया गया था. बैठक में ग्रामीणों की मूलभूत समस्याओं पर भी चर्चा हुई. गांव में एक सप्ताह पूर्व जला हुआ ट्रांसफार्मर तत्काल बदलने, भूमिहीनों के बीच सरकारी गैरमजरूआ जमीन चिन्हित कर वितरित करने, कोवाड़ में एक सरकारी अस्पताल का निर्माण समेत अन्य मांगें की गई. राजेश यादव के आह्वान पर कई ग्रामीणों ने भाकपा माले की सदस्यता भी ग्रहण की.

### भाजपा ने चलाया जनसंपर्क अभियान

**धनबाद।** भाजपा कलियासोल मंडल ने 29 जून को विभिन्न गांवों में महाजनसंपर्क अभियान चलाया. अभियान में पार्टी के राष्ट्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह रैना, निरसा विधायक अपर्णा सेनगुप्ता, धनबाद जिला ग्रामीण के अध्यक्ष ज्ञान रंजन सिन्हा शामिल हुए. नेताओं व कार्यकताओं ने घर-घर जाकर लोगों को पीएम नरेंद्र मोदी के नौ साल के कार्यकाल में केंद्र सरकार की उपलब्धियां बताईं. इससे पूर्व स्थानीय कार्यकताओं ने विधायक समेत पार्टी के वरिष्ठ नेताओं का गर्मजोशी से स्वागत किया. अभियान में जिला संयोजक जयप्रकाश सिंह, मंडल अध्यक्ष गोपाल भारती, अखिलेश्वर तिवारी, प्रकाश भारती, पोरस दास, उत्तम दास, देवाशीष मंडल, तमाल मंडल, विमल प्रमाणिक, विश्वजीत मंडल आदि शामिल थे.

## भाजपा सरकार में महंगाई चरम पर, हर चीज हुई महंगी : गुंजन



**नवीन मेल संवाददाता**

**चाईबासा।** चाईबासा कांग्रेस भवन में जिला महिला कांग्रेस कार्यकारिणी की बैठक गुरुवार को जिलाध्यक्ष नितिमा बारी की अध्यक्षता में आयोजित हुई. कार्यक्रम में मुख्य रूप से महिला प्रदेश अध्यक्ष गुंजन सिंह उपस्थित थी. उन्होंने संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र सरकार महिला विरोधी है. देश का सम्मान बढ़ाने वाली महिला पहलवानों के साथ हुए यौन उत्पीड़न के मामलों को लेकर महीनों दिल्ली में पहलवानों द्वारा धरना प्रदर्शन दिया गया. लेकिन भाजपा सरकार ने आरोपी भाजपा सांसद बृजभूषण सिंह को बचाने का काम किया. भाजपा सरकार में महंगाई चरम पर है, रसोई गैस का दाम कम करने का वादा कर सत्ता में आई भाजपा सरकार ने महिलाओं को प्रताड़ित करने का कार्य किया है. महंगाई के कारण महिलाओं को घर गृहस्थी चलाने में और बच्चों की शिक्षा-दीक्षा में बढ़े खर्च के कारण काफी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है. इससे गृहस्ती प्रभावित हो रही है. भाजपा सरकार ने भले महिला को राष्ट्रपति बनाने का कार्य किया है. लेकिन आम महिला के लिए सभी रोजगार के अवसर लगातार बंद हो रहे हैं. केंद्र में जब से मोदी सरकार आई है महिलाओं पर अत्याचार बढ़े हैं और महिला सुरक्षा में कमी आई है. महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष नितिमा बारी ने कहा कि हम महिलाओं के लिए बहुत गर्व की बात है कि हमारी संसदीय क्षेत्र में गीता कोड़ा के रूप में महिला सांसद है, जिनसे हम सभी महिला प्रेरणा लेतीं है. गांव-गांव घूम कर महिलाओं, बच्चों एवं वृद्धजनों की समस्या का हल निकालने के लिए एवं कांग्रेस की नीतियों का जन-जन तक पहुंचाने के लिए पूरी महिला कांग्रेस जिला इकाई की टीम कर रही है. मौके पर सरस्वती दास, शकीला बानो, वरिष्ठ महिला कांग्रेसी लाली दास, नीली बिरुआ, लीगल सेल, अनुप्रिया सोय युवा कांग्रेस, नूतन बिरूआ, नूतन ज्योति सिंकु, जया सिंकु, महिला कांग्रेस महासचिव सत्यशीला हेम्ब्रम आदि उपस्थित थे.

## मौराबांधी में घर-घर घूमे हाथी, दो घरों को तोड़ा



**चाईबासा।** चाकुलिया प्रखंड की सरडीहा पंचायत में पश्चिम बंगाल की सीमा से सटे मौराबांधी गांव में विगत रात्रि जंगली हाथियों का एक दल घर-घर घूमा और दो घरों को तोड़ डाला. घर के सदस्यों ने किसी तरह भागकर अपनी जान बचाई. हाथियों के भय से ग्रामीण रतजगा करते रहे. ग्रामीणों के मुताबिक रात में जंगली हाथी पास के जंगल से निकलकर गांव में घुस गए और उपद्रव मचाने लगे. हाथियों ने सुधीर बेरा के घर को तोड़ दिया है. घर की दीवार गिरने से घर में रखे बर्तन नष्ट हो गए और आठ मुर्गियां मर गईं. हाथियों ने नंदा बेरा के घर की खिड़की को भी तोड़ दिया है. इधर, बड़ामारा पंचायत के बड़ामारा गांव में भी हाथियों ने गुरबा हेंब्रम के घर को तोड़ दिया है. सूचना पाकर वन कर्मी भादु राम सोरेन गांव पहुंचे. उन्होंने प्रभावीतों को फॉर्म उपलब्ध कराया. विदित हो कि हाथियों का उत्पात लगातार बढ़ता जा रहा है. हाथी प्रभावित गांवों के ग्रामीणों की रात की नींद हराम हो गई है. कब किसकी जान चली जाएगी कहना मुश्किल है.

### डुमरिया : भागाबांदी से ओड़िशा बॉर्डर तक जल्द बनेगी सड़क, 10 जुलाई को होगा शिलान्यास



**चाईबासा।** डुमरिया प्रखंड के भागाबांदी से ओड़िशा बॉर्डर तक 9.63 किलोमीटर सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास 10 जुलाई सोमवार को किया जाएगा. इस सड़क का निर्माण पथ निर्माण विभाग द्वारा 60 करोड़ की लागत से होगा. सड़क की चौड़ीकरण और मजबूतीकरण की जाएगी. झामुमो प्रखंड कमेटी ने गुरुवार को प्रेसवार्ता आयोजित कर बताया कि इस सड़क के निर्माण के लिए विधायक संजीव सरदार ने पहल की थी, इसके बाद सड़क निर्माण की स्वीकृति मिली. सड़क निर्माण हो जाने से भागाबांदी से भितरआमदा, फुलझरी होते हुए ओड़िशा के गोरुमहिषाणी तक आवागमन में सुविधा होगी. सड़क के निर्माण की स्वीकृति दिलाने के लिए झामुमो प्रखंड कमेटी ने विधायक संजीव सरदार का आभार व्यक्त किया है. मौके पर झामुमो प्रखंड अध्यक्ष मिर्जा सोरेन, सचिव जयपाल सिंह मुर्मू, बीस सूत्री अध्यक्ष भागात बास्के, शंकर चंद्र हेंब्रम, भागात हांसदा, रामचंद्र हेंब्रम, तानों मार्डी, सरकार किस्कू आदि उपस्थित थे.

### चाईबासा : नौ सूत्री मांगों को लेकर पीडीएस डीलर 2 जुलाई से जाएंगे हड़ताल पर



**चाईबासा।** राज्य स्तरीय डीलर संघ के आह्वान पर चाईबासा के भी महिला समूह और राशन डीलर 2 जुलाई से हड़ताल पर रहेंगे. इस बाबत राशन डीलर संघ चाईबासा ने गुरुवार को सदर बीडीओ को अपनी मांगों से सम्बंधित ज्ञापन सौंपते हुए उक्त जानकारी दी. राशन डीलरों ने कहा कि 5 जून को जिला मुख्यालय में नौ सूत्री मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन किया गया था. इसके साथ ही मुख्यमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन भी सौंपा गया था, परंतु कोई पहल नहीं की गई, इससे राशन डीलर आहत हैं. 30 जून तक सरकार द्वारा पहल नहीं की जाती है तो 2 जुलाई से हड़ताल शुरू कर दी जाएगी. सदर बीडीओ को ज्ञापन सौंपने वाले प्रतिनिधिमंडल में सदर प्रखंड डीलर संघ के मन्नाराम कुदादा, गुरुचरण पूर्ति, सोनाराम पूर्ति, मुश्ताक अहमद, राजेन्द्र कच्छप, गणेश कच्छप, तुराम पाड़ेया समेत जनवितरण प्रणाली संचालित करने वाली महिला समूह की प्रतिनिधि शामिल थी.

### डुमरिया : सोनाखुन बाइक दुर्घटना में घायल दूसरे युवक की एमजीएम में हुई मौत

**चाईबासा।** धालभुमगढ़ थाना क्षेत्र के सोनाखुन के समीप हाईवे पर 28 जून बुधवार को हुई बाइक दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल डुमरिया थाना क्षेत्र के रांगामाटिया टोला दासोडीह निवासी लोदो टुडू की मौत गुरुवार को एमजीएम में इलाज के दौरान हो गई. इस दुर्घटना में ओड़िशा के एक युवक की मौत घटनास्थल पर ही हो गई थी. गंभीर रूप से घायल लोदो टुडू को अनुमंडल अस्पताल घाटशिला में इलाज के बाद बेहतर इलाज के लिए एमजीएम जमशेदपुर रेफर किया गया था. युवक के सिर में गंभीर चोट लगी थी.

# अकीदत के साथ मनाई गई बकरीद



**नवीन मेल संवाददाता**

**धनबाद।** धनबाद कोयलांचल में 29 जून को कुबार्नी का पर्व ईद उल अजहा (बकरीद) अकीदत के साथ मनाया गया. मुस्लिम समाज के लोगों ने सुबह में शहर के विभिन्न मस्जिदों और ईदगाहों में सामूहिक नमाज अदा कर अल्लाह से अमन-चैन व सलामती की दुआ मांगी. मुस्लिम बाहुल क्षेत्र वासेपुर में सुबह से ही त्योहार की रौनक दिखी. रेलवे स्टेडियम में बड़ी संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोगो ने सामूहिक नमाज अदा की. इसके साथ ही वासेपुर, आजाद नगर, नया बाजार, पुराना बाजार, भूली आदि क्षेत्रों में स्थित मस्जिदों में नमाज पढ़ी गई. इसके बाद लोगों ने एक-दूसरे से गले मिलकर त्योहार की मुबारकबाद दी. इस विशेष मौके पर त्याग और समर्पण के प्रतीक स्वरूप बकरों की कुर्बानियां दी गईं. जामा मस्जिद के इमाम मोहम्मद निजामुद्दीन ने नमाज अदा कराने के बाद अपने संदेश में कहा कि कुबार्नी के इस त्योहार पर अपने अंदर की गलत धारणाओं की भी कुबार्नी दें. मोहब्बत, अमन चैन से रहें. परिवार, समाज, देश की सुख-शांति और समृद्धि के लिए दुआ करें. नमाज अदा करने के बाद नमाजियों ने एक-दूसरे को गले लगाकर मुबारकबाद दी. ईदगाह मस्जिद नया बाजार में इमाम मोहम्मद अमीरउदीन ने नमाज अदा कराई. अपने संदेश में उन्होंने समाज के लोगों से सौहार्द से रहने और मन में आने वाले गलत विचारों की कुबार्नी देने की अपील की. मदनी मस्जिद शमशेर नगर के इमाम मुफ्ती मोहम्मद शाहकार आलम कासमी ने नमाज अदा कराने के साथ नमाजियों को संदेश दिया. उन्होंने कहा कि अल्लाह की प्यारी चीज की कुबार्नी देने के साथ स्वच्छता का भी ध्यान रखें. वैसा काम न करें, जिससे किसी को तकलीफ पहुंचे.

### झरिया में बकरीद की धूम मस्जिदों में पढ़ी गई नमाज

धनबाद। झरिया कोयलांचल में 29 जून को मुस्लिम समुदाय का कुबार्नी का पर्व बकरीद की धूम है. झरिया शहर व आसपास के इलाकों के कुबार्नी का त्योहार अकीदत और सादगी से मनाया जा रहा है. सुबह में समाज के लोगों ने क्षेत्र के मस्जिदों में नमाज पढ़ी और खुदा से अमन-चैन व सलामती की दुआ की. लोगों में अहले सुबह से ही ईद उल अजहा का जोश दिखा. बच्चे, युवा व बुजुर्ग नए कपड़े पहनकर मस्जिदों में पहुंचे. इस विशेष मौके पर आमलपाड़ा जामा मस्जिद, नूरी मस्जिद ऊपरकुल्ही, बालू बंकर ईदगाह, रजा मस्जिद नीचेकुल्ही, लोहया बाग शाहनगर, खानका गुलशन हमीदनगर, बनियाहीर ग्राउंड, हिमापतुल इस्लाम नीचेकुल्ही समेत अन्य मस्जिदों व ईदगाहों में नमाजियों की काफी भीड़ रही. त्योहार को लेकर पूरे झरिया कोयलांचल में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं. सभी चौक-चौराहों व संवेदनशील इलाकों में पुलिस मुस्तैद दिखी.

### बोकारो : हर्षोल्लास से मनाई गई बकरीद

**लोगों ने गले मिलकर दी बधाई**



**नवीन मेल संवाददाता**

**बोकारो।** जिले में गुरुवार को बकरीद धूमधाम से मनाई गई. सुबह नमाज अदा करने के साथ ही गले मिलकर बधाई देने का सिलसिला शुरू हुआ. लोगों ने बकरीद पर एक दूसरे को गले लगाकर बधाई दी. शहर के रजा जामा मस्जिद सिवनडीह, ईदगाह मैदान उकरीद, ताजू सरिया मस्जिद, नूरी मस्जिद भर्रा, ईदगाह मैदान धनघरी, जामा मस्जिद भर्रा, गौसिया मस्जिद भर्रा, नूरी मस्जिद मखदुमपुर, ईदगाह सेक्टर 4 सहित अन्य ईदगाहों में लोग की भीड़ नजर आई. बकरीद की नमाज पढ़ने के बाद लोगों ने एक दूसरे को बकरीद की बधाई दी. नमाजियों की भीड़ सुबह से ही ईदगाहों जुटनी शुरू हो गई थी. त्योहार का उत्साह युवतियों और बच्चियों में भी नजर आया. युवतियां और बच्चियों ने पूरे उत्साह के साथ गले मिलकर एक दूसरे को पर्व की बधाई दी. मौके पर बकरीद को ले महिलाओं और युवतियों ने घर के सदस्यों के अलावे अतिथियों के लिए कई प्रकार के व्यंजन तैयार कर रखा था. जिला प्रशासन ने भी शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए मस्जिदों के आसपास सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए थे. नमाज के दौरान हर जगह पर पुलिस सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे. जिला प्रशासन की ओर से भी भी जिला नियंत्रण कक्ष व मिनी नियंत्रण कक्ष के जरिए जिले की हर गतिविधि पर पैनी नजर रखी गई थी.

## सरकारी यूनिवर्सिटीज में डिग्रियां पेंडिंग




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड के विश्वविद्यालयों में परीक्षाएं पास करना आसान है, लेकिन, डिग्रियां लेना मुश्किल। ऐसा इसलिए है, क्योंकि विश्वविद्यालयों की ओर से समय पर दीक्षांत समारोह का आयोजन नहीं किया जाता है और विद्यार्थियों को मिलने वाली डिग्रियां पेंडिंग रह जाती हैं। मोटे तौर पर राज्य के विश्वविद्यालयों में चार लाख डिग्रियां पेंडिंग पड़ी हुई हैं। यह समस्या अंडर ग्रेजुएट और पोस्ट ग्रेजुएट विद्यार्थियों की है, क्योंकि दीक्षांत समारोह होने के बाद ही डिग्री बांटने की परंपरा रही है। उच्च और तकनीकी शिक्षा विभाग की डायरेक्टर गरिमा सिंह ने राज्य के सभी विश्वविद्यालयों को पत्र लिखकर बुधवार तक अपडेट रिपोर्ट उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। यह रिपोर्ट राज्यपाल सचिवालय को भेजी जाएगी। रांची कॉलेज को अपग्रेड कर पांच साल पहले डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी यूनिवर्सिटी का दर्जा दिया गया था। इसके बाद से यहां यूजी और पीजी के कई बैच के स्टूडेंट्स पास हो चुके हैं। लेकिन यूनिवर्सिटी की ओर से अभी तक एक भी दीक्षांत समारोह का आयोजन नहीं किया गया है। हालांकि, यूनिवर्सिटी मैनेजमेंट की ओर से दीक्षांत समारोह आयोजित करने की प्रक्रिया चल रही है। हजारीबाग स्थित विनोबा भावे यूनिवर्सिटी में 2022 बैच के स्टूडेंट्स की डिग्रियां अभी तक नहीं बांटी गयी हैं।

## प्रभु जगन्नाथ के दर्शन में लिए उमड़ी भक्तों की भीड़

**नवीन मेल संवाददाता**

**चाईबासा।** शहर के पुरानी बस्ती स्थित मौसीबाड़ी (गुंडिचा मंदिर) से बुधवार शाम निकली बाहुड़ा यात्रा गुरुवार को संपन्न हो गई. भगवान जगन्नाथ, भाई बलभद्र व बहन सुभद्रा श्री मंदिर पहुंचे. बुधवार को बाहुड़ा रथयात्रा के पहले दिन प्रभु जगन्नाथ के रथ को विश्राम के लिए पुरानी बस्ती स्थित गणेश मंदिर के समीप रखा गया था. गुरुवार शाम पुनः श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव के साथ रथ को खींचा. इस बीच श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया. पुरानी बस्ती में लोग अपने घरों के बाहर प्रभु जगन्नाथ, बड़े भाई बलभद्र, बहन सुभद्रा के दर्शन व स्वागत के लिए आरती की थाली लेकर मौजूद थे. गणेश मंदिर से रथ को खींचते हुए श्रद्धालु श्री मंदिर तक लेकर पहुंचे. इसके बाद श्री मंदिर में प्रतिमा स्थापित की गई. वहीं बंदगांव प्रखंड की कराईकेला में भी श्रद्धा व उल्लास के साथ प्रभु जगन्नाथ की बाहुड़ा यात्रा निकली गई. साहू टोला, सीताहार चौक, नायक टोला, ब्राह्मण टोला समेत अन्य जगहों में भगवान जगन्नाथ, भाई बलभद्र व बहन सुभद्रा की पूजा-अर्चना की गई. इसके साथ ही आरती उतारी गई.

**पीएम के कार्यकाल की उपलब्धियों से ग्रामीणों को कराया अवगत**

## भाजपा ने चलाया जनसंपर्क अभियान



**नवीन मेल संवाददाता**

**गिरिडीह।** जिले के पीरटांड़ प्रखंड के मधुबन पंचायत अंतर्गत कोरिया बस्ती में 29 जून को भाजपा प्रखंड कमेटी ने पीएम नरेंद्र मोदी के 9 साल बेमिसाल कार्यक्रम के तहत जनसंपर्क अभियान चलाया. अभियान के बाद प्रखंड कमेटी की बैठक मधुबन गेस्ट हाउस में हुई. बैठक की अध्यक्षता पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष अजय सिंह ने की. मुख्य अतिथि गिरिडीह के पूर्व विधायक निर्भय कुमार शाहाबादी, ओबीसी मोर्चा के प्रदेश प्रवक्ता विनय कुमार सिंह थे. बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक ने कहा कि मधुबन पंचायत के कोरिया बस्ती में जनसंपर्क अभियान चलाकर पीएम मोदी के 9 वर्षीय कार्यकाल की उपलब्धियों से ग्रामीणों को अवगत कराया गया. ग्रामीणों से वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा को फिर भारी बहुमत से जिताने की अपील की गई. मौके पर श्याम प्रसाद, मुन्नालाल उपाध्याय, बबलू साहू, अभय सिंह, अरविंद बर्णवाल, पंचम सिंह आदि उपस्थित थे.

## बहरागोड़ा : विधायक ने किया दो पीसीसी सड़क का शिलान्यास



**नवीन मेल संवाददाता**

**चाईबासा।** बहरागोड़ा प्रखंड क्षेत्र के मानुषमुड़िया पंचायत अंतर्गत धानधोरी गांव में और मानुषमुड़िया गांव में चार-चार सौ फीट पीसीसी पथ का निर्माण होगा. गुरुवार को इस निर्माण कार्य का विधायक समीर कुमार महंती ने नारियल फोड़कर शिलान्यास किया. इस मौके पर विधायक ने कहा कि विगत विधानसभा चुनाव में यहां के ग्रामीणों ने उनसे पीसीसी सड़क निर्माण की मांग की थी. ग्रामीणों की मांग पर उन्होंने विधायक निधि से पीसीसी सड़क की स्वीकृति दी. शिलान्यास समारोह में झामुमो प्रखंड सह बीस सूत्री अध्यक्ष असित मिश्रा, उपाध्यक्ष सुरेंद्र नाथ हांसदा, मुखिया विधान चंद्र मांडी, बापी बंद, जयदेव दास, राबिन मुर्मू, पंकज भोल, पीकू दास, बिनंदन पातर, अनूप दास, हाबल गिरी तथा ग्रामीण आदि उपस्थित थे.

# सुरक्षा के साये में मनी बकरीद, शांति व एकता का दिया संदेश

## बरहीः मस्जिदों में अदा की गई ईद-उल-अजहा की नमाज



**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबाग।** हजारीबाग में ईद-उल-अजहा(बकरीद) का त्योहार धूम-धाम से मनाया गया. बकरीद की पहली विशेष नमाज सुबह 5.45 बजे इब्राहिम मस्जिद पेलावल में पढ़ी गई. शहर के विभिन्न मस्जिदों में बड़ी संख्या में नमाज अदा की गई. मोती मस्जिद पगमिल, सुल्तानुल हिंद मस्जिद, लोहसिंगना, इंद्रपुरी चौक, मटवारी, लाखे, मंडई समेत विभिन्न मस्जिदों में नमाजियों की भीड़ उमड़ी. जहां नमाज अदा करने के बाद लोगों ने गले मिलकर एक दूसरे को बधाई दी.मौके पर राजद नेता संजर मलिक ने कहा कि बकरीद अल्लाह के नाम पर अजीज से अजीज चीज को कुर्बान कर देने का संदेश देता है. वहीं अधिवक्ता सह सीपीआई नेता गुलाम जिलानी ने शांति, सौहार्द और भाइचारगी से त्योहार मनाने की लोगों से अपील की. इस दौरान लच्छे, सेवइयों, मिठाइयों व लजीज व्यंजनों से अतिथियों का स्वागत किया गया. इस दौरान पुलिस प्रशासन भी मुस्तैद रही. असामाजिक तत्वों और सोशल मीडिया पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है.पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था को कायम रखने के लिए फ्लैग मार्च किया. प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों ने पुलिस लाइन, नुरा, मंडईकला, कल्लू चौक, पगमिल, छडवा डैम, लोहसिंगना, बॉडम बाजार, बड़ा अखाड़ा, झंडा चौक, पंच मंदिर चौक, ग्वालटोली चौक, खिरगांव चौक, नमस्कार चौक, सरदार चौक, कसाई मोहल्ला, पैगोडा चौक, इंद्रपुरी चौक, डिस्ट्रिक चौक, पीटीसी चौक, मटवारी चौक, बाबू गांव चौक, कोर्रा चौक क्षेत्रों में फ्लैग मार्च किया गया. इस दौरान मजिस्ट्रेट राजेश कुमार सीओ सदर, सीसीआर डीएसपी आरिफ इकराम, एसडीपीओ महेश प्रजापति, डीएसपी हेडक्वार्टर राजीव कुमार, अमित लकड़ा थाना प्रभारी सदर, नलिन मरांडी इंस्पेक्टर सदर थाना, उत्तम तिवारी कोर्रा थाना, घनश्याम कुमार बड़ा बाजार थाना, पेलावल थाना प्रभारी और इंस्पेक्टर मौजूद थे. बरही में भी शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस ने फ्लैग मार्च किया.

## बरही : गले मिलकर एक दूसरे को दी बधाई

**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही।** प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में बकरीद का त्यौहार शांतिपूर्ण और सौहार्द वातावरण में संपन्न हुआ. पंचायत के विभिन्न ईदगाहों में बकरीद की नमाज पढ़ी गई. नमाज के बाद सबों ने गले मिलकर एक दूसरे को मुबारकबाद दिया. प्रखंड के कोनरा, रसोईयाधमना, करियातपुर, दुलमहा, बरसोत, विजैया, भंडारों, गौरियाकरमा आदि सहित सभी पंचायतों में शांतिपूर्ण बकरीद संपन्न होने की सूचना मिली है. इस दौरान प्रशासन की ओर से प्रमुख स्थानों पर पुलिस बल के साथ दंडाधिकारी नियुक्त किए गए थे. संवेदनशील क्षेत्रों में पुलिस की गश्तियां बढ़ा दी गई थी. प्रशासनिक व पुलिस अधिकारी प्रत्येक पल का जायजा ले रहे थे. विधायक उमाशंकर अकेला यादव, पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव, जेएमएम नेता बिनोद विश्वकर्मा, सदभावना विकास मंच के अध्यक्ष राज सिंह चौहान, तिलेश्वर साहू सेना के केंद्रीय अध्यक्ष अरुण साहू आदि ने सबों को बकरीद की शुभकामनाए देते हुए भाईचारगी के साथ त्योहार मनाने के लिए बधाई दी है. इसके साथ ही शांतिपूर्ण बकरीद संपन्न होने पर एसडीओ पूनम कुजूर, एसडीपीओ नाजिर अख्तर, बीडीओ सीआर इंदीवर, सीओ अरविंद देवाशीष टोप्पो व पुलिस इंस्पेक्टर रोहित कुमार सिंह ने सभी मुस्लिम धर्मलबियो सहित समजसेवियो, जनप्रतिनिधियों और प्रबुद्धजनों का आभार जताया है.

## रामगढ़ : मस्जिदों में पढ़ी गई विशेष नमाज

**नवीन मेल संवाददाता**

रामगढ़। जिले में गुरूवार को उत्साह के साथ बकरीद मनाया गया। इस मौके पर रामगढ़, चितरपुर, जरियो, भुरकुंडा, मांडू, पतरातू आदि क्षेत्रों में मुस्लिम समाज के लोगों ने मस्जिदों व ईदगाहों में ईद-उल अजहा की नमाज अदा कर खुशहाली और अमन चैन की दुआ मांगी। वहीं, लोगों ने एक दूसरे को गले लगाकर ईद-उल-अजहा की बधाई दी। साथ ही लोगों ने एक दूसरे के घरों में बने लजीज व्यंजनों का लुत्फ उठाया। इधर, ईद-उल अजहा को लेकर प्रशासन की ओर से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये थे। जिससे बकरीद शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो गया।

## स्वास्थ्य समृद्धि वाहन परियोजना के तहत पतरातू प्रखंड में शिविर का आयोजन

**रामगढ़।** रामगढ़ जिला अंतर्गत सुदूर ग्रामीण क्षेत्र के कुपोषित बच्चों के पोषण स्थिति में सुधार के मद्देनजर जिला प्रशासन रामगढ़ की पहल के अंतर्गत संचालित स्वास्थ्य समृद्धि वाहन परियोजना के तहत गुरुवार को ब्लॉक मोड़ पतरातू के समीप स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में शिविर के नौवें दिन आसपास के क्षेत्रों के चिन्हित सभी 39 कुपोषित बच्चों को तीन समय का पौष्टिक आहार उपलब्ध कराया गया वही ग्रामीणों को टेलीमेडिसिन सेवा भी उपलब्ध कराई गई। स्वास्थ्य समृद्धि वाहन परियोजना को और भी प्रभावी बनाने एवं ज्यादा से ज्यादा लोगों तक इसकी जानकारी पहुंचाने के मद्देनजर टीम के द्वारा आसपास के घरों का भ्रमण कर लोगों टेलीमेडिसिन सहित सरकार की अन्य योजनाओं की जानकारी दी गई।

## हथियार लहराता युवक गिरफ्तार, देसी कट्टा जब्त

**हजारीबाग।** बड़कागांव पुलिस ने हरली में हथियार लहराते युवक को गिरफ्तार कर लिया है. दरअसल हरली महावीर मंदिर के पास 28-29 जून की रात पुलिस को सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति हथियार निकाल कर लहरा रहा है. साथ ही आस-पास के लोगों को डरा-धमका रहा है. जिसके बाद कार्रवाई करते हुए पुलिस ने युवक को गिरफ्तार कर लिया. इससे पहले जब हथियार लहरा रहे युवक ने पुलिस को देखा, तो वह भागने लगा. उसने अपना नाम पवन कुमार और पिता का नाम बालेश्वर महतो बताया. तलाशी लेने पर उसके पास से एक देसी कट्टा बरामद हुआ. इस संबंध में बड़कागांव थाना आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है.

## जंगल से एक व्यक्ति का शव बरामद

**बरकट्ठा।** पुलिस ने थाना क्षेत्र के ग्राम केंदुआ पुल स्थित जंगल से एक व्यक्ति का शव बरामद की है। घटना की जानकारी बरकट्ठा पुलिस को मिलते ही घटना स्थल पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लिया। शव की शिनाख्त कलहाबाद निवासी आजो मिंया लगभग 60 वर्ष ,पिता स्व0 भीखन मिंया के रूप में की गई। परिजनों के अनुसार मृतक मंगलवार को तुर्कबाद बाजार गया था तथा छाता बनाने का कार्य करता था। परिजनों ने कहा कि आजो मियां की किसी ने हत्या कर दी है। तत्पश्चात तत्पश्चात पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए हजारीबाग भेज दिया ।समाचार लिखे जाने तक परिजनों द्वारा आवेदन थाना में नहीं दी है। इस बाबत विधायक अमित कुमार यादव, पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव ने कहा है की शव देखने से ऐसा प्रतीत होता है कि किसी ने हत्या कर दी है। पुलिस मामले की अनुसंधान कर फलित अपराधी को तलाशने में जुट गई है ।

## महायज्ञ के समापन पर जागरण का आयोजन

**रामगढ़ ।** कुंदरिया बांध कुजू स्थित नवनिर्मित हनुमान मंदिर में श्री श्री 1008 हनुमंत प्राण प्रतिष्ठा सह पांच दिवसीय महायज्ञ के समापन को लेकर बुधवार की रात्रि भक्ति जागरण का आयोजन हुआ । जागरण का शुभारंभ देवी-देवताओ के चित्र के समक्ष ज्योत जलाकर व जागरण में आये गायक द्वारा गणेश वंदना के साथ किया गया। जागरण में मुख्य अतिथि के रूप में मांडू थाना प्रभारी अवधेश कुमार मौजूद हुए। समिति सदस्यों ने उनका स्वागत अंग वस्त्र देकर किया गया। जागरण में देवघर से आये कुमकुम बिहारी जागरण ग्रुप की गायिका कुमकुम बिहारी व गायक जितेंद्र बाबूवा ने एक से बढ़कर एक भक्ति गीत प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं को झुमने पर विवश कर दिया। वहीं, संजय झांकी ग्रुप के द्वारा जीवंत झांकी प्रस्तुत कर लोगों को भाव-विभोर कर दिया।

# दनुआ घाटी में सड़क दुर्घटना रोकने के लिए जिला प्रशासन की पहल शुरू



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही।** चौपारण की दनुआ घाटी में सड़क दुर्घटना रोकने के लिए जिला प्रशासन ने पहल शुरू कर दी है. रात में यहां वाहनों का सही तरीके से परिचालन हो, इसके लिए रेलिंग, स्ट्रीट लाइट आदि लगाने के लिए टेंडर का कार्य पूरा हो चुका है. जल्द एजेंसी का चयन कर उसके माध्यम से काम शुरू होगा. खासकर अंधे मोड़ पर ऐसी व्यवस्था की जा रही है जहां वाहन आपस में न टकराएं. दनुआ घाटी के ढलान वाले क्षेत्रों में वाहन न्यूट्रल नहीं करने संबंधी साईन बोर्ड लगाने और मेटल बीम क्रैश बेरियर लगाने की बात कही गई है.

### कई जगहों पर लगाए जाएंगे साइनबोर्ड

जीटी रोड एनएच-2 के अलावा एनएच-33 स्थित इचाक मोड़, नेशनल पार्क, मासीपीढ़ी, मोरांगी, डेमोटांड़, हत्यारी मोड़ आदि एक्सीडेंटल जोन में भी दुर्घटना रोकने की पहल की जा रही है. इन जगहों के ब्लैक स्पॉट और अंधी मोड़ के पास कई ऐसी व्यवस्था करने का निर्देश दिया गया है, जहां आए दिन वाहनों के बीच टक्कर हो रही है. इन जगहों पर भी वाहनों की गति सीमा आदि से संबंधित साइनबोर्ड लगाए जाएंगे. सड़क सुरक्षा टीम को निर्देश दिया गया है कि इन स्थानों को चिह्नित कर उसका फोटो के साथ विस्तृत प्रतिवेदन उपलब्ध कराएं. डेमोटांड़ और मोरांगी में अवैध वाहन पड़ाव से संबंधित साइन बोर्ड लगाए जा चुके हैं. दुर्घटना जोन पर रंबल स्ट्रिप, जेबरा क्रॉसिंग के सिंबल अंकित कर दिए गए हैं. मोरांगी, डेमोटांड़ और मासीपीढ़ी में वृक्ष पातन भी किए जाएंगे. उसके लिए वन विभाग से एनओसी लेने की बात कही गई है. पथ निर्माण विभाग की जिला सड़क सुरक्षा के प्रबंधक की ओर से बताया गया है कि हजारीबाग शहर के डिस्ट्रिक्ट बोर्ड से सिंदूर तक स्पीड ब्रेकर, रंबल स्ट्रिप के स्टड्स, पेंटिंग्स व स्पीड ब्रेकर नहीं रहने से दुर्घटना की संभावना बनी रहती है. इन कामों को पूरा करने के लिए डीसी ने 16 दिनों का समय दिया है.

## भाजपा के लाभार्थी सम्मेलन में उमड़ा जनसमूह

**बरही।** चौपारण में गुरुवार को आयोजित भाजपा के लाभार्थी सम्मेलन में सांसद जयंत सिन्हा ने कहा कि केंद्र विकास का कार्य कर रही और राज्य सरकार विनाश का. केंद्र की मोदी सरकार ने नौ वर्षों में पक्का घर, निःशुल्क गैस चूल्हा और घर-घर पानी दिया. बुनियादी सुविधाएं बढ़ी हैं. चार करोड़ लोगों को अनाज और कोरोना का टीकाकरण किया गया. लोगों के लाभ की राजनीति की, लोभ की नहीं. प्रधानमंत्री मोदी ने देश के विकास के लिए काफी काम किया है. मोदी जी ने वंदे भारत ट्रेन देकर हम सबको गौरवान्वित किया. उनकी कोशिश है कि जल्द ही बरही में वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन का ठहराव हो. साथ ही कहा कि जल्द ही गिरिडीह से रांची तक इंटरसिटी का परिचालन शुरू होगा. पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने हर घर के विकास की रूपरेखा खीची है.

## जन्म-मृत्यु रजिस्ट्रेशन के लिए विशेष अभियान

हजारीबाग। हजारीबाग जिले में जन्म और मृत्यु रजिस्ट्रेशन के लिए 14 जुलाई से 14 अगस्त तक तीन चरणों में विशेष अभियान चलाया जायेगा. जिला सांख्यिकी पदाधिकारी जेवियर मिंज ने इस बात की जानकारी दी. मिंज ने बताया कि लॉकडाउन के दौरान जिन बच्चों का रजिस्ट्रेशन नहीं हो पाया है, वैसे बच्चों को चिह्नित कर उनके जन्म को औपचारिक पंजीकरण प्रणाली में दर्ज किया जायेगा. इस अभियान का उद्देश्य जन्म और मृत्यु पंजीकरण से वंचित लोगों का शत-प्रतिशत नाम दर्ज करना है. प्रस्तावित अभियान के तहत प्रथम चरण में आंगनबाड़ी केंद्र, स्वास्थ्य केंद्र और विद्यालय स्तर पर अपंजीकृत जन्म की पहचान कर सूची तैयार की जायेगी.

## बरकट्ठा विधायक ने गरीब की बेटी को बहन मान किया कन्यादान

**हजारीबाग।** हजारीबाग के बरकट्ठा प्रखंड क्षेत्र स्थित गंगपाचों के पचफेड़ी चौक निवासी बासुदेव रजक की छोटी बेटी सुनीता कुमारी को बहन मान उसका कन्यादान किया. इसके साथ ही सुनीता के शादी के अरमान सम्मान के साथ पूरे हुए. सुनीता का परिवार काफी गरीब है. पांच भाई और चार बहनों में वह सबसे छोटी बेटी है. आर्थिक तंगी के कारण उसकी शादी नहीं हो पा रही थी. जब विधायक अमित कुमार यादव को इसकी खबर मिली, तो क्षेत्र का सच्चे बेटे का फर्ज निभाते हुए गरीब बेटी का भाई बन कन्यादान किया. यह विवाह विधायक ने निजी खर्च से कराया और इसका गवाह बना ऐतिहासिक सूर्यकुंड धाम का विवाह भवन. शादी होने के बाद बड़े भाई की तरह विधायक ने बहन सुनीता की विदाई पूरे साजो-सामान के साथ की.

# श्रीश्री राधा कृष्णा मंदिर में जागरण का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता**

रामगढ़। रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के रामगढ़ नगर परिषद अंतर्गत छत्तर मांडू में श्री श्री राधा कृष्णा मंदिर जीर्णोद्धार मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा एवं पांच दिवसीय महायज्ञ के अंतिम दिन रात्रि जागरण का आयोजन किया गया। जागरण में मुख्य रूप से नगर परिषद उपाध्यक्ष मनोज कुमार महतो,समाजसेवी लालजी महतो उपस्थित हुए। मौके पर जागरण का उदघाटन उनके द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया। मौके पर मनोज कुमार महतो ने कहा कि धार्मिक आयोजनों से आपसी भाईचारे की भावना पनपती है। लोग आपसी वैमनस्यता को भूला कर धार्मिक अनुष्ठानों में लीन हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि भगवान श्री कृष्ण हमारे क्षेत्र के हर नागरिक के अंदर विकट परिस्थितियों में लड़ने की प्रदान करें। कहा कि हमेशा हमलोगों को कृष्ण की तरह हर व्यक्ति से प्रेम भाव से बात करना चाहिए एवं हमारे अंदर द्वेष की भावना नही रहना चाहिए। इस दौरान कलाकारों ने एक से बढ़कर एक भक्ति गीत पेश कर लोगों का मन मोह लिया। वहीं, कलाकारों द्वारा शिव-पार्वती व कृष्ण-सुदामा कहानी पर आधारित झांकी लोगों को खूब भायी। मौके पर कमेटी के अध्यक्ष भवानी महतो, सचिव सच्चिदानंद महतो, उपाध्यक्ष ईश्वर प्रसाद, कोषाध्यक्ष प्रदीप कुशवाहा, संरक्षक रामनरेश महतो, सुनील कुमार, सुभाष महतो, शंकर प्रसाद महतो, नरेश साहू, बासुदेव महतो, दिनेश कुमार, संजय कुमार, कृष्णा प्रसाद, दिनेश कुमार, पवन कुमार, संतोष कुमार, कजरू महतो, विवेक प्रसाद कुशवाहा, दीपक कुमार, रुपेश कुमार, नटवरलाल कुशवाहा, संतोष सोनी, देवनंद कुमार, गणेश कुशवाहा, अनूप यादव, दिलीप यादव सहित अन्य मौजूद थे ।

दी शुभकामनाएं

## आईसीएआर-आईएआरआई का नौवां स्थापना दिवस मना

# छात्र सिविल सेवा की तैयारी करें : कुलपति




**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही ।** भारतीय कृषि अनुसंधान केंद्र गौरियाकरमा में आईसीएआर- आईएआरआई का 9वाँ स्थापना दिवस मनाया गया. जिसमे बतौर मुख्य अतिथि रांची कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ ओंकार नाथ सिंह और विशिष्ट अतिथि आईसीएआर रांची के निदेशक डॉ अभिजीत कर शामिल हुए. समारोह में संस्थान के नई दिल्ली/झारखंड के निदेशक डॉ अशोक कुमार सिंह जूम लिंक से जुड़े रहे. कार्यक्रम की औपचारिक शुरूआत बालिका छात्रावास परिसर सहित केंद्र परिसर में अतिथियों ने वृक्षारोपण से किया। इसके बाद सम्मेलन कक्ष में स्वागत गीत के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरूआत हुई. जिसमे संस्थान के विद्यार्थियो ने अपनी प्रस्तुति से उपस्थित लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया. समारोह में उपस्थित मुख्यातिथि और विशिष्ट अतिथि को विशेष कार्याधिकारी डॉ विशाल नाथ पांडेय ने बुके देकर स्वागत किया. स्वागत उद्बोधन में बोलते हुए डॉ पांडेय ने संस्थान के बीते 8 वर्षों का प्रगतिशील यात्रा एवं उपलब्धियों पर प्रकाश डाला. साथ ही संस्थान के उच्चतम शिक्षा पद्धति एवं उपलब्ध शैक्षणिक सुविधाओं की जानकारी देते हुए छात्रों को कृषि अनुसंधान क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया. विशिष्ट अतिथि डॉ अभिजीत कर ने आईएआरआई के प्रयासों की सराहना करते हुए संस्थान के उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी. मुख्यातिथि डॉ सिंह ने संस्थान के प्रगति पर संतोष व्यक्त हुए कहा कि यहाँ पर विकसित की जा रही सुविधाएँ विश्वस्तरीय हैं. केंद्र के विद्यार्थी एवं किसान इसका लाभ ले और खुद को बेहतर बनाए. उन्होंने कृषि विज्ञान से संबंधित कई महत्वपूर्ण जानकारियां देते हुए कृषि क्षेत्र के करियर से अवगत कराया. मौके पर विद्यार्थियो को सिविल सर्विसेज की तैयारी के लिए भी प्रेरित किया. समारोह में संस्थान के सैकड़ों विद्यार्थी मौजूद थे. कार्यक्रम सफल बनाने में प्रधान वैज्ञानिक डॉ एस के महंता, डॉ प्रियरंजन कुमार आदि सहित संस्थान के वैज्ञानिकों और कर्मियों ने सराहनीय भूमिका निभाई.

## बरकट्ठा : विधायक ने जल नल योजना का किया शिलान्यास



**नवीन मेल संवाददाता**

बरकट्ठा। विधायक अमित कुमार यादव ने प्रखंड के गंगपाचो और गैयपहाडी पंचायत में जलनल योजना का शिलान्यास किया। शिलान्यास कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि जलनल योजना के कार्य को गुणवत्तापूर्ण के लिए ग्रामीण जागरूक होकर संवेदक से कार्य को कराएं। कार्य में अनियमितता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कार्यक्रम में जिप सदस्य कुमकुम देवी, मुखिया कलावती देवी, पंस सदस्य सुषमा रानी, मंडल अध्यक्ष भोला प्रसाद, टुकलाल नायक, अनिल आजाद, छोटेलाल मेहता, कृष्णदेव प्रसाद, समन ठाकुर, शंकर ठाकुर , बीरेंद्र मेहता समेत आदि लोग मौजूद थे।

# अकीदत के साथ अदा की ईद की नमाज



## विधायक ने दी बधाई

सिमडेगा। विधायक भूषण बाड़ा ने जिलेवासियों को बकरीद पर्व की बधाई दी है। बधाई देते हुए विधायक ने कहा कि उम्मीद जताते हैं कि ये पावन त्योहार हमें एक न्यायपूर्ण, सौहार्दपूर्ण मधुर और समावेशी समाज के निर्माण के लिए प्रेरित करेगा। बकरीद का यह मौका हमारे बीच भाईचारे और करुणा की भावना को और भी बढ़ाएगा। मुस्लिम भाइयों ने बकरीद के मौके पर संयमता का जो परिचय दिया है वो काबिले तारीफ है। वे सबकी और मुल्क में अमन, चैन, भाईचारे, तरक्की और स्वास्थ्य लाभ की दुआ करता है।

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** मुस्लिम धर्मावलंबियों का प्रमुख त्योहार ईद-उल अजहा के मौके पर अकीदत के ईदगाह में नमाज अदा की गई। धर्मावलंबियों ने अपने खुदा की इबादत करते हुए अपने घर-परिवार व देश-दुनिया के लिए अमन-चैन की दुआ मांगी। इधर नमाज शहर के अलग-अलग मस्जिदों में भी बारिश की वजह से लोगों ने किया जहां पर सभी लोगों ने क्षेत्र की अमन चैन की दुआ मांगी। जिला प्रशासन की ओर से नमाज के दौरान किसी प्रकार की कोई भी परेशानी उत्पन्न ना हो इसे ध्यान में रखते हुए मजिस्ट्रेट के रूप में प्रखंड विकास पदाधिकारी सिमडेगा अजय कुमार उत्पाद अधीक्षक जितेंद्र कुमार एवं थाना प्रभारी जय गोविंद गुप्ता सहित पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की गई थी ताकि किसी प्रकार से किसी को कोई भी परेशानी ना इधर नमाज अदा के पश्चात एक दूसरे को गले लगाकर ईद उल अजहा पर्व की मुबारकबाद दिया गया ।इसके बाद कुबार्नी के इस पर्व पर बकरे की कुबार्नी भी दी गई। साथ ही एक-दूसरे को ईद-उल-अजहा के मौके पर एक दूसरे को बधाई देते हुए घरों में लजीज व्यंजनों का लुत्फ उठाया ।ईद-उल फितर के करीब 70 दिन बाद बकरीद को मनाया जाता है। मुसलमान यह त्योहार कुबार्नी के पर्व के तौर पर मनाते हैं। यह त्योहार लोगों को सच्चाई की राह पर सब कुछ कुर्बान करने का संदेश देता है ।इधर ठेठईटांगर प्रखंड मुख्यालय में जामा मस्जिद में लोगों ने बकरीद की नमाज अदा की। नमाज अदा के पश्चात एक दूसरे से गले मिलते हुए एक दूसरे को बकरीद पर्व की मुबारकबाद दिया। अंजुमन के सदर एहतेशाम ने कहा कि यह पर्व हमें शांति भाईचारा एकता का संदेश देता है जहां पर सभी लोगों ने नमाज अदा करते हुए सभी लोगों की खुशियों के लिए इबादत की साथ ही सभी के जीवन में खुशियां आए इसके लिए दुआ मांगी वह इधर विधि व्यवस्था को लेकर मस्जिद के बाहर प्रखंड विकास पदाधिकारी पंकज कुमार अंचल अधिकारी समीर कच्छप एवं थाना प्रभारी कुमार इंद्रेश पूरे दलबल के साथ मौजूद रहे ताकि नमाज के दौरान किसी प्रकार की कोई भी परेशानी ना हो।

### कुरडेग में नमाज अदा के साथ मांगी गई अमन-चैन की दुआ

**कुरडेग।** प्रखण्ड मुख्यालय में बकरीद का पर्व गुरूवार को काफी धुमधाम से मनाया गया। प्रखण्ड क्षेत्र के जामा मस्जिद में ईमाम मौलाना शहजेब आलम एवं रजा मस्जिद में मौलाना हसनैन रजा की ईमामत में बकरीद की बिशेष नमाज सुबह 8:00 बजे अदा की गई नमाज के बाद सामुहीक रूप से अमन चैन व शांति की दुआ मांगी गई इसके बाद लोग एक दूसरे से गले मिलकर सबने एक दूसरे को मुबारकबाद दिये वक्ताओं ने बताया कि यह पर्व हजरत ईब्राहीम (अल०)के बलिदान की याद दिलाता है , जिससे मानवता को उच्च नैतिक मूल्यों के लिए स्वयं को समर्पित करने की प्रेरणा मिलती है सभी ने एक दूसरे को गले मिलकर बकरीद की बधाई दी तथा सुखद भविष्य की कामना की इस दौरान छोटे बच्चों में काफी उत्साह देखा गया नमाज के बाद बकरो की कुबार्नी दी गई मस्जिदों के बाहर थाना प्रभारी श्री मुन्ना रमानी ने सुरक्षा के लिए पुलिस बल तैनात कर रखे थे वहीं मजिस्ट्रेट के रूप में तैनात बीडीओ ज्ञानमणि एक्का एवं थाना प्रभारी मुन्ना रमानी हर गतिविधि का जायजा लेते दिखे । बीडीओ एवं थाना प्रभारी ने संयुक्त रूप से मुस्लिम समुदाय के लोगों को बकरीद शांतिपूर्वक सम्पन्न कराने तथा एकता व भाईचारा कायम रखने के लिए वधाई दी बीडीओ ने कहा कि कुरडेग में हर त्योहार को हर समुदाय के लोग मिलजुल कर मनाते हैं यही यहाँ की विशेषता एवं खुशी की बात है ।

## गले मिलकर दी बकरीद की बधाई




## सेंट मेरीज इंटर कॉलेज में समस्या-चुनौती पर कार्यक्रम



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** सेंट मेरीज इंटर कॉलेज सामटोली के 11वीं कक्षा के बच्चों के बीच -राजनैतिक कार्यकर्ता अगुस्टीना सोरेंग ने ₹युवा समस्या और चुनौती₹ विषय पर जानकारी साझा किया। विद्यार्थियों से बातचीत करते हुए अगुस्टीना ने समझाया कि कैसे चुनौती का सामना करने के लिए बातचीत और स्वस्थ संवाद करने की जरुरत है। आज के समय के साथ अवसाद, तनाव और हाईपरटेंशन जैसी मनोवैज्ञानिक समस्या आम है जिसे एक तबका समस्या ही नहीं समझता है ।जबकि इन समस्याओं के कारण आत्महत्या, झगडे , चोरी, रेप जैसी घटनाओं को युवा अंजाम दे रहें हैं। समूह चर्चा एवं कहानी के माध्यम से एक एक व्यक्ति को आधुनिकता के दौर में जहाँ वर्चुअल लाईफ और रियल लाईफ में व्यक्ति अलग हो सकता है के लिए आनलाईन प्लेटफॉर्म जैसे फेसबुक इंस्टाग्राम और अन्य सोशल मीडिया में दोस्ती बनाने और अपनी व्यक्तिगत जानकारी साझा करने संबंधी सावधानियों के बारे विस्तारपूर्वक चर्चा किया गया। उन्होंने विद्यार्थियों को सकारात्मक रहने , अभिभावकों से गहरा संबंध रखने और बडो का मार्गदर्शन लेने तथा एक दूसरे के साथी बनने एवं अच्छे नैतिकता वाले , संवेदनशील इंसान बनने के लिए शिक्षा का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया एवं आगामी जीवन में अपने अनुभवों से सीख लेते हुए आगे बढ़ने की शुभकामनाएं विद्यार्थियों को दिया।अपने निजी जीवन की चुनौतियों से निपटने के लिए भी बडो से शेयरिंग और धैर्य तथा हिम्मत रखने के लिए अपील किया। मौके पर मुख्य रुप से फा. फेडरिक, प्रधानाचार्य सेंट मेरीज इंटर कॉलेज सामटोली, जंसिता , शिक्षकगण, पूजा प्रसाद एवं अमित तथा विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### सिमडेगा में निकली रथ यात्रा, भक्तों ने की पूजा-अर्चना

# मौसीबाड़ी से लौटे भगवान जगन्नाथ, उमड़ी भीड़

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** सिमडेगा में धूमधाम के साथ भगवान जगन्नाथ की घूरती रथ यात्रा का आयोजन गुरुवार को की गई इस मौके पर राम जानकी मंदिर स्थित मौसीबाड़ी से भगवान जगन्नाथ रथ ठाकुरबाड़ी की लिए निकला। इधर शहर में निकलने के साथ ही लोगों का जनसैलाब उमड़ गया और लोगों ने सदा भक्ति भाव तरीके से भगवान जगन्नाथ बलभद्र एवं बहन सुभद्रा के दर्शन करते हुए सुख समृद्धि की कामना की। लोग पूरे भक्तिभाव के साथ हरि बोल के जयकारा लगाते हुए रथ को टुकूपानी स्थित ठाकुर बाड़ी ले गए। पंडित वासुदेव गौतम के द्वारा भगवान का पूजन कराया गया। उन्होंने बताया कि भगवान मौसी बाड़ी से निकलकर मुख्य मंदिर में स्थापित हो जाएंगे जिसके बाद वह शयन मुद्रा में चले जाएंगे जिसके बाद सभी प्रकार के वैवाहिक कार्यक्रम पूरी तरह से बंद हो जाएगी तथा देव उठान के पश्चात वैवाहिक कार्यक्रम शुरू होंगे मौके पर बीडीओ अजय कुमार रजक, सदर सीओ प्रताप मिंज, ठेठईटांगर सीओ समीर कच्छप, थाना प्रभारी जय गोविंद गुप्ता, मोतीलाल अग्रवाल, प्रो देवराज प्रसाद, संजय शर्मा,पवन जैन, विमल जैन सहित कई लोग उपस्थित थे।





### राम लक्ष्मण सीता का वेशभूषा रहा विशेष आकर्षण केंद्र

**सिमडेगा।** सिमडेगा सदर प्रखंड अंतर्गत आमला पंचायत में गुरुवार को धूमधाम के साथ भगवान जगन्नाथ की घूरती रथ यात्रा का आयोजन किया गया सर्वप्रथम भगवान को मौसी बाड़ी से निकाल कर रथमोड़ स्थित भगवान के रथ पर बिठाया गया जिसके बाद मेले का आयोजन किया गया। जहां पर विभिन्न प्रकार के खिलौने मिठाई सहित सभी प्रकार के चीजों का लोगों ने आनंद उठाया।मौके पर भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा शुरू हुई जिसमें भगवान के जगन्नाथ बहन सुभद्रा एवं बलभद्र के तीनों विग्रहों को हरी बोल के जयघोष के साथ खींचते हुए मुख्य मंदिर तक लाया गया । इधर नगर भ्रमण संकीर्तन का आयोजन हुआ जहां राम लक्ष्मण सीता के वेशभूषा में झांकी का आयोजन करते हुए भगवान के तीनों की विग्रहों को पूरे तामड़ा गांव में ब्राह्मण करवाते हुए संकीर्तन का आयोजन किया गया। संकीर्तन पूरे गांव का भ्रमण करते हुए मुख्य जगन्नाथ मंदिर पहुंची। इधर रथयात्रा के मौके पर पुरोहित जितेंद्र पूरी उनके पुत्र निरंजन पूरी नितेश पूरी के द्वारा लोगों को भगवान के दर्शन कराएं एवं सभी प्रकार के पूजन संपन्न कराएं।

### कुरडेग में नल जल योजना में बरती जा रही घोर अनियमितता

**कुरडेग।** पीएचडी विभाग द्वारा जिले के छत्तीसगढ़ सीमा स्थित गाँव कुटमाकच्छार में नल जल योजना के अधिष्ठापन में बड़े पैमाने पर अनियमितता बरती जा रही है। जिसे लेकर क्षेत्र के लोगों में नाराजगी है। ग्रामीणों का अरोप है कि संवेदक द्वारा सरकारी नियमावली से हटके पाइप को जमीन के अंदर उपयुक्त गहरे गड्ढे खोदकर बिछाने के बजाय, कहीं-कहीं मजदूरों द्वारा महज आधे फीट गड्ढे में पाइप को बिछाकर आधा अधूरा कार्य किया जा रहा है। जिससे भविष्य में पाइप की क्षतिग्रस्त होने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। वहीं ग्रामीणों ने यह भी बताया की मामले पर आपत्ति जताने पर कर्मी संभावित मुंशी द्वारा काम बंद करने की बात कही जाती है ।

### सिमडेगा एसपी ने मैथ्यू एक्का को बनाया बांसजोर ओपी प्रभारी

**सिमडेगा।** एसपी सौरभ कुमार ने बांसजोर ओपी के लिए नए प्रभारी की प्रतिनियुक्ति की है। ठेठईटांगर में पदस्थापित एसआई मैथ्यू एक्का को नया ओपी प्रभारी बनाया गया है। वही बांसजोर ओपी प्रभारी विनोद उरांव को पुलिस लाइन में योगदान देने का निर्देश दिया गया है। इसी तरह के केरसई थाना में पदस्थापित रमेश कुमार को बांसजोर और बांसजोर में पदस्थापित रमेश यादव को सदर थाना में प्रतिनियुक्त किया गया है।

**बैठक** | पूर्व मंत्री एनोस एक्का बोलबा प्रखंड के कई क्षेत्रों का किया दौरा

# समस्याएं दूर करना पहली प्राथमिकता

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा/बोलबा।** बोलबा प्रखंड के पोटोबाड़ा बनचौका आदि क्षेत्रों का गुरुवार की सुबह झारखंड पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सह पूर्व मंत्री एनोस एक्का ,झापा युवा जिला अध्यक्ष संदेश एक्का जिला परिषद सदस्य अनीता सोरेंग,एवं बोलबा प्रखंड अध्यक्ष शशि तोपनो के द्वारा भ्रमण किया गया। इस मौके पर ग्रामीणों के साथ बैठक करते हुए उनकी समस्याओं को सुना। मौके पर ग्रामीणों ने बताया कि आज भी इस क्षेत्र में मूलभूत सुविधाओं की घोर कमी है लेकिन कोई भी देखने वाला नहीं है। गांव में बिजली पीने की पानी, सड़क ,प्रधानमंत्री आवास ,वृद्धा पेंशन नाली सहित कई प्रकार की समस्या है जिसे बार-बार प्रशासन के समझ रखने के बाद भी अब तक दूर नहीं हुई पिछले दिनों सरकार आपके द्वार में भी इस बातों को रखी गई थी लेकिन सुनवाई नहीं हुई। मनरेगा के तहत कार्य होता है लेकिन बिचौलिए हावी है। जिसे दूर करने की आवश्यकता है पूर्व मंत्री ने कहा वर्तमान सरकार आम लोगों के हितों का ख्याल नहीं रख रही है और क्षेत्र के जनप्रतिनिधि के उदासीन रवैया के कारण इस प्रकार की समस्या है लेकिन झारखंड पार्टी जमीन से जुड़कर आपकी समस्याओं को दूर करेगी इसलिए एक बार आप झारखंड पार्टी का सहयोग करें। उन्होंने सर्पदंश मामले में लोगों को अंधविश्वास में ना आकर अस्पताल ले जाने की बात कही तथा जमीन में ना सोते हुए उचित व्यवस्था करने की बात कही। सन्देश एक्का ने कहा कि लगातार क्षेत्र भ्रमण के दौरान बिजली पानी सड़क जैसी समस्याओं की कमी की जानकारी मिल रही है जिसे बारी-बारी से दूर करने का प्रयास किया जा रहा है ।आने वाले दिनों में इन समस्याओं को पूरी तरह से समाप्त की जाएगी। जिला परिषद सदस्य अनीता सोरेन ने कहा कि आपकी समस्याओ को दूर की जाएगी गांव में शराब अंधविश्वास आदि चीजों से बचने की आवश्यकता है। इस मौके पर फूलमनी तिर्की, दोमोनिक बिलुंग, अनथ बिलुंग ,संजय बिलुंग झारखंड पार्टी की ओर से बिरसा मांझी, अमन खेस्स,आमोस मिंज, हीरा प्रधान,मोहन प्रधान,मरसेंन बिलुंग,रसाल खलखो सहित ग्रामीण उपस्थित रहे।




# झुमरी तिलैया : काली महिला मंडल की बैठक में राम कथा कराने का निर्णय

**नवीन मेल संवाददाता**

**झुमरी तिलैया।** काली महिला मंडल की एक बैठक समंतो काली मंदिर मे हुई। बैठक मे मंडल का दो दिवसीय वार्षिक उत्सव 01 और 02 दिसम्बर को तथा 03 से 13 दिसम्बर तक अयोध्या मे बन रहे राम मंदिर की सफलता को लेकर राम कथा कराने का निर्णय लिया गया। इस कथा मे 09 यजमान का भी चयन बैठक मे कर लिया गया। वार्षिक उत्सव और राम कथा को लेकर 01 दिसम्बर को झांकी के साथ नगर मे कलश यात्रा,शोभा यात्रा भी निकालने का निर्णय लिया गया हैं। काली मंदिर मे आयोजित होने वाले कार्यक्रम को लेकर भव्य पंडाल बनाने शहर मे तोरण द्वार लगाने तथा मंदिर को भव्य रूप से सजाने पर चर्चा हुई। कार्यक्रम मे कथा वाचक के रूप मे अयोध्या के श्री बलराम शरण जी महाराज पूजन के लिए आचार्य राघवेंद्र शास्त्री और रामायण पाठ प्रकाश पाण्डेय के द्वारा किया जायेगा। कार्यक्रम को लेकर नवंबर माह मे ध्वजा रोहण किया जायेगा। काली महिला मंडल की सरोजनी देवी ने कहा कि कार्यक्रम की सफलता को लेकर जुलाई माह मे सभी धार्मिक संगठनों के साथ एक बैठक आहूत की जाएगी। और इस पर विस्तृत चर्चा भी होगी। बैठक मे सुनीता सिंह, पूनम बरनवाल, सुमन पाण्डेय, प्रतिमा सिंह, सुनीता लाल, पुष्पा सिंह, आशा मोदी, जसवीर कालरा, भारती सिन्हा, रेखा जयसवाल, मीना पाण्डेय, पूनम सेठ, मुन्नी बरनवाल, इंदु यादव, सावित्री तिवारी, मंजू सिंह, किरण देवी, अनीता बरनवाल, इंदु जायसवाल, रेखा देवी, सोनी जयसवाल, मालती देवी, रेखा यादव, ज्योति जायसवाल,किरण चुल्लू, मंजू देवी, बिंदु देवी आदि उपस्थित थे।



# पौधरोपण के लिए पर्यावरण परिवार ने किया स्थल निरीक्षण



**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** फलदार, छायादार और ईमारती सहित विभिन्न प्रजातियों के पौधरोपण के लिए पर्यावरण परिवार ने स्थल निरीक्षण किया। इस दौरान शहर के कचहरी रोड स्थित नवादा क्षेत्र के श्री जानकी बाग में 250 पौधा लगाने का निर्णय लिया गया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए पर्यावरण परिवार के अध्यक्ष डॉ. पतंजलि केसरी ने बताया कि पर्यावरण संरक्षण के लिए श्री जानकी बाग में विभिन्न प्रकार के 250 पौधे लगाने का निर्णय लिया गया है। पौधरोपण से प्रदूषण नियंत्रण की दिशा में साकारात्मक पहल तो होगा ही, साथ ही साथ सुबह और शाम में बाग घुमनेवालों को भी इसका लाभ मिलेगा। कुछ ही समय में पौधे पेड़ बन जाएंगे और लोगों को छाया के साथ फल भी मिलेगा। इसके अलावा बेशकीमती लकड़िया भी प्राप्त होगी। उन्होंने बताया कि भरठिया गांव में पौधरोपण के लिए 300 गड्ढे बनाये जा चुके हैं। 30 जून को उसमें पौधरोपण किया जाएगा। सचिव नितिन तिवारी ने कहा कि पर्यावरण और मानव समाज के बीच अन्योनाश्रय संबंध है। हम एक दूसरे पर आश्रित हैं, इसलिए प्रत्येक मनुष्य को चाहिए कि अपने जीवन में पौधारोपण करे। अपने जन्मदिन, शादी सालगिरह सहित अन्य अवसरों पर पौधारोपण कर अपने समय को यादगार बनाये। मौके पर नीरज श्रीधर स्वर्गीय, अमित कुमार, विशेश्वर चंद्रवंशी, सुदामा बिंद, सुनील कुमार बिंद, आनंद कुमार, मोदी चंद्र बिंद, अरविंद कुमार, लखन बिंद,संतोष कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## उम्र दराज दादी के संघर्ष का सहारा बना नाती

# लंबी लड़ाई के बाद भी नहीं हो सका है अपने हिस्से की भूमि पर काबिज





**नवीन मेल संवाददाता**

**डंडई (गढ़वा)।** थाना क्षेत्र स्थित डंडई गांव की 90 वर्षीय विधवा महिला अस्तोरवा साहुन अपनी खातिहानी भूमि से आज तक दूर है। वह चाह करके भी अपनी 112 डिसमिल भूमि पर काबिज नहीं हो पा रही है। यहां तक की भूमि पर काबिज होने को लेकर अंचलाधिकारी चोनाराम हेम्ब्रम के द्वारा दिया गया लिखित निर्देश भी उसकी विवसता के आगे प्रभावी नहीं हो पा रहा है। लंबी लड़ाई लड़ने के बाद थक हार अपने घर पर बैठी अस्तोरवा साहुन बताती है कि मेरी माता स्वर्गीय इदरीस साहुन के द्वारा खाता 83 के कई प्लॉटों में मुझे कुल 10 एकड़ 94 डिसमिल रकबा का जमीन दिया गया था। जिसमें 2 एकड़ 54 डिसमिल जमीन मैं अपने पाटीदार को दे दिया था। शेष 8 एकड़ 42 डिसमिल जमीन मेरे हिस्से में बचना चाहिए था लेकिन आज के दिन में मेरे पास उक्त खाता प्लॉट का जमीन मात्र 6 एकड़ 89 डिसमिल ही है। शेष 112 डिसमिल जमीन मेरे पाटीदार के वंशज अजय प्रसाद ,नंदू प्रसाद, रामलाल साहू, रामा प्रसाद इत्यादि लोगों के द्वारा जबरदस्ती कर अपने कब्जा में रख लिया गया है। अशोक प्रसाद ने जानकारी देते हुए बताया कि खाता 83 के कुल 11 प्लॉटों में मुझे हिस्सेदारी के अनुसार जमीन चाहिए था। लेकिन मात्र तीन प्लॉट 1587, 1570 और 1554 में ही दादी के पाटीदारों के द्वारा जमीन देने का काम किया गया है। जबकि अन्य प्लॉटों की 112 डिसमिल जमीन आज भी उनके कब्जे में है। साथ ही कहा कि अगर उक्त लोगों के द्वारा स्वविवेक से मेरे हिस्से की जमीन को नहीं छोड़ा जाता है तो मैं न्यायालय का दरवाजा खटखटाने से भी पीछे नहीं हटूंगा। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि अंचलाधिकारी के द्वारा कई बार मेरे हिस्से की जमीन को छोड़ने के लिए द्वितीय पक्ष को निर्देशित भी किया गया। लेकिन आज तक उनके द्वारा उक्त भूमी को नहीं छोड़ा गया है। मामले में अंचलाधिकारी चोनाराम हेंब्रम ने बताया कि खाता 83 के विभिन्न प्लॉटों में अस्तोरवा साहुन के नाम 10 एकड़ 94 डिसमिल जमीन का डिमांड चलता है। उन्होंने कहा कि मामले में दोनों पक्षों के बीच कुछ दिनों तक विवाद भी चला। जिसके कारण न्यायालय में टाइटल सूट का मुकदमा आज तक विचाराधीन रह गया। दोनों के बीच घरेलू समझौता के बाद उक्त भूमि में 2 एकड़ 54 डिसमिल जमीन उनके द्वारा दूसरे पक्ष को दे दिया गया। शेष जमीन पर अस्तोरवा साहुन काबिज हैं या नहीं मैं नहीं बता सकता। अंचलाधिकारी ने कहा कि मामले को लेकर दोनों पक्षों को बुलाकर समझाया बुझाया गया था। दोनों के बीच हिस्सेदारी के अनुसार जमीन का बंटवारा कर लेने की बात कही गई थी।

## पुलिस ने नाबालिग लड़की को किया बरामद

# आरोपी गिरफ्तार, भेजा जेल



**नवीन मेल संवाददाता। चतरा**

पुलिस टीम ने नाबालिग किशोरी के अपहरण कांड के अरोपी सिमरिया अनुमंडल अंतर्गत पत्थलगड़ा थाना के नोनगांव निवासी बादल कुमार पिता कोमल साव को गुप्त सूचना के आधार पर विष्णुगढ़ थाना क्षेत्र से गिरफ्तार कर गुरुवार को जेल भेज दिया। छापेमारी टीम में एसडीपीओ आशोक कुमार प्रियदर्शी के साथ पत्थलगड़ा थाना प्रभारी सुनीज कुमार सिंह व अंकिम कुमार झा शामिल थे। उपरोक्त जानकारी देते हुए एसडपीओ ने बताया कि 16 जून 2023 को पत्थलगड़ा थाने में एक नाबालिग किशोरी के अपहरण के संबंध में लिखित सूचना प्राप्त हुई थी। जिसके आलोक में थाना कांड संख्या 17/2023 दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया गया। अनुसंधान के क्रम में आरोपी युवक के घरवालों से पूछताछ किया गया तो उनके द्वारा लड़के के भी अपहरण होने की बात बताई गई थी। उसके बाद विभिन्न पहलुओं पर अनुसंधान किया जा रहा था, इसी क्रम में प्राथमिकी अभियुक्त के बिष्णुगढ़ थाना क्षेत्र में रहने की सूचना प्राप्त हुई, तो पुलिस अधीक्षक के निदेर्शानुसार पुलिस टीम बिष्णुगढ़ थाना क्षेत्र से अभियुक्त बादल कुमार को गिरफ्तार करने के साथ नाबालिग किशोरी को भी बरामद किया गया। लड़के ने पूछताछ के क्रम में बताया कि मेरा अपहरण नहीं हुआ था। झूठी कहानी रची गई थी, ताकि हम लोगों का कोई खोज नहीं करे। युवक को न्यायालय में प्रस्तुत करने के उपरांत जेल भेज दिया गया।

# एआईएसएम के जिलाध्यक्ष बने मुकेश,मुबारक बने महासचिव





**नवीन मेल संवाददाता। चंदवा**

ऑल इंडिया जर्नलिस्ट वेलफेयर एसोसिएशन के झारखंड प्रदेश कमिटी के निदेर्शानुसार लातेहार जिला कमिटी का पुनर्गठन किया गया है।जिसमे लातेहार शहरी और ग्रामीण कमिटी का गठन किया गया जिसमें लातेहार शहरी के जिलाध्यक्ष के रूप मे मुकेश सिंह को चुना गया जबकि महासचिव के लिए मुबारक आलम को जिम्मेवारी सौंपी गयी है। इसके अलावे लातेहार ग्रामीण के लिए राहुल पाण्डेय को अध्यक्ष तथा सचिन कुमार को महासचिव का पदभार सौंपा गया। पदभार ग्रहण करने के उपरांत मुकेश व मुबारक ने कहा कि राज्य कमिटी द्वारा जो जिम्मेवारी सौपी गयी है उसे पुरी ईमानदारी से निभाऊंगा। पत्रकार हित मे बढ़ चढ़कर भागीदारी निभाना है। पत्रकारों पर हो रहे हमले से लेकर उनकी विभिन्न समस्याओ को उठाने मे संगठन के कदम से कदम मिलाकर काम करेंगे। पत्रकार सुरक्षा कानून लागू कराने को लेकर आवाज बुलंद करेंगे। अध्यक्ष और महासचिव बनने पर इन्हें मो. इरफान, बबलू खान, रौशन गुप्ता, मो. मुमताज, राजीव कुमार उरांव समेत कई पत्रकारों ने बधाई और शुभकामना दी है।

# भाजपा मंडल के आदिवासी कार्यकताओं ने दिया इस्तीफा



**नवीनमेल संवाददाता। छिपादोहर**

प्रखंड के छिपादोहर भाजपा मंडल के कई आदिवासी कार्यकताओं ने चतरा सांसद सुनील कुमार सिंह के लोकसभा क्षेत्र प्रखंड बरवाडीह के सांसद प्रतिनिधि कन्हाई प्रसाद और वन एवं पर्यावरण विभाग के सांसद प्रतिनिधि अजय सोनी के कार्यशैली से नाराज होकर भाजपा मंडल अध्यक्ष एवं भाजपा मंडल छिपादोहर के दर्जनों आदिवासी पदाधिकारी , भाजपा युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष , मोर्चा के सभी आदिवासी पदाधिकारी और छिपादोहर मंडल के सभी आदिवासी खरवार भाजपा कार्यकताओं का सामूहिक इस्तीफा दिया त्याग पत्र देने वाले सदस्यों ने इसकी भाजपा जिला अध्यक्ष लातेहार को दिया है .इस्तीफा देने वाले में भाजपा मंडल अध्यक्ष मुद्रिका सिंह, भाजपा मंडल महामंत्री सह मुखिया कुचिला सत्रोहन सिंह ,भाजयुमो मंडल अध्यक्ष सह छिपादोहर पंचायत समिति दिलीप कुमार सिंह, भाजयूमो मंडल महामंत्री वीरेंद्र सिंह, भाजयुमो मंडल महामंत्री सह कुचिला पंचायत समिति बलराम सिंह, भाजयुमो उपाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह ,भाजयुमो उपाध्यक्ष उप मुखिया सरीमन सिंह, भाजपा प्रभारी बिगन सिंह ,भाजयुमो कार्यकर्ता अवधेश सिंह, केड राजेश सिंह, लक्ष्मण सिंह , रामप्यारे सिंह, महेंद्र सिंह , सुरेश्वर सिंह, बबलू सिंह, राजकुमार सिंह, सिंह, अनीता देवी, महिला मोर्चा मालती देवी, ओम कुमार, संजय सिंह, दिलबाग सिंह समेत अन्य कार्यकर्ता शामिल हैं।

# जेएमएम नेता ने बकरीद पर मस्जिद कमेटी व अन्य लोगों को किया सम्मानित



**नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह**

प्रखण्ड बीस सूत्री सदस्य सह जेएमएम नेता शशि भूषण तिवारी ने ईद उल अजहा (बकरीद) के मौके पर गुरुवार को छेंचा के पठान टोला स्थित मस्जिद पहुंचकर मुसलमान भाइयों को बकरीद की बधाई देते हुए अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया. झारखंड मुक्ति मोर्चा नेता शशि भूषण तिवारी द्वारा सम्मानित किए गए लोगों में

समाजसेवी निजाम खान, कासिम अंसारी, अलाउद्दीन खान, कयूम खान, मंजूर खान, मुस्लिम खान, समीम खान, आबिद खान, नसीर खान, मुस्ताक खान, कयूम खान, झारखंड मुक्ति मोर्चा प्रखंड उपाध्यक्ष सह प्रखंड बीस सूत्री सदस्य महबूब आलम, जमालुद्दीन खान, तबारक खान, अकबर खान, तस्लीम खान, जफर खान, इमामुद्दीन खान, औरंगजेब खान, जहीर आलम, तनवीर खान, मासूम खान, गुलजार खान, इम्तियाज खान, दस्तगीर खान, जमशेद खान, खुर्शीद खान, आसिफ कौशर, इमरान खान, मजीद खान, शाही खान और गौशुलवरा खान मोगल अंसारी, आलम शाह, सुबह अंसारी, अली हसन मियां, अब्बास मियां, रिजवान अंसारी समेत काफी संख्या में मुस्लिम समाज के लोग मौजूद थे।

**आस्था**

## सोते-जागते करें परमात्मा का स्मरण

# माता-पिता की सेवा से होते हैं सभी मनोरथ पूर्ण : जीयर स्वामी



**नवीन मेल संवाददाता**

**श्री बंशीधर नगर (गढ़वा)।** माता-पिता की सेवा मानव का धर्म है। अपनी सेवा से माता-पिता को संतुष्ट करने वाला 33 कोटि देवताओं को भी संतुष्ट कर लेता है। माता-पिता की सेवा नहीं करने वाले साधक से देवता भी प्रसन्न नहीं होते। माता-पिता देव के समान होते हैं। शास्त्रों में भी कहा गया है कि 'मातृ देवो भव, पितृ देवो भव। श्री जीयर स्वामी ने श्रीमद् भागवत कथा के दरम्यान कहा कि भगवान कपिल अपने पिता कर्दम ऋषि के जंगल में जाने के बाद माता देवहूति की सेवा कर रहे थे। स्वामी जी ने कहा कि माता-पिता की सेवा सबसे बड़ा धर्म है। उन्होंने कहा कि घर में माता-पिता रूपी तीर्थ की उपेक्षा कर तीर्थाटन करना मानव के लिये कल्याणकारी नहीं है। शास्त्रों में माता-पिता का स्थान सर्वोच्च है। माता जन्म देने के साथ ही प्रथम गुरू का कार्य करती हैं। पिता पालनकर्ता होता है। इनसे पोषित होने के बाद ही हम दुनिया को जानते हैं। स्वामी जी ने कपिल जी और माता देवहूति संवाद की चर्चा करते हुए कहा कि इन्द्रियों के भटकाव को रोकना चाहिए। अच्छे आचरण, अच्छे विचार और अच्छे कार्य को आत्मसात करना चाहिए ।कर्म और आचरण की व्याख्या करते हुए बोले कि दूर से गंगाजल लाकर अच्छा कार्य किया, लेकिन उसमें एक बूंद शराब डाल दिया तो कर्म और व्यवहार दोनों निरर्थक हो गये। आचरण विहीन व्यक्ति का कार्य वही है। मनुष्य के जीवन में आचरण उत्तम होना चाहिए। उतम आचरण से हीन व्यक्ति को वेद भी शुद्ध नहीं कर सकता। काम, क्रोध और लोभ को जीवन की साधना में बाधक बताते हुए कहा कि ये सुन्दर भोजन में कंकड़ जैसे बाधक होते हैं। ये मानव जीवन में घुन के समान हैं, जो जीवन का विनाश कर देते हैं। स्वहित में इनका त्याग करना चाहिये। यदि लोभ और क्रोध, व्यक्ति समाज और राष्ट्रहित में है तो वह मान्य है। धर्मपत्नी की चर्चा करते हुए कहा कि पत्नी को चंद्रमुखी होनी चाहिए। चंद्रमुखी से तात्पर्य सुन्दरता से नहीं, बल्कि ताप से तपित और श्रम से थके मनुष्य को घर में आने पर शांति और शीतलता प्रदान करने से है। यही गृहस्थ धर्म की मयार्दा है। पति को भगवान का स्वरूप मानना चाहिए। श्री जीयर स्वामी जी महाराज ने कहा कि संसार में जितनी भी दिखने वाली वस्तुएं हैं वे सब नास्वर है।ईश्वर प्राप्ति में यह सब बाधा है। क्योंकि जब तक संसार से बैराग्य नहीं होगा जब तक ईश्वर की प्राप्त नहीं हो सकती। जब मनुष्य संसार के बारे में हकीकत जान लेगा तो उसे बैराग्य ले लेगा लेकिन जब ईश्वर के बारे में जान लेगा तो उनसे प्रेम हो जाएगा। भगवान की तरफ खिंचाव होने का नाम भक्ति है। भक्ति कभी पूर्ण नहीं होती। प्रत्यूष उत्तरोत्तर बढ़ती ही रहती है। भेद मत में होता है प्रेम नहीं। प्रेम संपूर्ण मत वादों को खा जाता है। भागवत प्रेम में जो आनन्द है वह ज्ञान में नहीं है। ज्ञान में तो अखंड आनन्द है पर प्रेम में अनंत आनन्द है। तपस्या से प्रेम नहीं मिलता प्रत्यूष शक्ति मिलती है। प्रेम भगवान में अपनापन होने से मिलता है। जिसका मिलना अवश्यंभावी है उस परमात्मा से प्रेम करो और जिसका बिछुड़ना अवश्यंभावी है उस संसार की सेवा करो। प्रेम वही होता है जहां अपने सुख और स्वार्थ की गंदगी नहीं होती। जब तक साधक अपने मन की बात पूरी करना चाहेगा तब तक उसका न शगुण में प्रेम होगा न निर्गुण में। जो चीज अपनी होती है वह सदा अपने को प्यारी लगती है। अतः एकमात्र भगवान को अपना मान लेने पर भगवान में प्रेम प्रकट हो जाता है। जब तक संसार से प्रेम है तब तक भगवान में असली प्रेम नहीं है।जब तक नाशवान की तरफ खिंचाव रहेगा तब तक साधन करते हुए भी भगवान की तरफ खिंचाव और उसका अनुभव नहीं होगा। प्रेम मुक्ति से भी आगे की चीज है मुक्ति तक तो जीव रस का अनुभव करने वाला होता है। पर प्रेम में वह रस का दाता बन जाता है। ज्ञान मार्ग में दुख बंधन मिट जाता है और स्वरूप में स्थित हो जाताहै। पर मिलता कुछ नहीं। परंतु भक्ति मार्ग में प्रतिक्षण प्रेम मिलता है।

# संक्षिप्त

## मुस्लिम धर्मावलंबियों ने अकीदत के साथ मनाई बकरीद

**केतार (गढ़वा)।** प्रखंड में पुरी अकीदत के साथ इस्लाम धर्मावलंबियों का त्योहार ईद उल अजहा यानी बकरीद का त्योहार मनाया गया। इस अवसर पर प्रखंड के बेलाबार और नावाडीह गांव के मस्जिद में विशेष नमाज अदा की गयी। मुस्लिम समुदाय के लोग गुरुवार की सुबह स्नान के बाद नये कपड़े पहनकर अपने नजदीक के मस्जिद में पहुंचे और नमाज अदा की। मस्जिद में पेश इमाम और मौलाना ने तकरीर किया और विशेष नमाज अदा करायी। इस दौरान नमाजियों ने मुल्क में अमन,चैन, तरक्की एवं सलामत की दुआ मांगी। इसके बाद लोग एक दूसरे से गले मिलकर बकरीद की मुबारकबाद दी। इसके बाद मुस्लिम समुदाय के लोगों ने अल्लाह की राह में बकरे की कुबार्नी दी। मुस्लिम समुदाय के लोगों ने अपने अपने घरों में सेवई बनाया और आपस में खुशियां मनाई। इस दौरान केतार की पुलिस मुस्तैद रहीं।

## बोलेरो की चपेट में आने से महिला की मौत

**धुरकी (गढ़वा)।** थाना क्षेत्र के रक्शी गांव स्थित अकेलवा टोला निवासी एक महिला पर बोलरो गाड़ी चढ़ने से ईलाज के दौरान गढंवा में मृत्यू हो गयी। मिली जानकारी के अनुसार रक्शी गांव के अकेलवा टोला निवासी अमरनाथ यादव की पत्नी फुलवंनती देवी 35 वर्ष अपने पुत्र के साथ मोटरसाइकिल से धुरकी की ओर जा रही थी। वहीं पीछे से एक बोलरो जो रक्शी के कृष्णा वेदिया का था। उक्त महिला मोटरसाइकिल से गिर गयी थी। पीछे से आ रही बोलरो उक्त महिला पर चढ़ गयी। आनन फानन में ईलाज के लिए उसे गढंवा लेजाया गया। जहां महिला की इलाज के दौरान मृत्यू हो गयी। इस समबन्ध में पूछे जाने पर पर थाना प्रभारी सदानन्द कुमार ने कहा कि पुलिस मामले की जांच कर रही है। दोषियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज किया जायगा।

## धूमधाम के साथ मना ईद उल अजहा का पर्व

**डंडई (गढ़वा)।** प्रखंड क्षेत्रों में धूमधाम के साथ गुरुवार को ईद उल अजहा का पर्व मनाया गया। मुस्लिम धर्मावलंबियों ने मस्जिद में ईद उल अजहा का नमाज अदा कर आपसी भाईचारा व अमन चैन के साथ-साथ तरक्की की दुआ मांगी। उक्त अवसर पर लोगों ने एक दूसरे से गले लग कर बकरीद पर्व की मुबारकबाद भी दिया। इतना ही नहीं बच्चे बूढ़े नौजवान के अलावा महिलाओं ने भी एक दूसरे के घर जाकर बने पकवान का भी आनंद उठाया। पर्व को लेकर मुस्लिम समाज के लोगों में काफी उत्साह व उमंग देखा गया।

## करंट लगने से गाय की मौत

**मेराल (गढ़वा)।** थाना क्षेत्र के हासनदाग गांव निवासी फुलवंती देवी पति उदय चौधरी की गाय बिजली के करंट लगने से मौत हो गई। फुलवंती देवी ने बताया कि गुरुवार को दोपहर अपना घर से गाय को लेकर चराने जारही थी। नहर पर सड़क स्थित बिजली की ट्रांसफरमर पड़ता है। गाय पार होने के दौरान ट्रांसफार्मर के नीचे अर्थ में करेंट होने की वजह से मेरी गाय चिपक गई। मैं कुछ करती तब तक करंट से घटना स्थल पर ही गाय की मौत हो गई। फुलवंती देवी ने कहा कि मेरी गाय महंगे दामों पर खरीदारी की गई थी। जो एक माह के अंदर बच्चा देने वाली थी। गाय 2 किलो से ऊपर एक टाइम में दूध देती थी। फुलवंती देवी ने सरकार से अपनी गाय के मुआवजा के लिए गुहार लगाई है।

## सड़क दुर्घटना में महिला घायल

**गढ़वा।** बरडीहा थाना क्षेत्र के सरस्वतीया गांव निवासी स्वर्गीय महेश यादव की पत्नी भगमनती कुंवर मोटरसाइकिल के चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गई। उसे इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती किया गया है। घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि भगमती कुंवर अपने घर से पैदल मझिआंव जाने के लिए टम्पू पकड़ने जा रही थी। इसी दौरान घुरूआ गांव के पास एक मोटरसाइकिल सवार ने उसे धक्का मार दिया। घटना के बाद परिजनों से सदर अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां उक्त महिला का इलाज चल रहा है।

## ईंट गिरने से महिला घायल

**गढ़वा।** कांडी थाना क्षेत्र के पतीला गांव निवासी दिलीप राम की पत्नी बिंदा देवी ईंट गिरने से घायल हो गई। उसे इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती किया गया है। घटना के संबंध में परिजन ने बताया कि जिंदा देवी अपने घर के पास बैठी हुई थी। इसी दौरान बच्चे ने छत के ऊपर से ईंट गिरा दिया। इससे उसका सर फूट गया। घटना के बाद परिजन उसे सदर अस्पताल लाकर भर्ती करवाया।

## सांप के काटने से युवक जख्मी

**कांडी (गढ़वा)।** थाना क्षेत्र के चोका गांव निवासी गरीबा महतो का पुत्र रमेश महतो सांप काटने से जख्मी हो गया। उसे इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती किया गया है। घटना के संबंध में बताया गया कि बुधवार को बारिश हुई थी। इसके बाद रमेश महतो अपने खेत में पानी बंद कर रहा था। इसी दौरान सांप ने उसे हाथ में काट लिया। घटना की जानकारी मिलने के बाद परिजन उसे सदर अस्पताल में भर्ती करवाया।

## मारपीट में युवक घायल

**गढ़वा।** डंडई थाना क्षेत्र के करके गांव निवासी संतोष राम का पुत्र अमित कुमार राम मारपीट की घटना में घायल हो गया। उसे इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती किया गया है। घटना के संबंध में परिजन ने बताया कि अमित कुमार राम गढ़वा थाना क्षेत्र के अशोक विहार में किराए के मकान में रहकर पढ़ाई करता है। बुधवार की रात किसी काम से प्रखंड कार्यालय के पास आया हुआ था। इसी दौरान अज्ञात व्यक्तियों ने उसे मारपीट कर जख्मी कर दिया। घटना की जानकारी परिजनों के मिलने के बाद उसे सदर अस्पताल में भर्ती करवाया।

# सुरक्षा है जरूरी..

*किसी* भी राज्य के विकास में आधारभूत संरचना का होना जरूरी है। कहने का अभिप्राय यह कि सड़क,बिजली,पानी,शिक्षा,स्वास्थ्य का होना जरूरी है। ये चीजें सशक्त राज्य के लिए जरूरी होते हैं। इन्हीं से उद्योग और कारोबार में बढ़ोतरी होती है। यह भी बहुत जरूरी है कि विकास में योगदान देने वाले उद्योगपतियों और कारोबारियों को उचित माहौल मिले। तभी किसी राज्य का विकास संभव है। अगर इन चीजों पर सवाल उठने लगे तो यह समझ लेना चाहिए कि हमारा सिस्टम ठीक नहीं है। हाल के दिनों में राज्य के कई जगहों पर मसलन धनबाद जैसे शहरों में कारोबारियों ने हाथ खड़े करने शुरू कर दिये हैं। उसका एक मात्र कारण है रंगदारी मांगा जाना। धमकियों की वजह से कारोबारी परेशान हैं। रंगदारी की वजह से ये लोग भय के वातावरण में अपना व्यवसाय चलाने को मजबूर हैं। कई लोगों ने स्वीकार भी किया है कि अगर यही हालात और कुछ दिनों तक रहे तो वह अपना व्यवसाय बंद कर देगें। हर दिन किसी न किसी का रंगदारी के लिए फोन आना ,यह दर्शाता है कि यहां के रंगदारों को किसी का डर नहीं है। ऐसे में समझा जा सकता है कि इनके नेटवर्क के तार राजनेताओं से भी जुड़े हों,तो कोई अतिश्योक्ति नहीं होगी। यहां के कारोबारी जब पुलिस के पास जाते हैं तो वह संसाधनों का अभाव बताकर पल्ला झाड़ लेते हैं। ऐसे में व्यवसाय को जब तक सकारात्मक माहौल नहीं मिलेगा, तब तक वह कैसे काम करेगें। चौक चौराहों पर भी चेकपोस्ट बंदी के कगार पर हैं। संवेदनशील जगहों पर पुलिस की अनुपस्थिति यह बताने के लिए काफी है कि यहां कानून नाम की कोई चीज नहीं है। ऐसे में जब तक सकारात्मक माहौल व्यवसायियों को नहीं मिलेगा तब तक वह कैसे वह अपना काम करेगें। यह सोचने वाली बात है। इस स्थिति में रंगदारों पर नकेल कसना जरूरी है। कोई भी आदमी भय के माहौल में अपना रोजगार नहीं कर सकता है। इसके लिए सुरक्षा देना प्रशासन और सरकार का काम है। वैसे भी धनबाद में रंगदारी कोई नई बात नहीं है। यह सब काला सोना की वजह से होता है। कोयलांचल की धरती कई बार खून से सराबोर होती रहती है। ऐसे में यहां का अपराध और जगहों से अलहदा है। इसे रोकने के लिए पुलिस को आधुनिक तकनीक का सहारा लेना होगा। कारण यहां के अपराधियों को सत्ता का संरक्षण मिलता रहा है। बात जो भी हो,अपराधियों और रंगबाजों पर सख्ती आवश्यक है। तभी इनका नेटवर्क टूटेगा। ऐसे में व्यवसायियों की चिन्ता जायज है। इस माहौल में वह अपने परिवार के साथ रहकर कैसे व्यवसाय कर सकते हैं। इसके लिए सुरक्षा का माहौल बनाना ही पड़ेगा। ऐसा नहीं होने की स्थिति में कोई भी व्यवसाय करना मुश्किल है। बहरहाल किसी भी सभ्य समाज के लिए सबसे जरूरी है सुरक्षा। लॉ एण्ड ऑडर जहां है वहां प्रत्येक क्षेत्र में विकास हो रहा है। जब तक कोई आदमी अपने आप को सुरक्षित महसूस नहीं करेगा तब तक वह अपने कार्यों को सही तरीके से नहीं कर सकता है। अगर कोई बाहर का व्यक्ति झारखण्ड में व्यवसाय कर रहा है तो उसे सुरक्षा देना जिला प्रशासन और सरकार का प्रथम कर्तव्य है। लेकिन यहां देखा जा रहा है कि कारोबारी अपना व्यवसाय ठीक से नहीं कर पा रहें है। इसके पीछे रंगदारों की रंगदारी है। ऐसे लोगों का समर्थन पर्दे के पीछे करने वाले उन चेहरों का होना जरुरी है। अपराधी रंगदारी की मांग अपने आका के स्पोर्ट के कारण हीं करते हैं।

**हाल के दिनों में राज्य के कई जगहों पर मसलन धनबाद जैसे शहरों में कारोबारियों ने हाथ खड़े करने शुरू कर दिये हैं। उसका एक मात्र कारण है रंगदारी मांगा जाना। धमकियों की वजह से कारोबारी परेशान हैं।**

# संसद की धुरी ही देश के शासन की नींव है





ललित गर्ग

इन दिनों

*अंतरराष्ट्रीय* संसदीय दिवस हर साल 30 जून को विश्व स्तर पर मनाया जाता है। यह दिवस लोकतांत्रिक सदनों की उन प्रक्रियों को सशक्त बनाने के लिए मनाया जाता है जिनके द्वारा सरकारें दुनिया भर के लोगों के रोजमर्रा के जीवन को बेहतर बनाती हैं, नवीन योजनाएं बनाती और उन्हें लागू करती है, राष्ट्र विकास, सुरक्षा एवं सुशासन को सुनिश्चित करती है। इस दिवस की शुरूआत वर्ष 2018 में संयुक्त राष्ट्र महासभा के प्रस्ताव के माध्यम से की गई थी। भारतीय लोकतंत्र में संसद जनता की सर्वोच्च संस्था है। इसी के माध्यम से आम लोगों की संप्रभुता को अभिव्यक्ति मिलती है। संसद ही इस बात का प्रमाण है कि हमारी राजनीतिक व्यवस्था में जनता सबसे ऊपर है, जनमत सर्वोपरि है। संसदीय शब्द का अर्थ ही ऐसी लोकतंत्रात्मक राजनीतिक व्यवस्था है जहां सर्वोच्च शक्ति जनता के प्रतिनिधियों के उस निकाय में निहित है जिसे हम संसद कहते हैं। भारत की संसदीय प्रणाली दुनिया में लोकप्रिय एवं आदर्श है, बावजूद इसके सत्ता की आकांक्षा एवं राजनीतिक मतभेदों के चलते लगातार संसदीय प्रणाली को धुंधलाने की घटनाएं होते रहना दुर्भाग्यपूर्ण है। अब संसद की कार्रवाई को बाधित करना एवं संसदीय गतिरोध आमबात हो गयी है। संसद एक ऐसा मंच है जहां विरोधी पक्ष के सांसद आलोचना एवं विरोध प्रकट करने के लिये स्वतंत्र होते हैं, विरोध प्रकट करने का असंसदीय एवं आक्रामक तरीका, सत्तापक्ष एवं विपक्ष के बीच तकरार और इन स्थितियों से उत्पन्न संसदीय गतिरोध लोकतंत्र की गरिमा को धुंधलाने वाले हैं। अपने विरोध को विराट बनाने के लिये सार्थक बहस की बजाय शोर-शराबा और नारेबाजी की स्थितियां कैसे लोकतांत्रिक कही जा सकती है? कितना दुखद प्रतीत होता है जब कई-कई दिन संसद में ढंग से काम नहीं हो पाता है। विवादों का ऐसा सिलसिला खड़ा कर दिया जाता है कि संसद में सारी शालीनता एवं मर्यादा को ताक पर रख दिया जाता है। विवाद तो संसद में भी होती हैं और सड़क पर भी। लेकिन संसद को सड़क तो नहीं बनने दिया जा सकता? वैसे, भारतीय संसदीय इतिहास में ऐसे अवसर बार-बार आते हैं, जब परस्पर संघर्ष के तत्व ज्यादा और समन्वय एवं सौहार्द की कोशिशें बहुत कम नजर आती है। स्पष्ट है कि यदि दोनों पक्ष अपने-अपने रवैये पर अडिग रहते हैं तो संसद का चलना मुश्किल ही होगा। संसद में हुड़दंग मचाने, अभद्रता प्रदर्शित करने एवं हिंसक घटनाओं को बल देने के परिदृश्य बार-बार उपस्थित होते रहना भारतीय लोकतंत्र की गरिमा से खिलवाड़ ही माना जायेगा। सफल लोकतंत्र के लिए सत्ता पक्ष के साथ ही मजबूत विपक्ष की भी जरूरत होती है। इस संसदीय सत्र में महिलाओं का संसद में प्रतिनिधित्व बढा है और 17वीं लोकसभा में 78 महिला जनप्रतिनिधि सांसद के तौर पर चुन कर संसद पहुंची हैं जो भारत में अब तक की सबसे बड़ी संख्या है, हालांकि पुरी दुनिया के संसदों में महिला सांसदों का हिस्सा 25 प्रतिशत है। इस लिहाज से भारत की संसद में महिलाओं की हिस्सेदारी दुनिया के औसत से अभी भी कम है। भारत के संदर्भ में अगर बात की जाए तो संसदीय लोकतंत्र काफी मजबूती से बीते 75 सालों में दुनिया के सामने आया है। साल 1889 में सांसदों के एक छोटे समूह के रूप में शुरू हुआ अंतर-संसदीय संघ आज संसदीय कूटनीति और संवाद के माध्यम से विश्वशांति को बढ़ावा देने के लिए समर्पित है। अंतर-संसदीय संघ का नारा 'लोकतंत्र के लिए- सभी के लिएह्व और लक्ष्य 'लोकतंत्र और संसद द्वारा लोगों की शांति और विकास के लिए दुनिया की हर आवाज को सुना जाए' है। वर्तमान परिदृश्य में संसदीय लोकतंत्र के लिहाज से अंतरराष्ट्रीय संसदीय दिवस का आयोजन काफी महत्वपूर्ण हो जाता है, जब लोग राजनीतिक संस्थानों में से विश्वास खोते जा रहे हैं। हम दुनिया के कई देशों में लोकतंत्र के ऊपर नस्लीय, धार्मिक उन्माद, आतंकवाद और तानाशाही के खतरे को मंडराते देख रहे हैं। ऐसे में अगर दुनिया में लोकतंत्र को मजबूती से पनपाना है तो दुनिया भर की संसदों को लोकतंत्र की आधारशिला के रूप में मजबूत, पारदर्शी और जवाबदेह होने की जरूरत है। अंतर-संसदीय संघ अपने इसी लक्ष्य की प्राप्त करने के लिए सभी देशों की संसद तथा सांसदों के बीच समन्वय और अनुभवों के आदान प्रदान को प्रोत्साहित करता है। अंतर-संसदीय संघ मानवाधिकारों की रक्षा और संवर्धन में योगदान देने के साथ ही प्रतिनिधि संस्थाओं के सुदृढ़ीकरण तथा विकास में भी अपना योगदान देता रहता है। दुनिया के सभी देशों के चुने हुए जनप्रतिनिधियों को एक ही छत के नीचे लाने की पहल 1870-1880 के दशक में शुरू हुई। अंतर-संसदीय संघ का मुख्यालय जिनेवा में है जो स्विट्जरलैंड में स्थित है। अंतर-संसदीय संघ सभी देशों के संसदों का वैश्विक संगठन है। भारत के आजादी के अमृतकाल की शुरूआत में नये संसद भवन का बनना एक ऐतिहासिक घटना है। भारत के संविधान के अनुसार संघीय विधानमंडल को संसद कहा गया है। भारतीय संसद राष्ट्रपति और दोनों सदनों राज्यसभा और लोकसभा से मिलकर बनी है। संसद ही वह धुरी है, जो देश के शासन की नींव है। देश का भविष्य संसद के चेहरे पर लिखा होता है। यही से देश की समस्याओं का समाधान होता है। लेकिन वहां भी शालीनता एवं सभ्यता का भंग होता है तो समस्या सुलझने की बजाय उलझती जाती है। छोटी-छोटी बातों पर अभद्र शब्दों का व्यवहार, हो-हल्ला, छींटाकशी, हंगामा और बहिर्गमन आदि ऐसी घटनाएं हैं, जिनसे संसद जैसी प्रतिनिधि संस्था का गौरव घटता है। देश में नैतिकता के आन्दोलन का नेतृत्व करने वाले आचार्य तुलसी ने संसद के गौरव को कायम रखने के लिये अणुव्रत संसदीय मंच बनाया, जो आजादी से अब तक निरन्तर अपना कार्य कर रहा है, चुने हुए सांसदों में से नैतिक निष्ठा वाले सांसद इस मंच से सक्रिय रूप से जुड़कर संसद में नैतिक मूल्यों को बल देते है एवं देश को नैतिक दृष्टि से सुदृढ़ बनाने के लिये संसद में समय-समय पर आवाज उठाते हैं। वर्तमान में इस मंच के संयोजक कानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल है। आग्रह, पूर्वाग्रह और दुराग्रह- भारतीय राजनीति में ऐसे लोग गिनती के मिलेंगे जो इन तीनों स्थितियों से बाहर निकलकर जी रहे हैं। पर जब हम आज राष्ट्र की विधायी संचालन में लगे अगुओं को देखते हैं तो किसी को इनसे मुक्त नहीं पाते।

**अंतर-संसदीय संघ का नारा 'लोकतंत्र के लिए-सभी के लिएह्व और लक्ष्य 'लोकतंत्र और संसद द्वारा लोगों की शांति और विकास के लिए दुनिया की हर आवाज को सुना जाए' है।**

## बोधि वृक्ष

### *आईये सुने भगवान सत्यनाराण की कथा*

सत्यनारायण भगवान की कथा सुनने के बाद सामर्थ्य अनुसार ब्राह्मणों को दक्षिणा देनी चाहिए और बंधु बांधव व ब्राह्मणों को भोजन कराना चाहिए। कलियुग में यह सबसे छोटा सा उपाय है।

**श्री मन नारायण-नारायण-नारायण।**

**भज मन नारायण-नारायण-नारायण।**

**श्री सत्यनारायण भगवान की जय।**

**सत्यनारायण व्रत दूसरा अध्याय**

श्रीसूतजी बोले - हे द्विजों! अब मैं पुनः पूर्वकाल में जिसने इस सत्यनारायण व्रत को किया था, उसे भलीभांति विस्तारपूर्वक कहूंगा। रमणीय काशी नामक नगर में कोई अत्यन्त निर्धन ब्राह्मण रहता था। भूख और प्यास से व्याकुल होकर वह प्रतिदिन पृथ्वी पर भटकता रहता था। ब्राह्मण प्रिय भगवान ने उस दुखी ब्राह्मण को देखकर वृद्ध ब्राह्मण का रूप धारण करके उस द्विज से आदरपूर्वक पूछा - हे विप्र! प्रतिदिन अत्यन्त दुखी होकर तुम किसलिए पृथ्वी पर भ्रमण करते रहते हो। हे द्विजश्रेष्ठ! यह सब बतलाओ, मैं सुनना चाहता हूं।

**ब्राह्मण बोला - प्रभो**! मैं अत्यन्त दरिद्र ब्राह्मण हूं और भिक्षा के लिए ही पृथ्वी पर घूमा करता हूं। यदि मेरी इस दरिद्रता को दूर करने का आप कोई उपाय जानते हों तो कृपापूर्वक बतलाइये। वृद्ध ब्राह्मण बोला - हे ब्राह्मणदेव! सत्यनारायण भगवान्‍ विष्णु अभीष्ट फल को देने वाले हैं। हे विप्र! तुम उनका उत्तम व्रत करो, जिसे करने से मनुष्य सभी दुखों से मुक्त हो जाता है। व्रत के विधान को भी ब्राह्मण से यत्नपूर्वक कहकर वृद्ध ब्राह्मणरूपधारी भगवान्‍ विष्णु वहीं पर अन्तर्धान हो गये। 'वृद्ध ब्राह्मण ने जैसा कहा है, उस व्रत को अच्छी प्रकार से वैसे ही करूंगा' - यह सोचते हुए उस ब्राह्मण को रात में नींद नहीं आयी। अगले दिन प्रात : काल उठकर 'सत्यनारायण का व्रत करूंगा' ऐसा संकल्प करके वह ब्राह्मण भिक्षा के लिए चल पड़ा।

*(क्रमशः)*

# समय की जरुरत है समान नागरिक संहिता



मृत्युंजय दीक्षित

राजनीति


*प्रधानमंत्री* नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार अब भारत देश हित में लिया गया अपना एक और संकल्प पूरा करने की ओर अग्रसर है और यह संकल्प है समान नागरिक संहिता का। देश लम्बे समय से समान नागरिक संहिता कानून मांग कर रहा है। सबसे बड़ी बात यह है कि समान नागरिक संहिता संविधान सम्मत है। भोपाल में भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस बात के संकेत दे दिये हैं कि अब सरकार समान नागरिक संहिता पर तीव्र गति से आगे बढ़ रही है और 2024 लोकसभा चुनाव से पूर्व ही संसद के आगामी सत्रों में सदन से पारित करवाया जा सकता है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एकदम साफ कहा कि कुछ विरोधी दल जो तुष्टिकरण करते हैं तथा मुस्लिम समाज को केवल अपना वोटबैंक समझते हैं, वही यूनिफार्म सिविल कोड के नाम पर मुसलमानों को भड़का रहे हैं। उन्होंने कहा कि एक घर में एक सदस्य के लिए एक कानून हो और दूसरे के लिए दूसरा हो तो घर चल पायेगा क्या? तो ऐसी दोहरी व्यवस्था से देश कैसे चल पायेगा ? प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने बार- बार कहा है कि कॉमन सिविल कोड लाओ लेकिन वोटबैंक की राजनीति करने वालों ने हमेशा इसका विरोध किया है। उधर, देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भी पिछले दिनों एक कार्यक्रम में कहा था कि एक बड़ी व विदेशी साजिश के तहत समान नागरिक संहिता का विरोध किया जा रहा है। रक्षा मंत्री ने जो कड़े तेवर दिखाये हैं, उससे भी यह संदेश जा रहा है कि अब समान नागरिक संहिता बहुत ही जल्द भारत का कानून बन जायेगा। सरकार समान नागरिक संहिता पर बहुत ही सतर्कता व तर्कों के साथ आगे बढ़ रही है ताकि उसका विरोध ठंडा हो जाये। यही कारण है कि सबसे पहले केंद्रीय विधि आयोग की ओर से समान नागरिक संहिता पर आम नागरिकों व धार्मिक संस्थाओं से संहिता के सन्दर्भ में उनके सुझाव व विचार मांगे गये हैं ताकि भारत के सभी नागरिकों, समाजों, पंथों और मजहबों, पर समान कानून लागू हो सके। आम जनता अपने मोबाइल, लैपटाप आदि के माध्यम से विधि आयोग की वेबसाइट पर जाकर आने विचार साझा कर सकती है। विधि आयोग की यह पहल सार्वजनिक होते ही मुस्लिम तुष्टिकरण करने वाली सभी संस्थाओं, नेताओं, सांसदों व विधायकों ने झूठ पर आधारित बयान देने की श्रृंखला प्रारम्भ कर दी है और यह अनवरत जारी है। भाजपा की स्थापना के समय से ही समान नागरिक संहिता उसके तीन मूल ध्येयों में से एक रहा है। 2014 से 2019 तक केंद्र में भाजपा सरकार बनने के बाद अब तक वह दो प्रमुख ध्येय प्राप्त कर चुकी है। पहला अयोध्या में श्रीरामजन्मभूमि मुक्त हो चुकी है और वहां भव्य राममंदिर का निर्माण प्रगति पर है और दूसरा जम्मू- कश्मीर से अनुच्छेद - 370 की समाप्ति हो चुकी है। अब सरकार समान नागरिक संहिता पर आगे बढ़ रही है। वर्तमान में समान नागरिक संहिता कानून भारत के गोवा राज्य में लागू है जबकि गुजरात व उत्तराखंड में प्रक्रिया चल रही है। उत्तराखंड में एक आयोग इस विषय पर आम जनता से मंत्रणा कर रहा है और उसकी रिपोर्ट 30 जून तक आ जायेगी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का कहना है कि उत्तराखंड की जनता से किया गया हर वादा हर हाल में पूरा किया जायेगा और राज्य में जल्द ही समान नागरिक संहिता को लागू किया जायेगा।

**भाजपा की स्थापना के समय से ही समान नागरिक संहिता उसके तीन मूल ध्येयों में से एक रहा है। 2014 से 2019 तक केंद्र में भाजपा सरकार बनने के बाद अब तक वह दो प्रमुख ध्येय प्राप्त कर चुकी है।**

## फोटो की दुनिया



फेसबुक वॉल से




# 'आदिपुरुष' में 'अपमान' की लंका तो जलेगी ही



मुकुंद

फिल्म जगत

फिल्म 'आदिपुरुष' का कानून की कसौटी पर कसा जाना तय है। जनता की अदालत तो अपना आक्रोश व्यक्त कर ही चुकी है। अब इलाहाबाद हाई कोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने इस फिल्म के खिलाफ दाखिल दो जनहित याचिकाओं की सुनवाई में तीखी मौखिक टिप्पणी की है। खंडपीठ ने कहा है कि हिंदू सहिष्णु है। खंडपीठ ने सवाल किया है कि हर बार उसकी सहनशीलता की परीक्षा ली जाती है। वे सभ्य हैं तो उन्हें दबाना सही है क्या। जस्टिस राजेश सिंह चौहान एवं जस्टिस श्रीप्रकाश सिंह की खंडपीठ ने फिल्म के संवाद लेखक मनोज मुंतशिर उर्फ मनोज शुक्ला को प्रतिवादी बनाये जाने के प्रार्थना पत्र पर यह तल्ख टिप्पणी की। न्यायविदों के इस रुख से धर्मावलंबियों का सीना गर्व से भर गया है। देश की जनता को अब लगा है कि उसकी आस्था पर चोट करने वाले सिनेमा 'आदिपुरुष' की लंका तो जलेगी ही। मगर हैरानी के साथ सबसे बड़ा सवाल यह है कि सेंट्रल बोर्ड ऑफ फिल्म सर्टिफिकेशन (सेंसर बोर्ड) ने यह फिल्म पास कैसे कर दी। वह भी बोर्ड के कुछ सदस्यों के देखे बिना। सेंसर बोर्ड के सदस्य विवेक अग्निहोत्री ने कहा है कि उन्होंने अभी तक यह फिल्म नहीं देखी है। उन्होंने जोर देकर कहा- 'हम प्रमाणन के लिए फिल्म नहीं देखते। फिल्म को आम लोग देखते हैं। मुझे नहीं पता कि फिल्म का किस स्तर पर क्या हुआ और इसे किसने देखा। मैं 'द वैक्सीन वॉर' की शूटिंग में व्यस्त था। इसलिए, मुझे 'आदिपुरुष' के बारे में ज्यादा जानकारी नहीं है।' यहां यह जानना बेहद जरूरी है कि यह महत्वपूर्ण संस्था केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय की संवैधानिक इकाई है। यह संस्था 1952 के सिनेमेटोग्राफ एक्ट के तहत फिल्मों के प्रसारण पर नजर रखती है। देश में सेंसर बोर्ड को दिखाये बिना कोई भी फिल्म आम दर्शकों के लिए रिलीज नहीं की जा सकती है। बोर्ड के नये सदस्यों में विद्या बालन, विवेक अग्निहोत्री, गौतमी तडिमल्ला, नरेश चन्द्र लाल, नील हरबर्ट नॉनकिन्रिह, वामन केंद्र, टीएस नागभराण, रमेश पतंगे, वनी त्रिपाटी टिक्कू, जीविता राजशेखर और मिहिर भुत हैं। इन्हीं सदस्यों में से एक विवेक अग्निहोत्री की यह स्वीकारोक्ति खतरनाक संकेत देती है। क्या पता और भी सदस्यों ने यह फिल्म न देखी हो। तब भी इसे रिलीज के लिए अनुमति देना गैर जिम्मेदारी का 'गंभीर' उदाहरण है। यह फिल्म अपने टीजर से ही विवादों में घिरी हुई है। विश्व हिंदू परिषद की नेता डॉ. प्राची साध्वी टीजर में दिखाये गये रावण के स्वरूप की निंदा कर चुकी हैं। दिल्ली भाजपा के नेता अजय सेहरावत भी 'आदिपुरुष' के रावण की तुलना ऐतिहासिक किरदार अलाउद्दीन खिलजी से करते हुए सवाल उठा चुके हैं। सबसे गंभीर चिंता संत चक्रपाणि महाराज की है। वह ट्विटर पर लिख चुके हैं-'भगवान शिव के अनन्य उपासक लंकापति रावण की भूमिका में दक्षिण भारत की फिल्म आदिपुरुष में सैफ अली खान का चित्रण ऐसा किया गया है, जैसे इस्लामिक खिलजी या चंगेज खान या औरंगजेब है। माथे पर न तिलक न त्रिपुंड।' वह चेता चुके हैं कि पौराणिक चरित्रों के साथ खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं होगा। मध्य प्रदेश के गृहमंत्री नरोत्तम मिश्र भी इस फिल्म में पौराणिक देवता हनुमान जी के स्वरूप पर कड़ा विरोध दर्ज करा चुके हैं। इस फिल्म में हनुमान जी को चमड़े के बने हुए वस्त्र पहने दिखाया गया है। मिश्र का मानना है कि इस तरह के दृश्य धार्मिक भावना आहत करते हैं। इस फिल्म में मां सीता के एक संवाद पर समूचे नेपाल में तूफान आ चुका है।

**सेंसर बोर्ड के सदस्य विवेक अग्निहोत्री ने कहा है कि उन्होंने अभी तक यह फिल्म नहीं देखी है। उन्होंने जोर देकर कहा- 'हम प्रमाणन के लिए फिल्म नहीं देखते।**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 222539, फैक्स नंबर : 06562-241176/ 231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-2283384, फैक्स नंबर : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25, निचली मंजिल, तानसेन मार्ग, (बंगाली बाजार), नई दिल्ली-1, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com।

# डायबिटीज लगने से पहले बॉडी में दिखते हैं ये संकेत




भागदौड़ भरी जिंदगी में लोगों के पास समय का अभाव रहता है। हर पल काम-काम और काम में ही लगा रहता है। इससे बाहर घूमने टहलने का मौका नहीं मिलता जिससे शरीर में हरकतें कम होने लगती है। इससे शिथिल जीवन हो जाता है। दूसरी ओर खान-पान भी बहुत खराब होने लगता है। इस स्थिति शरीर नेचुरल तरीके से जो चीजें खुद बनाती और ठीक करती है, वह काम नहीं हो पाता है। इन सबसे लाइफस्टाइल से संबंधित डायबिटीज और हार्ट संबंधी बीमारियां होने लगती है। वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गेनाइजेशन के मुताबिक विश्व में 42.2 करोड़ से ज्यादा लोग डायबिटीज से पीड़ित हैं।

इनमें करीब 15 लाख लोगों की मौत हर साल प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से डायबिटीज के कारण होती है। हमारे यहां तो सबसे ज्यादा डायबिटीज के मरीज हैं। भारत में सबसे ज्यादा करीब 8 करोड़ लोग डायबिटीज से पीड़ित है और 2045 तक भारत में 13.5 करोड़ लोगों के डायबेटिक होने का खतरा है। यही कारण है कि भारत को डायबेटिक कैपिटल ऑफ वर्ल्ड कहा जाने लगा।

डायबिटीज गलत लाइफस्टाइल और गलत खान-पान की वजह से होता है। हालांकि डायबिटीज को शरीर में पनपने के लिए लंबा वक्त लगता है। इस बीच यदि व्यक्ति अपना लाइफस्टाइल और डाइट सुधार लें तो यह अपने आप सही भी हो जाता है। ऐसे में कई ऐसे संकेत हैं जिनकी मदद से यह समझा जा सकता है कि आने वाले कुछ महीनों या सालों में डायबिटीज शरीर में दस्तक देने वाला है। अगर हम थोड़ा सतर्क हो जाएं, तो इन लक्षणों को पहचाना जा सकता है। इसके साथ ही हम प्री-डायबेटिक स्टेज में डायबिटीज होने से रोक सकते हैं।

## प्री-डायबिटीज के 5 संकेत

### बहुत अधिक थकान

मायो क्लिनिक के मुताबिक वैसे तो थकान कई बीमारियों के लक्षण हैं लेकिन प्री-डायबेटिक कंडीशन से ही थकान ज्यादा होने लगती है। सामान्य से अधिक और लगातार थकान प्री-डायबिटीज के लक्षण हो सकता है। ऐसे में आपको जांच कराने की जरूरत है। यदि फास्टिंग ब्लड शुगर 100 से ज्यादा हो गया और 120 से कम है तो यहीं संभलने का समय है।

### अधिक प्यास लगना

बार-बार प्यास लगना प्री-डायबेटिक कंडीशन हो सकती है। ज्यादा प्यास तभी लगती है जब खून में शुगर की मात्रा थोड़ी बढ़ गई हो। यानी यह प्री-डायबिटीज के संकेत हो सकते हैं। इस स्थिति में तरुंत डायबिटीज की जांच करानी चाहिए।

### भूख ज्यादा लगना

कई बीमारियों में भूख बहुत कम लगती है लेकिन प्री-डायबेटिक स्टेज में भूख ज्यादा लगने लगती है। इसके कई कारण हो सकते हैं। इसलिए पहले ब्लड शुगर टेस्ट कराएं। अगर फास्टिंग ब्लड शुगर 100 से ज्यादा है तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें।

### बार-बार पेशाब आना

यह ऐसा लक्षण है जिसे अधिकांश लोग जानते हैं। बार-बार पेशाब होना या लगना प्री-डायबेटिक स्टेज हो सकता है। खून में शुगर की मात्रा ज्यादा होने से किडनी का फंक्शन धीमा हो जाता है, इसलिए बार-बार पेशाब लगता है।

### आंखों में धुंधलापन

आंखों में धुंधलापन उम्र और आंखों की बीमारियों के कारण आ सकता है लेकिन उपर के अन्य लक्षणों के साथ यदि आंखों में धुंधलापन हो, तो डायबिटीज हो चुका है। डायबिटीज में खून में ब्लड शुगर की मात्रा बढ़ जाती है। यह शुगर शरीर की नसों को भी प्रभावित करती है। इसका असर आंखों पर भी देखने को मिलता है।

## प्री-डायबेटिक स्टेज आते ही लाइफस्टाइल में करें बदलाव

अगर जांच में प्री-डायबेटिक स्टेज कंफर्म हो जाएं तो तुरंत प्रभाव से लाइफस्टाइल में परिवर्तन करें। ऐसी स्थिति में आप तुरंत अपने शरीर में हरकतें लाएं। पैदल चलें, टहलें, एक्सरसाइज करें। डाइट को हेल्दी बनाएं। अब से आप ज्यादा तली-भुनी चीजें, ज्यादा स्पाइसी चीजें, प्रोसेस्ड फूड, सैचुरेटेड फूड, पिज्जा, बर्गर, सॉफ्ट ड्रिंक, पैकेटबंद चीजें खाने पूरी तरह से छोड़ दें। ज्याद नमक और ज्यादा चीनी से भी परहेज कर लें। अपनी डाइट में रोज हरी सब्जी, फल और साबुत अनाज को शामिल करें। मोटा अनाज ज्यादा फायदेमंद है। फलीदार सब्जियां, साग, सीड्स आदि आपके लिए बहुत फायदेमंद है।



# घूमने का बना रहे हैं प्लान तो जरूर करें रिवर राफ्टिंग

ऋषिकेश घूमने के दौरान आप यहां पर काफी सस्ते में रिवर राफ्टिंग का लुत्फ उठा सकते हैं। इस एक्टिविटी में हिस्सा लेने के लिए अधिकतर लोग यहां पहुंचते हैं। ऋषिकेश में आप बेहद कम खर्चे में राफ्टिंग का आनंद उठा सकते हैं। गर्मियों की शुरूआत होते ही पर्यटक सबसे ज्यादा हिल स्टेशन या पानी वाली जगह जाना पसंद करते हैं। अगर आप किसी समुद्री जगह जाने का प्लान करते हैं तो यह घूमने के लिहाज से काफी महंगी जगह पड़ती हैं। बता दें कि गोवा जाने के लिए आपको 20-25 हजार तक खर्च करना पड़ जाता है। ऐसे में लोग गर्मी से राहत पाने के लिए पानी के किनारे बसी जगहों पर घूमने के लिए निकल पड़ते हैं। साथ ही इन जगहों पर रिवर राफ्टिंग का जमकर लुत्फ उठाते हैं। या फिर पानी के किनारे दोस्तों के साथ कैंपिंग का मजा लेते हैं। ऋषिकेश की वाइट वाटर राफ्टिंग एक्टिविटी सबसे ज्यादा फेमस है। यहां पर हर साल गर्मियों में हजारों की संख्या में पर्यटक रिवर राफ्टिंग की एक्टिविटी में शामिल होने के लिए पहुंचते हैं। ऐसे में अगर आप भी ऋषिकेश घूमने का प्लान बना रहे हैं। तो आप भी यहां पर रिवर राफ्टिंग का मजा उठा सकते हैं। इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि ऋषिकेश में आप कितने रुपए में यह एक्टिविटी कर सकते हैं।

**ब्रह्मपुरी से ऋषिकेश राफ्टिंग :** इस दौरान आपको ब्रह्मपुरी राफ्टिंग पॉइंट से शुरू करते हुए निम बीच तक लेकर जाया जाएगा। इस बीच राफ्टिंग की दूरी करीब 8-10 किमी के बीच पड़ती है। जिसमें आपको करीब एक से डेढ़ घंटे का समय लगता है। हालांकि इस रूट पर आपको रैपिड्स थोड़ा कम देखने को मिलेंगे। लेकिन आपको गंगा नदीं में राफ्टिंग करने का अलग ही एक्सपीरियंस होगा। जो लोग ज्यादा एडवेंचर पसंद नहीं करते हैं, उन्हें इस रूट पर राफ्टिंग करने की सलाह दी जाती है। बता दें इस रूट पर राफ्टिंग के लिए आपको 450-600 प्रति व्यक्ति किराया देना होता है।

**मरीन ड्राइव से शिवपुरी राफ्टिंग? :** रिवर राफ्टिंग करने के लिए मरीन ड्राइव से शिवपुरी तक काफी अच्छा ऑप्शन है। यहां पर राफ्टिंग के साथ आप एडवेंचर का भी लुत्फ उठा सकते हैं। ऋषिकेश में रिवर राफ्टिंग एक मजेदार और रोमांचकारी एक्सपीरियंस है। इस दौरान आपको मरीन ड्राइ से शिवपुरी तक रिवर राफ्टिंग के लिए ले जाया जाएगा। जिन्हें रिवर राफ्टिंग का अच्छा-खासा एक्सपीरियंस है। वह इस रूट पर जरूर जाते हैं। इस 10 किमी के रूट पर आपको कई खूबसूरत नजारे देखने को मिलेंगे। यहां आपको प्रति व्यक्ति 600 रुपए किराया देना होगा।

**कौडियाला से ऋषिकेश राफ्टिंग? :** कौडियाला से ऋषिकेश राफ्टिंग के दौरान आपको छोटे से लेकर बड़े रैपिड्स तक देखने को मिलते हैं। इस रूट का आखिरी डेस्टिनेशन निम बीच ऋषिकेश रहता है। यह पूरा 36 घंटे का रूट है। इस रूट को पूरा करने लिए करीब 5 से 6 घंटे का समय लगता है। यह रूट काफी एडवेंचर है। यहां पर आपको रिवर राफ्टिंग के लिए प्रति व्यक्ति 2500 रुपए चुकाने होंगे।

**मरीन ड्राइव से ऋषिकेश राफ्टिंग? :** मरीन ड्राइव से ऋषिकेष का रूट सबसे अच्छे राफ्टिंग में से एक है। जिसमें 12 से अधिक बड़े और छोटे रैपिड्स होते हैं। गंगा नदी की ऊंची-नीची लहरों के साथ आपको एडवेंचर का अच्छा एक्सपीरियंस होगा। इस रूट की दूरी करीब 26 किमी है। इस रूट को पूरा करने के में करीब 3-4 घंटे लगते हैं।

❖ अनन्या मिश्रा

# बच्चे करते हैं बहुत ज्यादा लालच तो कुछ आसान तरीकों का करें इस्तेमाल



ज्यादातर पैरेंट्स आमतौर पर बच्चों को कभी किसी चीज की कमी महसूस नहीं होने देते हैं। वहीं, वे बच्चों की हर छोटी-बड़ी जरूरतों का खास ख्याल रखने की भी पूरी कोशिश करते हैं। इसके बावजूद, कुछ बच्चे अक्सर लालची बन जाते हैं। ऐसे में अगर आपका बच्चा भी लालची स्वभाव का बन रहा है। कुछ तरीके अपनाकर आप आसानी से बच्चों की इस बुरी आदत को छुड़वा सकते हैं। बच्चों के लालची स्वभाव को कुछ पैरेंट्स नजरअंदाज कर देते हैं। ऐसे में बच्चों की वजह से ना सिर्फ माता-पिता को दूसरों के सामने शर्मिंदा होना पड़ता है, बल्कि उम्र के साथ बच्चों का लालच धीरे-धीरे बढ़ने लगता है। तो आइए हम आपको बताते हैं कुछ बेहतरीन पैरेंटिंग टिप्स, जिसे फॉलो करके आप बच्चों के लालच करने की आदत में बदलाव ला सकते हैं।

### टीवी देखना कम करवाएं

टीवी देखते समय बच्चे अक्सर खिलौने और खाने की चीजों के ढेर सारे विज्ञापन देखते हैं, जिससे बच्चे उन चीजों को पाने की जिद पकड़ कर बैठ जाते हैं। ऐसे में बच्चों के टीवी देखने का टाइम कम करके आप उनके लालची स्वभाव को काफी हद तक कंट्रोल कर सकते हैं।

### हर जिद पूरी करने से बचें

पेरेंट्स के साथ मार्केट जाने पर बच्चे नई-नई चीजों को खरीदने की जिद करने लगते हैं। ऐसे में बच्चों को खुश करने के लिए पेरेंट्स भी उनकी सभी डिमांड्स को पूरा कर देते हैं। मगर इससे बच्चे लालची बनने के साथ-साथ जिद्दी भी बन जाते हैं। इसलिए बच्चों को हर बार मुंह मांगी चीजें बिल्कुल ना दिलवाएं।

### खिलौने खरीदने पर लगाएं पाबंदी

घर में काफी सारे खिलौने होने के बावजूद बच्चे पेरेंट्स से नए खिलौने खरीदने की जिद करते हैं। वहीं हर मांग पूरी होने पर बच्चे धीरे-धीरे लालची बनने लग जाते हैं। ऐसे में बच्चों को बताएं कि नए खिलौने खरीदने पर उनके पुराने खिलौने उनसे छिन जाएंगे। जिससे बच्चे खिलौने लेने की जिद कम कर देंगे।

### मेहनत का मतलब समझाएं

बच्चों की लालच दूर करने के लिए आप मेहनत का सहारा भी ले सकते हैं। ऐसे में बच्चों की कोई भी विश पूरी करने के लिए आप उनके सामने घर का कोई काम या पढ़ाई करने की शर्त रख सकते हैं। इससे बच्चे ना सिर्फ नई चीजों की कद्र करेंगे बल्कि पेरेंट्स से गैर जरूरी चीजों की डिमांड करना भी कम कर देंगे।

## सूडोकु नवताल- 6746

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | | | | 8 | | | | 9 |
| | | | | | | | | |
| | | 8 | 6 | | 9 | 5 | | |
| 6 | 5 | | | 4 | | | 7 | 1 |
| | 4 | | | | | | 2 | |
| 1 | 2 | | | 6 | | | 9 | 8 |
| | | 6 | 4 | | 5 | 8 | | |
| | | | | | | | | |
| 9 | | | | 1 | | | | 7 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -6745 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | 4 | 3 | 9 | 7 | 5 | 1 | 6 |
| 3 | 5 | 6 | 1 | 4 | 2 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 9 | 7 | 6 | 5 | 8 | 2 | 3 | 4 |
| 9 | 6 | 2 | 5 | 8 | 3 | 1 | 4 | 7 |
| 5 | 3 | 1 | 4 | 7 | 9 | 8 | 6 | 2 |
| 4 | 7 | 8 | 2 | 1 | 6 | 9 | 5 | 3 |
| 2 | 8 | 3 | 9 | 6 | 1 | 4 | 7 | 5 |
| 6 | 1 | 5 | 7 | 2 | 4 | 3 | 9 | 8 |
| 7 | 4 | 9 | 8 | 3 | 5 | 6 | 2 | 1 |

## दैनिक पंचांग

**30 जून 2023 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | मिथुन में | कर्क | 06.35 बजे से |
| चंद्र | वृश्चिक में | सिंह | 08.51 बजे से |
| मंगल | कर्क में | कन्या | 11.03 बजे से |
| बुध | मिथुन में | तुला | 13.13 बजे से |
| गुरु | मेष में | वृश्चिक | 15.28 ब.से |
| शुक्र | कर्क में | धनु | 17.44 बजे से |
| शनि | कुंभ में | मकर | 19.49 बजे से |
| राहु | मेष में | कुंभ | 21.36 बजे से |
| केतु | तुला में | मीन | 23.08 बजे से |
| राहुकाल | | मेष | 00.39 बजे से |
| 10.30 से | | वृष | 02.19 बजे से |
| 12.00 बजे तक | | मिथुन | 04.17 बजे से |

**शुक्रवार** 2023 वर्ष का 181 वां दिन **दिशाशूल** पश्चिम **ऋतु** वर्षा। **विक्रम संवत्** 2080 **शक संवत्** 1945 **मास** आषाढ़ **पक्ष** शुक्ल **तिथि** द्वादशी 01.17 बजे रात्र को समाप्त। **नक्षत्र** विशाखा 16.10 बजे को समाप्त। **योग** साध्य 01.32 बजे रात्र को समाप्त। **करण** बव 14.06 बजे तदनन्तर बालव 01.17 बजे रात्र को समाप्त। **चन्द्रायु** 11.8 घण्टे **रवि क्रान्ति** उत्तर 23° 12' **सूर्य** उत्तरायन **कलि अहर्गण** 1871660 **जूलियन दिन** 2460125.5 **कलियुग संवत्** 5123 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2549 **हिजरी सन्** 1444 **महीना** जिल्हेज **तारीख** 11 **विशेष** वासुदेव द्वादशी।

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया | |
|---|---|---|---|
| चर | 05.55 से 07.23 बजे तक | रोग | 05.38 से 07.1 बजे तक |
| लाभ | 07.23 से 08.51 बजे तक | काल | 07.11 से 08.43 बजे तक |
| अमृत | 08.51 से 10.19 बजे तक | लाभ | 08.43 से 10.15 बजे तक |
| काल | 10.19 से 11.47 बजे तक | उद्वेग | 10.15 से 11.47 बजे तक |
| शुभ | 11.47 से 01.15 बजे तक | शुभ | 11.47 से 01.19 बजे तक |
| रोग | 01.15 से 02.43 बजे तक | अमृत | 01.19 से 02.51 बजे तक |
| उद्वेग | 02.43 से 04.10 बजे तक | चर | 02.51 से 04.23 बजे तक |
| चर | 04.10 से 05.38 बजे तक | रोग | 04.23 से 05.55 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें।

## शब्द पहेली - 7808

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | ■ | 3 | 4 | 5 | ■ | 6 | 7 |
| 8 | | 9 | ■ | 10 | | 11 | ■ | |
| ■ | 12 | | 13 | ■ | 14 | | 15 | ■ |
| 16 | ■ | 17 | | 18 | ■ | 19 | | 20 |
| 21 | 22 | ■ | 23 | | 24 | ■ | 25 | |
| 26 | | 27 | ■ | 28 | | 29 | ■ | |
| ■ | 30 | | 31 | ■ | 32 | | 33 | ■ |
| 34 | ■ | 35 | | 36 | ■ | 37 | | 38 |
| 39 | | ■ | 40 | | | ■ | 41 | |

**बाएँ से दाएँ**

1.ईश्वर,भगवान-2
3.सुंदर,खूबसूरत-3
6.सलाह,मत-2
8.स्नान करना-3
10.वध करना-3
12.निर्माण-3
14.रूई का पौधा-3
17.आयोग्य-3
19.अंजाम देना-3
21.कत्ल,हत्या-2
23.नौकरानी-3
25.गाने का ढंग, शैली-2
26.मुलायम-3
28.एक गहरा व बड़ा बर्तन-3
30.तृतीय, दूसरे के बाद-3
32.सेनापति, अगुवा-3
35.भीरु,डरपोक-3
37.कथा,गाथा-3
39.वध,मर्डर-2
40.राहु का एक पुत्र-3
41.एक विदेशी शराब

**ऊपर से नीचे**

1.क्रिकेट में बनते हैं-2
2.बसंत का समय-3
4.हद,सरहद-2
5.स्वर्ग का विलोम-3
7.यमराज,मृत्यु देवता-2
9.नृत्य करना-3
11.अपवित्र-3
13.असफल-3
15.सहज, आसान-3
16.श्रावण, आषाढ़ के बाद का महीना-3
18.आराम, मदद, चैन-3
20.मुखिया, सरदार-3
22.भूमि, वसुंधरा-3
24.क्रुद्ध, खफा होना-3
27.मक्खन-3
29.योग्य, काबिल, गुणवान-3
31.दही का एक भोज्य पदार्थ-3
33.एक जाती जो प्राय: डोली ढोने, पानी भरने आदि के काम करती है-3
34.रास्ता, मार्ग-2
36.एक अंग्रेजी शराब-2
38.एक औषधीयुक्त पेड़-2

### शब्द पहेली -7807 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | बं | ध | न | ■ | आ | द | मी | ■ |
| क | द | ■ | म | ■ | रा | ■ | न | ल |
| त | ■ | ■ | क | था | म | त | ■ | जा |
| रा | य | ता | ■ | र | ■ | र | च | ना |
| ■ | ■ | क | ला | ■ | आ | स | ■ | ■ |
| प | का | ना | ■ | गा | ■ | ना | का | म |
| ना | ■ | ■ | भ | न | क | ■ | ■ | न |
| ह | त्या | ■ | व | ■ | स | ■ | म | न |
| ■ | ग | ल | न | ■ | र | ट | ना | ■ |

## आज का राशिफल

**मेष राशि :** व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी।

**वृष राशि :** मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा।

**मिथुन राशि :** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी।

**कर्क राशि :** राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा।

**सिंह राशि :** आय के अच्छे योग बनेंगे। संतान की उन्नति के योग हैं। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। पुराने मित्र से मिलन होगा। स्वविवेक से कार्य करें।

**कन्या राशि :** "आगे-आगे गोरख जागे" वाली कहावत चरितार्थ होगी। मेहमानों का आगमन होगा। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा।

**तुला राशि :** जीवन साथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे।

**वृश्चिक राशि :** लाभ में आशातीत वृद्धि तय है मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा।

**धनु राशि :** जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी।

**मकर राशि :** प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी।

**कुंभ राशि :** कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे।

**मीन राशि :** राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी।

# अगरकर, शेन वॉटसन ने दिल्ली कैपिटल्स को छोड़ा

**एजेंसी। नई दिल्ली**

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) फ्रेंचाइजी दिल्ली कैपिटल्स ने गुरुवार को घोषणा की कि टूनार्मेंट के 2023 सीजन में टीम के नौवें स्थान पर रहने के लगभग एक महीने बाद सहायक कोच अजीत अगरकर और शेन वॉटसन ने टीम छोड़ दी है। फ्रैंचाइजी ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर कहा,ह्लयहां आपको घर बुलाने के लिए हमेशा एक जगह होगी। अजीत और वॉटो, आपके योगदान के लिए धन्यवाद। आपके भविष्य के प्रयासों के लिए शुभकामनाएं।"



अगरकर फरवरी 2022 में सहायक कोच के रूप में फ्रेंचाइजी में शामिल हुए, जिसके एक महीने बाद वॉटसन आए। दिल्ली में अपने समय के दौरान, फ्रैंचाइजी 2022 और 2023 सीजन में प्लेऑफ में जगह बनाने में कामयाब नहीं हुई। अगरकर ने भारत के लिए 26 टेस्ट, 191 वनडे और 4 टी20 मैच खेले हैं और 2007 में पहली पुरुष टी20 विश्व कप विजेता टीम के सदस्य थे।

अगरकर की दिल्ली से विदाई ऐसे समय में हुई है जब कई रिपोर्टों से पता चला है कि भारत के पूर्व तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर पिछले मुख्य चयनकर्ता चेतन शर्मा के फरवरी में इस्तीफे के बाद पांच सदस्यीय सीनियर पुरुष चयन समिति में खाली हुए एक स्थान को भरने की दौड़ में सबसे आगे हैं। आईपीएल 2023 में चोटिल ऋषभ पंत की अनुपस्थिति में डेविड वार्नर की कप्तानी वाली दिल्ली 14 में से केवल पांच मैच ही जीत सकी और टूनार्मेंट में नौवें स्थान पर रही । आईपीएल 2022 में दिल्ली पांचवें स्थान पर रही थी और प्लेऑफ से बाहर हो गई।

दिल्ली के सह-मालिक पाथ जिंदल ने 14 जून को कहा था कि फ्रेंचाइजी ने मुख्य कोच रिकी पोंटिंग और क्रिकेट निदेशक सौरव गांगुली के साथ अगले साल के आईपीएल के लिए अपनी तैयारी शुरू कर दी है।

जिंदल ने उस वक्त ट्वीट किया था, ह्लअगले साल के @आईपीएल की तैयारी यहां @डेल्हीकैपिटल्स पर चल रही है, @एसगांगुली99 और @रिकीपोंटिंग के साथ हम प्रशंसकों को आश्वस्त करते हैं कि किरण और मैं उस स्थान पर वापस जाने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं जहां हम इस फ्रेंचाइजी को चाहते हैं और यह सबसे ऊपर है।

# मैग्नस कार्लसन ने विश्वनाथन आनंद को हराया



**दुबई।** एक ऐतिहासिक एंडगेम में, अल्पाइन वॉरियर्स के मैग्नस कार्लसन ने विश्वनाथन आनंद को हराया और अपनी टीम को ग्लोबल शतरंज लीग में शीर्ष पर पहुंचा दिया, और गंगेस ग्रैंडमास्टर्स को दूसरे स्थान पर धकेल दिया। बालन अलास्का नाइट्स ने राउंड के पहले मैच में टूर्नामेंट की शीर्ष टीमों में से एक मुंबा मास्टर्स को हरा दिया।

# लॉजेन डायमंड लीग में जीत का सिलसिला जारी रखना चाहेंगे नीरज

**एजेंसी। नई दिल्ली**

वांडा डायमंड लीग 2023 का छठा चरण शुक्रवार को स्विट्जरलैंड के लॉजेन के एथलेटिसिमा में आयोजित किया जाएगा। ओलंपिक और मौजूदा डायमंड लीग चैंपियन नीरज चोपड़ा, जिनका व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 89.94 मीटर है, दोहा मीट में पुरुष भाला फेंक स्पर्धा में पहले स्थान पर रहने के बाद अपना प्रभावशाली प्रदर्शन जारी रखना चाहेंगे। चोपड़ा के साथ भारतीय लॉग जम्पर मुरली श्रीशंकर (पर्सनल बेस्टः 8.41 मीटर) भी टूनार्मेंट में शामिल होंगे। श्रृंखला में उनकी पिछली उपस्थिति पेरिस में हुई थी, जहां वह 8.09 मीटर की छलांग के साथ तीसरे स्थान पर रहे थे। इस साल की शुरूआत में, श्रीशंकर ने विश्व चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई करने के लिए राष्ट्रीय अंतर-राज्य एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भी 8.41 मीटर की छलांग लगाई थी। यह हमवतन जेसविन एल्ड्रिन की 8.42 मीटर के बाद विश्व स्तर पर सीजन की दूसरी सर्वश्रेष्ठ छलांग थी। श्रीशंकर ओलंपिक चैंपियन मिल्टियाडिस टेंटोग्लू (पर्सनल बेस्टः 8.60 मीटर) और साइमन एहमर (पर्सनल बेस्टः 8.45 मीटर) के खिलाफ उतरेंगे। लंबी कूद प्रविष्टि सूची में 2019 विश्व चैंपियन ताजय गेल (पर्सनल बेस्टः 8.69 मीटर) और युकी हाशिओका (पर्सनल बेस्टः 8.36 मीटर) भी शामिल हैं। चोपड़ा की स्पर्धा में ग्रेनाडा के एंडरसन पीटर्स, (पर्सनल बेस्टः 93.07 मीटर), चेक गणराज्य के टोक्यो ओलंपिक रजत पदक विजेता जैकब वाडलेज (पर्सनल बेस्टः 90.88 मीटर), जर्मनी के जोहान्स वेटर (पर्सनल बेस्टः 97.76 मीटर), और पूर्व ओलंपिक पदक विजेता त्रिनिदाद और टोबैगो के केशोर्न वालकॉट (पर्सनल बेस्टः 90.16 मीटर) शामिल हैं।



# स्टीव स्मिथ की एशेज टेस्ट में शानदार वापसी

## ब्रायन लारा का बड़ा रिकॉर्ड तोड़ा

**एजेंसी। लंदन**

स्पोर्ट्स डेस्क : स्टीव स्मिथ ने इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे एशेज टेस्ट में बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है। स्मिथ सबसे तेज 9000 टेस्ट रन पूरे करने वाले बल्लेबाज बन गए हैं और उन्होंने ब्रायन लारा का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। उन्होंने अपने 99वें टेस्ट मैच में यह उपलब्धि हासिल की। पहले एशेज में फेल होने के बाद वह लॉर्ड्स में दूसरे टेस्ट में इंग्लैंड ने टॉस जीतकर 96/2 के स्कोर के बाद बल्लेबाजी के लिए आए और शुरूआती दौर से ही इरादे दिखाए। उन्होंने केवल 15 गेंदों में तीन शानदार चौकों की मदद से 24 रन बनाए।



42वें ओवर की पहली गेंद पर स्मिथ ने बेन स्टोक्स को मिड-विकेट और मिड-ऑन के बीच में चौका लगाकर 9000 टेस्ट रन पूरे कर लिए। दाएं हाथ का यह बल्लेबाज मैचों के मामले में 9000 रन के क्लब तक पहुंचने वाला सबसे तेज खिलाड़ी बन गया। उन्होंने ब्रायन लारा द्वारा बनाए गए रिकॉर्ड को बेहतर तोड़ा जिन्होंने 101वें टेस्ट में इस मुकाम को हासिल किया था।

पारी के मामले में पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान कुमार संगकारा के बाद दूसरे सबसे तेज पारी बन गए। स्मिथ ने अपनी 174वीं पारी में यह उपलब्धि हासिल की जबकि श्रीलंकाई बल्लेबाज ने 172वीं पारी में यह उपलब्धि हासिल की थी। आईसीसी रैंकिंग के अनुसार मार्नस लाबुशेन और स्टीव स्मिथ टेस्ट क्रिकेट में शीर्ष बल्लेबाजों में से हैं। दोनों बल्लेबाज पहले टेस्ट में रन बनाने से चूक गए थे लेकिन लॉर्ड्स में उन्होंने शानदार वापसी की है।

# टॉप्स ने पहलवान विनेश व बजरंग के प्रशिक्षण कार्यकाल को मंजूरी दी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

युवा मामले और खेल मंत्रालय की टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम (टॉप्स) ने किर्गिस्तान और हंगरी में प्रशिक्षण के लिए विनेश फोगाट और बजरंग पुनिया के प्रस्तावों को मंजूरी दे दी है, क्योंकि वे हांगझाऊ में होने वाले एशियाई खेलों के लिए आगामी ट्रायल की तैयारी कर रहे हैं। यह जोड़ी, जो साथी ओलंपियन साक्षी मलिक के साथ, कुछ दिन पहले तक भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के प्रमुख बृज भूषण शरण सिंह के खिलाफ पहलवानों के विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व कर रही थी, ने युवा मामले और खेल मंत्रालय की टॉप्स टीम को अपने प्रस्ताव भेजे। उनके अनुरोध के 24 घंटों के भीतर इसे मंजूरी दे दी गई। मंत्रालय ने गुरुवार को एक विज्ञप्ति में प्रशिक्षण की जानकारी देते हुए बताया कि ओलंपिक कांस्य पदक विजेता बजरंग पुनिया 36 दिनों के प्रशिक्षण शिविर के लिए इस्सिक-कुल, किर्गिस्तान जाएंगे, विश्व चैंपियनशिप पदक विजेता विनेश फोगाट पहले एक सप्ताह के प्रशिक्षण शिविर के लिए बिश्केक, किर्गिस्तान और फिर 18 दिनों के लिए टाटा, हंगरी जाएंगी। जहां विनेश के साथ फिजियोथेरेपिस्ट अश्विनी जीवन पाटिल, स्पैरिंग पार्टनर संगीता फोगाट और कोच सुदेश होंगे, वहीं बजरंग के साथ कोच सुजीत मान, फिजियोथेरेपिस्ट अनुज गुप्ता, स्पैरिंग पार्टनर जितेंद्र और स्ट्रेंथ एंड कंडीशनिंग विशेषज्ञ काजी हसन होंगे। सरकार विनेश, बजरंग, उनके साथी संगीता फोगाट और जितेंद्र को फंड देगी। और कोच सुदेश और सुजीत मान के हवाई टिकट, भोजन और आवास की लागत, शिविर व्यय, हवाई अड्डे स्थानांतरण लागत, ओपीए और अन्य विविध खर्चे भी देगी। इसके अतिरिक्त, पहलवानों के साथ आने वाले अन्य सहयोगी स्टाफ का खर्च ओलंपिक गोल्ड क्वेस्ट (ओजीक्यू) द्वारा वहन किया जाएगा।





# भारत में महिलाओं के लिए और अधिक शतरंज टूर्नामेंट की जरूरत : कोनेरू हंपी

**एजेंसी। दुबई**

भारत की पूर्व विश्व रैपिड शतरंज चैम्पियन कोनेरू हंपी ने गुरुवार को देश में महिलाओं के लिए और अधिक शतरंज टूर्नामेंट आयोजित करने की जरूरत पर बात करते हुए कहा कि इससे ही खिलाड़ियों का बड़ा पूल तैयार किया जा सकता है। भारत की 36 वर्षीय ग्रैंडमास्टर ने कहा कि शतरंज खिलाड़ियों को कई चुनौतियों का सामना करना पड़ता है लेकिन इसमें वित्तीय सहयोग की कमी सबसे ज्यादा महसूस होती है जिसकी बड़े मंच पर प्रतिस्पर्धा करने के लिये आवश्यकता होती है।



हंपी ने प्रेस विज्ञप्ति में कहा, अगर मैं भारत की बात करूं तो मुझे अब भी लगता है कि अगर लड़कों से तुलना की जाये तो महिला खिलाड़ियों की संख्या काफी कम है। भारत में महिलाओं के लिए और अधिक टूर्नामेंट होने चाहिए, विशेषकर युवा लड़कियों के लिए। हंपी ने 2006 एशियाई खेलों में व्यक्तिगत और मिश्रित टीम स्पर्धा के स्वर्ण पदक जीते थे। उन्होंने कहा कि प्रतिभा खोजने के बाद खिलाड़ियों को उचित ट्रेनिंग मुहैया करायी जानी चाहिए।

उन्होंने कहा, एक बार प्रतिभा मिल जाये तो उसे ट्रेनिंग दी जानी चाहिए। ट्रेनिंग किसी भी खेल में प्रतिभाशाली खिलाड़ियों का पूल बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। शायद हमें महिला खिलाड़ियों की संख्या में इजाफा करने की दिशा में काम करने की जरूरत है। एक बार ऐसा होगा तो शायद प्रतिभा धीरे धीरे सामने आने लगेंगी।

# रिटायर्ड खिलाड़ियों की हिस्सेदारी की समीक्षा करेगा बीसीसीआई

**एजेंसी। नई दिल्ली**


बीसीसीआई (भारतीय क्रिकेट बोर्ड) सात जुलाई को होने वाली अपनी शीर्ष परिषद की बैठक में विदेशी टी20 लीग में रिटायर्ड खिलाड़ियों की हिस्सेदारी की मौजूदा नीति की समीक्षा करेगा। बीसीसीआई अपनी लंबे समय से चली आ रही नीति के अनुसार खुद से पंजीकृत खिलाड़ियों को तभी विदेशी टी20 लीग में हिस्सा लेने की अनुमति देता है जब वे अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट और घरेलू क्रिकेट से संन्यास ले लेते हैं जिसमें इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) भी शामिल है। अंबाती रायुडू ने पिछले महीने चेन्नई सुपरकिंग्स की खिताबी जीत में भूमिका निभाने के बाद आईपीएल से संन्यास ले लिया था। अब वह जुलाई में अमेरिका में होने वाली शुरूआती मेजर लीग क्रिकेट (एमएलसी) में टेक्सास सुपरकिंग्स में खेलते हुए नजर आयेंगे। बीसीसीआई अपने सक्रिय खिलाड़ियों को टी20 लीग में हिस्सा लेने से बचाना चाहता है और ताजा घटनाक्रम को देखते हुए वह अपने रिटायर्ड खिलाड़ियों की भागीदारी पर एक अनुच्छेद ला सकता है।



घरेलू क्रिकेट का स्तर और ज्यादा कमजोर नहीं हो, यह सुनिश्चित करने के लिए वह ऐसा कर सकता है क्योंकि टी20 फ्रेंचाइजी क्रिकेट के फैलने से काफी खिलाड़ी जल्दी संन्यास ले सकते हैं। बैठक के एजेंडे के अनुसार विदेशों में रिटायर्ड खिलाड़ियों की भागीदारी को लेकर चर्चा की जायेगी। बीसीसीआई ने सितंबर-अक्टूबर में हांगजोऊ में होने वाले एशियाई खेलों के लिए अपनी टीम (पुरुष और महिला) को भेजने का फैसला किया है। पुरुषों की स्पर्धा भारत की विश्व कप तैयारियों के साथ ही होगी इसलिये इस महाद्वीपीय टूर्नामेंट में दूसरे दर्जे की टीम के हिस्सा लेने की उम्मीद है। भारतीय बी टीम की कप्तानी के लिए शिखर धवन के नाम की चर्चा हो रही है।

**एशियाई कबड्डी चैम्पियनशिप**

# भारत का अजेय क्रम जारी ईरान को 33-28 से हराया



**एजेंसी। बुसान**

एशियाई कबड्डी चैम्पियनशिप में भारतीय टीम का अजेय क्रम जारी है। भारत ने टूनार्मेंट के तीसरे दिन ईरान को 33-28 से हराकर टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाई। इस मुकाबले में भारत और ईरान ने सतर्क शुरूआत की। असलम इनामदार ने 11वें मिनट में 2 रेड पॉइंट रेड अर्जित की। इसके बाद भारत ने ऑलआउट कर अपनी बढ़त 11-5 कर ली। भारतीय कप्तान पवन सहरावत ने पहले हाफ में चार मिनट शेष रहते हुए दो ईरानी रक्षकों को चकमा देकर अपनी बढ़त 17-7 कर ली। ईरानी रक्षकों ने असलम इनामदार के खिलाफ सुपर टैकल का इस्तेमाल करते हुए पहले हाफ की समाप्ति 19-9 से की। ईरान अपने खाते में तेजी से अंक जोड़कर वापसी करना चाहता था। उन्होंने खेल में तेजी लायी और परिणाम उन्हें ऑल-आउट के रूप में मिला। ईरानी टीम ने जोरदार वापसी की और छह मिनट शेष रहते हुए भारत के 26 अंकों के मुकाबले 22 अंक हासिल कर लिये और स्कोर 26-22 हो गया। भारत ने एक मिनट से भी कम समय में सुपर टैकल किया और स्कोर 31-27 कर दिया। अर्जुन देशवाल की दो रेड पॉइंट ने भारतीय टीम की जीत सुनिश्चित कर दी।

# कुवैत के विरुद्ध ड्रॉ हार जैसा लगा : सुनील छेत्री

**एजेंसी। बेंगलुरु**

भारतीय पुरुष फुटबॉल टीम के कप्तान सुनील छेत्री ने कहा है कि सैफ चैंपियनशिप 2023 के आखिरी ग्रुप-ए मैच में कुवैत के साथ खेला गया ड्रॉ उन्हें हार जैसा प्रतीत हुआ। छेत्री ने अपना 92वां अंतरराष्ट्रीय गोल जमाया लेकिन अनवर अली के आत्मघाती गोल की बदौलत भारत और कुवैत के बीच मंगलवार को मुकाबला 1-1 की बराबरी पर छूटा। आखिरी बार भारत ने कुवैत के साथ 2010 में एक अंतरराष्ट्रीय मैत्री मैच खेला था, जहां ब्लू टाइगर्स को 9-1 की करारी हार मिली थी। उस परिणाम के बाद कुवैत को बराबरी पर रोकना निश्चित रूप से एक सुधार रहा, हालांकि छेत्री इस नतीजे से संतुष्ट नहीं थे। उन्होंने कहा, मेरे मन में जो भावना आती है वह हार की है, क्योंकि हमने आखिरी मिनटों में उन्हें गोल करने दिया। मुझे यकीन है कि हमने बहुत सारी अच्छी चीजें कीं। जब हम वीडियो विश्लेषण देखेंगे, तो हमें बेहतर पता चलेगा।"



उन्होंने कहा, हम काफी हद तक वह कर सकते हैं जिसके लिये हमने प्रशिक्षण लिया था। वे कोई आसान टीम नहीं है। यह टीम खेलना जानती है और हम यह देख सकते हैं। मुझे लगता है कि हमने अधिकांश समय अच्छा प्रदर्शन किया, लेकिन अभी मैं इसके बारे में ज्यादा कुछ नहीं कह सकता। एक बार जब हम वीडियो देखेंगे तो शायद हम इसे बेहतर तरीके से जान पाएंगे।" कुवैत के खिलाफ मैच उद्दंडता से भरा रहा, जिसमें भारत के मुख्य कोच इगोर स्टिमाच को असहमति के लिये लाल काड देखना पड़ा। यह टूनार्मेंट में स्टिमाच का दूसरा लाल कार्ड था, जबकि इससे पहले उन्हें पाकिस्तान के खिलाफ भी लाल कार्ड मिला था। जब स्टिमाच को 81वें मिनट में लाल कार्ड मिला तब तक छेत्री को स्थानापन्न किया जा चुका था। यह पूछे जाने पर कि वास्तव में वहां क्या हुआ, छेत्री ने कहा, ह्लह्लमुझे कोई अंदाजा नहीं है। मैं वहां देर से पहुंचा। हमने इसके बारे में बात नहीं की है। हम आम तौर पर मैच के तुरंत बाद खेल के बारे में बात नहीं करते हैं। हम आराम करेंगे और फिर देखेंगे।" भारत के सहायक कोच महेश गवली ने कुवैत मैच के दौरान रेफरी के बर्ताव की कड़ी आलोचना की और सैफ से रेफरियों के मानक को बढ़ाने का आग्रह किया था। छेत्री हालांकि कोचिंग के स्तर पर बात करने से बचते नजर आये। छेत्री ने कहा, मैं हमेशा कुछ भी कहता हूं तो परेशानी में पड़ जाता हूं। इसलिए अगर सहायक कोच ने कुछ कहा है, तो आप उनकी बात मान लीजिए।"

**मुकाबला** | **धर्मशाला में होंगे विश्व कप 2023 के 5 मैच**

# एचपीसीए की पहली प्रतिक्रिया आई सामने

**एजेंसी। धर्मशाला**

अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के 5 अक्टूबर से 19 नवंबर तक भारत में खेले जाने वाले आगामी पुरुष वनडे विश्व कप 2023 के कार्यक्रम की घोषणा के एक दिन बाद हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन (एचपीसीए) ने बुधवार को कहा कि वह इस मेगा इवेंट के पांच मैचों की मेजबानी करने के लिए तैयार है, जिसमें 22 अक्टूबर को भारत बनाम न्यूजीलैंड मुकाबला भी शामिल है। एचपीसीए की ओर से आधिकारिक प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया, 'हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन की टीम पांच विश्व कप मैचों की मेजबानी करने के लिए बहुत उत्साहित है। आठ टेस्ट खेलने वाले देश भाग लेंगे। यह एचपीसीए के इतिहास में एक ऐतिहासिक क्षण है, पिछले 20 वर्षों में इसकी अविश्वसनीय यात्रा में एक और उपलब्धि और मील का पत्थर है।' यह हमारे पूर्व अध्यक्षों अनुराग सिंह ठाकुर और अरुण धूमल की दूरदर्शिता और कड़ी मेहनत से संभव हुआ है, जिन्होंने पिछले 20 वर्षों में राज्य में खेल और क्रिकेट के बुनियादी ढांचे के उत्थान के लिए लगातार काम किया है।' उन्होंने मैचों की मेजबानी की अनुमति देने के लिए बीसीसीआई अध्यक्ष रोजर बिन्नी और बीसीसीआई सचिव जय शाह को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा, 'हम मैचों की मेजबानी के लिए हमें यह प्रतिष्ठित अवसर देने के लिए बीसीसीआई और आईसीसी के बहुत आभारी हैं। विश्व कप मैचों के लिए इस स्थान को चुनने के लिए बीसीसीआई अध्यक्ष रोजर बिन्नी और मानद सचिव जय शाह को हमारा हार्दिक आभार और धन्यवाद। हम लगातार काम कर रहे थे। और पिछले साल मैदान और सेटिंग्स में सुधार करके इसे दुनिया के सर्वश्रेष्ठ आउटफील्ड में से एक बनाया है और यह पिछले महीने आयोजित बेहद सफल आईपीएल खेलों में देखा गया था।' आधिकारिक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार एचपीसीए ने कहा, 'हमने एसआईएस एयर को एचपीसीए के धर्मशाला मैदान में आश्चर्यजनक ठंड के मौसम राईग्रास और छाया-सहिष्णु महीन पत्ती पास्पलम घास के संयोजन के साथ एक अत्याधुनिक वायु निकासी प्रणाली तैयार की है।' एचपीसीए ने धर्मशाला में एक अच्छी जल निकासी प्रणाली और मौसम की स्थिति के लिए उपयुक्त घास की विविधता की आवश्यकता की पहचान की, इस प्रकार पृष्ठभूमि में धौलाधार पहाड़ों की आश्चर्यजनक सुंदरता को जोड़ते हुए सबसे उन्नत क्रिकेट मैदानों में से एक बनाया गया। वायु निकासी प्रणाली न केवल कुछ ही समय में अतिरिक्त वर्षा जल को बाहर निकाल सकती है बल्कि जड़ क्षेत्र को हवादार बनाने में भी मदद करती है जो पौधे को पूरे समय स्वस्थ रखती है। राईग्रास को पहले सर्दियों में 3 डिग्री और 15 डिग्री के बीच तापमान पर बोया गया था और बाद में गर्मियों में उच्च तापमान से निपटने के लिए पास्पलम को इसकी छाया सहनशीलता को ध्यान में रखते हुए पेश किया गया था। काम पिछले साल सितंबर के अंत में शुरू हुआ, हालांकि अप्रत्याशित और लंबे समय तक हिमाचल में हुई बारिश के कारण अक्टूबर के अंत तक कई बार काम रुका।





## NEWS इन ब्रीफ


### ऑल टाइम हाई पर पहुंचे एप्पल के शेयर

**नई दिल्ली।** अमेरिकी टेक दिग्गज कंपनी ऐपल के स्टॉक बुधवार को अपने ऑल टाइम हाई पर पहुंच गए। कंपनी के शेयर बुधवार को 1.19 डॉलर यानी 0.63 प्रतिशत बढ़कर 189.25 डॉलर पर बंद हुआ था। इस बढ़त के साथ ही कंपनी का मार्केट कैप 3 ट्रिलियन डॉलर डॉलर के पास पहुंच गया है और वर्तमान में ऐपल का मार्केट शेयर 2.98 ट्रिलियन डॉलर है। आपको बता दें कि यह पहली बार नहीं है जब ऐपल के शेयर रिकॉर्ड हाई लेवल पर पहुंचे है इससे पहले 3 जनवरी 2022 को इंट्रा-डे सेशन में कंपनी का एमकैप 3 ट्रिलियन डॉलर से ज्यादा पहुंच गया था जो कारोबारी समय खत्म होने के बाद नीचे आ गया था।

### पिछले वित्त वर्ष में बैंकों ने कमाया जबरदस्त मुनाफा

**नई दिल्ली।** वित्त वर्ष 2022-23 बैंकों के लिए शानदार रहा। देश के सबसे बड़े बैंक एसबीआई ने 57,000 करोड़ रुपये, एचडीएफसी बैंक ने 46,000 करोड़ रुपये, आईसीआईसीआई बैंक ने 35,000 करोड़ रुपये, बैंक ऑफ बड़ौदा ने 15,000 करोड़ रुपये और अन्य बैंकों ने भी रिकॉर्ड मुनाफा पिछले वित्त वर्ष में दर्ज किया। बैंकों की आर्थिक से स्थिति अच्छी होने की एक वजह एनपीए में बड़ी गिरावट देखने को मिलना था, लेकिन सभी के मन में ये सवाल उठ रहा है कि वित्त वर्ष 2023-24 वित्त वर्ष के लिए कैसा रहेगा? वित्त वर्ष 2022-23 में बैंक की आर्थिक सेहत में सुधार होने के पीछे की सबसे बड़ी वजह आरबीआई की ओर से रेपो रेट में इजाफा करना, क्रेडिट (लोन) ग्रोथ का बने रहना और एनपीए में कमी आना था।

# सरकार किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध : अमित शाह



### किसानों ने अब तक के सर्वाधिक उचित और लाभकारी मूल्य को मंजूरी देने के लिए प्रधानमंत्री मोदी का आभार

**एजेंसी। नई दिल्ली**

गन्ने के अब तक के सर्वाधिक उचित और लाभकारी मूल्य को केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा मंजूरी दिये जाने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार जताते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि मोदी सरकार किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। प्रधानमंत्री मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में 2023-24 सत्र के लिये गन्ने का उचित और लाभकारी मूल्य (एफआरपी) 10 रुपये बढ़ाकर 315 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया गया। एफआरपी वह न्यूनतम मूल्य है, जिस पर चीनी मिलें किसानों से गन्ना खरीदती हैं। गन्ने का पेराई सत्र अक्टूबर से शुरू होता है। शाह ने कहा, मोदी सरकार किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। आज मंत्रिमंडल द्वारा गन्ना किसानों के लिए अब तक के सर्वाधिक उचित और लाभकारी मूल्य को मंजूरी देने के लिए प्रधानमंत्री मोदी का आभार। इस फैसले से करीब पांच करोड़ गन्ना किसानों को और चीनी मिलों में काम कर रहे लाखों श्रमिकों को लाभ होगा।" गृह मंत्री ने कहा कि सरकार ने कैबिनेट की बैठक में अनेक योजनाओं को मंजूरी दी है जो किसानों के कल्याण के उसके संकल्प को दर्शाती हैं। उन्होंने कहा, इन योजनाओं से किसानों की खेती की लागत कम होगी और उत्पादकता बढ़ेगी। साथ ही प्राकृतिक खेती, नैनो यूरिया और जैविक खाद जैसे नए विकल्पों को बढ़ावा देने से कृषि में उपयोग होने वाली भूमि की स्थिति में भी बहुत सुधार आएगा।" शाह ने मंत्रिमंडल की बैठक में राष्ट्रीय अनुसंधान फाउंडेशन विधेयक को मंजूरी दिये जाने पर भी प्रधानमंत्री को धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने कहा, 50,000 करोड़ रुपये के कुल आवंटन के साथ यह भारत के लिए वैज्ञानिक अनुसंधान के मार्गदर्शन का रास्ता साफ करेगा।" केंद्रीय मंत्रिमंडल ने राष्ट्रीय अनुसंधान फाउंडेशन (एनआरएफ) विधेयक 2023 को संसद में पेश करने को मंजूरी दे दी। इससे राष्ट्रीय अनुसंधान फाउंडेशन (एनआरएफ) की स्थापना का मार्ग प्रशस्त होगा। मंत्रिमंडल ने वैकल्पिक उर्वरकों को बढ़ावा देने और रासायनिक उर्वरकों के प्रयोग को कम करने के मकसद से राज्यों को प्रोत्साहित करने के लिए नई योजना पीएम-प्रणाम' को भी मंजूरी दी।

### इंडिगो का मार्केट कैप 1 लाख करोड़ के पार

**मुंबई।** इंटरग्लोब एविएशन लिमिटेड यानी इंडिगो का मार्केट कैपिटलाइजेशन 1 लाख करोड़ रुपए के आकड़े को पार कर गया है। इसके साथ इंडिगो इस अचीवमेंट को हासिल करने वाली देश की पहली एयरलाइन कंपनी बन गई है। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज पर आज इंडिगो का शेयर 3.55% की तेजी के साथ 2619.85 रुपए के स्तर पर बंद हुआ। वहीं, इंट्राडे में स्टॉक 2634.25 रुपए के रिकार्ड हाई को भी टच किया। इसके साथ ही कंपनी का मार्केट कैप बढ़कर 1,01,007.56 करोड़ रुपए हो गया है। विगत सोमवार को इंडिगो ने 500 एयरबस अ320 फैमिली एयरक्राफ्ट खरीदने का ऐलान किया था। इसके साथ ही इंडिगो एक बार में इतना बड़ा ऑर्डर देने वाली पहली भारतीय एयरलाइन बन गई है। इंडिगो से पहले यह रिकॉर्ड एअर इंडिया के नाम था।

## प्रॉक्टर एंड गैम्बल भारत में करेगी 2,000 करोड़ रुपए का निवेश




**एजेंसी। नई दिल्ली**

दैनिक उपयोग के घरेलू उत्पाद बनाने वाली प्रमुख कंपनी प्रॉक्टर एंड गैम्बल इंडिया (पीएंडजी इंडिया) 2,000 करोड़ रुपए का निवेश कर गुजरात में एक व्यक्तिगत चिकित्सा विनिर्माण संयंत्र स्थापित करेगी। कंपनी ने बुधवार को यह जानकारी दी। भारत में पीएंडजी का नौवां संयंत्र होगा। यह कंपनी एरियल, ड्यूरासेल, जिलेट, हैड एंड शोल्डर्स, ओरल-बी, पैम्पर्स, पैंटीन, टाइड, विक्स और व्हिस्पर जैसे लोकप्रिय उत्पादों का विनिर्माण करती है। कंपनी ने बयान में कहा कि नया संयंत्र साणंद में 50,000 वर्गमीटर क्षेत्रफल में फैला है। यहां पीएंडजी के वैश्विक चिकित्सा उत्पादों का उत्पादन होगा। बयान के अनुसार, यह इकाई अगले कुछ साल में संचालित हो जाएगी और पीएंडजी का वैश्विक निर्यात केंद्र बनेगी। इससे पीएंडजी इंडिया दुनियाभर के अपने ग्राहकों के लिए उत्पाद भेजेगी। कंपनी ने कहा कि इस संयंत्र के स्थापित होने से सैकड़ों प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष नौकरियां पैदा होंगी।

# सेबी का बड़ा फैसला, 6 नहीं अब 3 दिनों में होगी आईपीओ की लिस्टिंग

**एजेंसी। नई दिल्ली**

मार्केट रेगुलेटर के बयान के अनुसार, सेबी इस नई समयसीमा को दो चरणों में लागू करेगी। पहला 1 सितंबर, 2023 या उसके बाद खुलने वाले आईपीओ के लिए यह स्वैच्छिक होगा। दूसरा, एक दिसंबर, 2023 या इसके बाद के आईपीओ के मामले में यह अनिवार्य होगा। सेबी के इस फैसले से यह सुनिश्चित होगा कि कंपनियों के पास आईपीओ के जरिए जुटाई गई पूंजी तेजी से पहुंचे। इसके लागू होने से व्यापार करने में आसानी होगी और निवेशकों को अपने




निवेश के लिए जल्द क्रेडिट और लिक्विडिटी का मौका भी मिलेगा। सेबी ने फैसला बड़े निवेशकों, रजिस्ट्रार और ट्रांसफर एजेंट, ब्रोकर-वितरकों और बैंकों समेत विभिन्न हितधारकों के साथ काफी चर्चा करने के बाद लिया है। बता दें कि सेबी की बोर्ड मीटिंग में कई प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। निदेशक मंडल की इस बैठक में कुल सात प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। इसके साथ ही सेबी ने पारदर्शिता बढ़ाते हुए कुछ कैटेगरी के विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों के लिए खुलासा जरूरतों को बढ़ाने का फैसला लिया है। अभी के नियमों के अनुसार, रजिस्ट्रार बोली खत्म होने के 3 दिन बाद शेयरों का अलॉटमेंट करते हैं । फिर उसे संबंधित स्टॉक एक्सचेंजों के पास मंजूरी के लिए भेजते हैं। अब रएइक के नए नियम की घोषणा से की नई समयसीमा के तहत, उन्हें अब यह बोली खत्म होने के अगले दिन शाम 6 बजे से पहले करना होगा।

# बजाज आलियांज पहला जनरल इंश्योरेंस फेस्टिवल ऑफ इंडिया को आयोजित करेगा

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भारत के प्रमुख निजी सामान्य बीमाकर्ताओं में से एक बजाज आलियांज जनरल इंश्योरेंस, जनरल इंश्योरेंस फेस्टिवल ऑफ इंडिया (जी.आई.एफ.आई.) की मेजबानी करेगा, जो बीमा उद्योग में आयोजित होने वाला अपनी तरह का पहला कार्यक्रम है। इस एक दिवसीय आयोजन में प्रसिद्ध वक्ताओं द्वारा प्रेरक सत्र, एक लाइफस्टाइल क्षेत्र, प्रसिद्ध संगीतकार प्रीतम द्वारा लाइव कार्यक्रम, कॉमेडियन सुनील ग्रोवर द्वारा एक मनोरंजन का वर्ग और कई अन्य अनुभवात्मक गतिविधियों जैसी विभिन्न इंटरैक्टिव गतिविधियां शामिल होंगी। फेस्टिवल के हिस्से के रूप में, कंपनी ने सामान्य बीमा एजेंटों के लिए ₹जी.आई.एफ.आई. अवाड्र्स₹ नामक एक पुरस्कार समारोह की भी घोषणा की है, जहाँ पूरे उद्योग में स्वास्थ्य और सामान्य बीमा सलाहकार खुद को जी.आई.एफ.आई. पुरस्कारों के लिए नामांकित कर सकते हैं। यह कार्यक्रम 3 जुलाई 2023 को पुणे में आयोजित किया जायेगा। यह कंपनी भारत में उच्चतम श्रेणी के सामान्य बीमा एजेंटों को मान्यता प्रदान करने और सामान्य बीमा उद्योग के प्रति उनकी कड़ी मेहनत और जुनून का सम्मान करने के लिए भारत में जी.आई.एफ.आई. अवाड्र्स प्रदान करने वाली पहली कंपनी होगी। इस आयोजन के माननीय निर्णायक डॉ. एस प्रकाश, प्रबंध निदेशक, स्टार हेल्थ इंश्योरेंस, श्रीमती एलिस जी वैद्यन, पूर्व अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक, जनरल इंश्योरेंस कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया, और नीलेश साठे, पूर्व सदस्य, आई.आर.डी.ए.आई. होंगे। कंपनी नीचे सूचीबद्ध श्रेणियों के लिए स्वयं को नामांकित करने के लिए पूरे भारत के सामान्य एवं स्वास्थ्य बीमा उद्योग के सलाहकारों को आमंत्रित कर रही है। नामांकन 14 जून 2023 से खुले रहेंगे, जहां एजेंट पात्रता के उल्लिखित मानदंडों के अनुसार कई श्रेणियों में नामांकन दाखिल कर सकते हैं।

## विदेश

### विश्व बैंक अध्यक्ष का नाम अमेरिका के महान प्रवासियों की सूची में शामिल

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका में न्यूयॉर्क के कानेर्गी कॉर्पोरेशन की बुधवार को जारी इस साल की महान प्रवासियों की सूची में विश्व बैंक के अध्यक्ष अजय बंगा, ऑस्कर पुरस्कार विजेता की हूई क्यान, गायक-गीतकार अलानिस मोरिसेत्ते और अभिनेता पेड्रो पास्कल आदि नाम हैं। फाउंडेशन प्रवासियों के देश के प्रति योगदान और लोकतंत्र को मजबूत करने में उनके सहयोग को चिह्नित करने के लिए 2006 से प्रख्यात प्रवासी अमेरिकियों की वार्षिक सूची तैयार करता रहा है। कानेर्गी कॉर्पोरेशन ऑफ न्यूयॉर्क की अध्यक्ष और आयरलैंड मूल की डेम लुइस रिचर्डसन ने कहा, ये असाधारण लोग हैं। मुझे लगता है कि अमेरिका में बड़ा योगदान देने वाले इन लोगों की अद्भुत सकारात्मक कहानियां हर साल पेश करना महत्वपूर्ण है।" हालांकि, उन्होंने माना कि आव्रजन का मुद्दा अधिक राजनीतिक बन गया है।

### यूएन रिपोर्ट में खुलासा- सीरिया में हो रहा बाल सैनिकों का इस्तेमाल

# सशस्त्र समूहों में बच्चों की भर्ती बढ़ी

**एजेंसी। संयुक्त राष्ट्र संघ**

संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट में खुलासा किया गया है कि सीरिया में सशस्त्र समूह बच्चों को भर्ती कर रहे हैं और देश में बाल सैनिकों' का इस्तेमाल करने में वृद्धि हुई है जबकि सीरिया के कई इलाकों में लड़ाई मंद पड़ी है। संयुक्त राष्ट्र ने जारी रिपोर्ट में कहा है कि सशस्त्र समूह द्वारा बच्चों को भर्ती करने की संख्या में बीते तीन वर्ष में वृद्धि हुई है। उसके मुताबिक, 2020 में 813 बच्चों को इन समूहों में भर्ती किया था जबकि 2021 में 1296 और 2022 में 1696 बच्चों को भर्ती किया गया। संयुक्त राष्ट्र के मुताबिक, बच्चों को कथित रूप से भर्ती कर रहे समूहों में इस्लामिक स्टेट चरमपंथियों के खिलाफ



लड़ाई में अमेरिका का सहयोगी कुर्दिश नीत सीरियन डेमोक्रेटिक फोर्सेज' (एसडीएफ) भी शामिल है। रिपोर्ट के अनुसार संयुक्त राष्ट्र ने पुष्टि की है कि तुर्किये समर्थित सीरियन नेशनल आर्मी' ने 611 बच्चों की भर्ती की है जबकि अल-कायदा से जुड़े ह्यहयात ताहिरर अल शाम' ने उत्तर पश्चिमी सीरिया में 383 बच्चों को भर्ती किया है। रिपोर्ट में सीरियाई सरकार के बलों और सरकार समर्थित मिलिशिया द्वारा बच्चों को भर्ती करने के 25 मामलों का जिक्र है। स्वतंत्र नागरिक संगठन ह्यसीरियन्स फॉर ट्रूथ एंड जस्टिस' के कार्यकारी निदेशक बस्साम अल अहमद ने कहा कि पूरे सीरिया में बच्चों को भर्ती किया जा रहा है। वर्ष 2019 में एसडीएफ ने संयुक्त राष्ट्र के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर कर 18 वर्ष से कम आयु के युवकों को भर्ती न करने का वादा किया था और अपने क्षेत्रों में कई बाल संरक्षण दफ्तर स्थापित किए थे। अमेरिका के विदेश विभाग ने एक बयान जारी अपने सहयोगी का बचाव करते हुए कहा कि एसडीएफ सीरिया का एक मात्र सशस्त्र समूह है जिसने बाल सैनिकों' का इस्तेमाल बंद करने के संयुक्त राष्ट्र के आह्वान पर प्रतिक्रिया दी थी। एसडीएफ से संबद्ध स्थानीय प्रशासन द्वारा संचालित एक बाल संरक्षण दफ्तर की प्रवक्ता नोदेम शेरो ने माना कि एसडीएफ के कब्जे वाले इलाकों में बच्चों की भर्ती जारी है।

### यौन उत्पीड़न व हत्या के दोषी मदरसा शिक्षक को मौत की सजा

**पेशावर।** पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में दो नाबालिग भाइयों का यौन उत्पीड़न और उनकी हत्या करने के दोषी एक मदरसा शिक्षक को मौत की सजा दी गई है, जबकि उसके साथी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है। अदालत के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। तनवीर अहमद और उसके साथी नौमान ने लाहौर से लगभग 130 किलोमीटर दूर ओकारा शहर में फरवरी 2021 में छह वर्षीय एक लड़के और उसके 10 वर्षीय भाई का यौन उत्पीड़न किया। अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश सैयदा शहजादी नजफ ने मंगलवार को अहमद को उसके द्वारा किए गए अपराधों के लिए मौत की सजा सुनाई, जबकि नौमान को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई। न्यायाधीश शहजादी ने उनमें से प्रत्येक पर 10 लाख पाकिस्तानी रुपये का जुर्माना भी लगाया। अधिकारी ने कहा कि अभियोजन पक्ष द्वारा सबूत और गवाह पेश किए जाने के बाद अदालत ने दोनों संदिग्धों को दोषी ठहराया। उन्होंने कहा, दोषियों ने भी अपना अपराध कबूल कर लिया और कहा कि उन्होंने लड़कों का यौन उत्पीड़न करने के बाद उनका गला घोंट दिया। पाकिस्तान में मदरसा छात्रों पर उनके शिक्षकों द्वारा यौन उत्पीड़न की लगातार घटनाएं हो रही हैं।

## दहशत

### वुहान रिसर्चर का दावा : चीन ने जानबूझकर फैलाया कोरोना

# मकसद था दुनिया को जैविक आतंकवाद से डराना

**एजेंसी। बीजिंग**

वुहान इंस्टीट्यूट ऑफ वायरोलॉजी के एक रिसर्चर ने एक बड़ा खुलासा करते हुए दावा किया है कि चीन ने जानबूझकर पूरी दुनिया में कोरोना वायरस फैलाया था। यह पूरी दुनिया के खिलाफ जैविक आतंकवाद का एक हिस्सा था। चीन ने कोविड-19 को एक जैविक हथियार के रूप में इस्तेमाल किया था ताकि लोग इससे संक्रमित होकर मौत के मुंह में जा सकें। यह चीन द्वारा चलाए जा रहे दुनिया के खिलाफ जैविक आतंकवाद का एक हिस्सा था। इंटरनेशनल प्रेस एसोसिएशन की सदस्य जेनिफर जेंग को दिए गए एक बयान में कई शोधकताओं ने चीन की वायरस बनाने वाली हरकत की पुष्टि की है। चीनी शोधकर्ता का कहना है कि चीन ने कथित तौर पर कोरोना वायरस को तैयार करके इसे जैविक हथियार के रूप में इस्तेमाल करने का काम किया । वहीं लैब के अन्य शोधकर्ता शान चाओ ने



स्वीकार किया है कि उन्हें मनुष्य सहित विभिन्न प्रजातियों में वायरस की संक्रामकता का परीक्षण करते हुए एक जैव हथियार की तरह इसे तैयार करने को कहा गया था। उनका कहना है कि चीन ने प्रभावी ढंग से वायरस फैलाने के लिए वायरस के चार प्रकारों पर शोध करने को कहा था। और तय किया गया कि जो सबसे ज्यादा प्रभावशाली होगा, उसी को वायरस के रूप में इस्तेमाल किया जाएगा। खासकर इंसानों को यह वायरस कितना बिमार कर सकता है इस पर विशेष रूप से गहन करने पर जोर दिया गया था, जिससे कोरोना वायरस का प्रभाव दुनिया में काफी दिनों तक चलता रहे। शोधकर्ता चाओ शाओ के अनुसार संदेह है कि चीन का असली मकसद दुनिया में वायरस को फैलाना था, क्योंकि स्वास्थ्य की स्थिति की जांच के लिए वायरोलॉजिस्ट की आवश्यकता नहीं होती है। हालांकि इस महामारी से पूरी दुनिया में 70 लाख से ज्यादा लोगों की मौत हो गई है और अब भी इसके पूर्ण इलाज के लिए वैज्ञानिक दवाएं एवं वैक्सीन की खोज की जा रही है।

### नेपाल सुप्रीम कोर्ट का सरकार को समलैंगिक विवाह के अस्थायी पंजीकरण का आदेश

**काठमांडू।** नेपाल के उच्चतम न्यायालय ने सरकार को एक अंतरिम आदेश देते हुए उससे समलैंगिक विवाह के अस्थायी पंजीकरण को कहा। न्यायालय के एक नोटिस में यह जानकारी दी गई। निर्देश में कहा गया कि न्यायमूर्ति तिल प्रसाद श्रेष्ठ की एकल पीठ ने सरकार को आदेश जारी किया कि यदि यौन और लैंगिक अल्पसंख्यक जोड़े मांग करते हैं तो उनके विवाह को पंजीकृत करने के लिए आवश्यक व्यवस्था करें। एलजीबीटीआई अधिकार संगठन ब्लू डायमंड सोसाइटी (बीडीएस) की ओर से कार्यकर्ता पिंकी गुरुंग सहित सात लोगों ने समलैंगिक विवाह को वैध बनाने के लिए प्रधानमंत्री और मंत्रिपरिषद के कार्यालय में एक रिट याचिका दायर की। आदेश में शीर्ष अदालत ने विरोधियों से इस मुद्दे पर 15 दिन के भीतर लिखित जवाब देने को भी कहा है। याचिकाकर्ताओं ने कहा कि उन्होंने रिट याचिका दायर की है क्योंकि उच्चतम न्यायालय के फैसले के बावजूद नेपाली कानून ने समलैंगिक विवाह में बाधा डाली है।

## पेज एक के शेष

### सीएम आज संथाल ...

सावित्री बाई फुले किशोरी योजना और कन्यादान योजना से लाभांवित किया जाएगा। जबकि किसानों को ट्रेक्टर का वितरण किया जाएगा। एसएचजी महिला ग्रुप को 10 करोड़ का चेक दिया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के हाथों बाबा साहब अंबेडकर आवास की स्वीकृति दी जाएगी। लाभुकों को पेंशन भी दिया जाएगा। इसके अलावा छह पहाड़िया पुरुष और महिलाओं को देसी मक्का और बरबट्टी के बीज दिए जाएंगे। सीएम के कार्यक्रम के बारे में उपायुक्त राम निवास यादव ने जानकारी देते हुए बताया है कि हूल दिवस के अवसर पर हेमंत सोरेन शहीद सिदो कान्हो की क्रांति स्थल पर माल्यार्पण करने के साथ कई कार्यक्रमों में शामिल होंगे। उन्होंने बताया है कि माननीय मुख्यमंत्री रांची रेलवे स्टेशन से ट्रेन से बरहरवा रेलवे स्टेशन पहुंचेंगे। इसके बाद बरहरवा रेलवे स्टेशन से सड़क मार्ग से पतना स्थित आवास जाएंगे। इसके बाद 30 जून को हूल दिवस के अवसर पर पचकटिया में वीर शहीद सिदो कान्हो की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर आयोजित कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे। उपायुक्त रामनिवास यादव अपनी पूरी टीम के साथ गुरुवार की शाम को स्थल का निरीक्षण किया और सुरक्षा इंतजाम के साथ बरसात को लेकर हुई तैयारी का जायजा लिया।

### सीएम ने दिया...

इसी वजह से इस वर्ष माध्यमिक परीक्षा में उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं उनके अभिभावकों और कतिपय संबद्ध डिग्री महाविद्यालय के बीच इंटरमीडिएट में नामांकन को लेकर भ्रम की स्थिति है। ऐसे में विद्यार्थियों को नामांकन के सिलसिले में परेशानी उठानी पड़ रही है। इससे शैक्षणिक सत्र भी प्रभावित हो सकता है । इसी वजह से सरकार ने अंगीभूत महाविद्यालयों एवं संबद्ध डिग्री महाविद्यालयों में इंटरमीडिएट में नामांकन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है।

### रांची के बस स्टैंड...

दो बार भीषण आग लगी , इस आग लगी में 8 बस जलकर पूरी तरह से खाक हो गया जबकि एक बस को अग्निशमन विभाग के द्वारा बचा लिया गया। 9 वें बस में आंशिक रूप से नुकसान हुआ है ,लेकिन बाकी आठ बस तो पूरी तरह से जल कर राख हो गए। पहली वारदात में कुल 5 बसों में अचानक आग लगी थी आनन-फानन में दमकल के वाहनों को बुलाया गया लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ, नतीजा चार बस जलकर पूरी तरह से खाख हो गए। पहली आग लगी कि घटना के बाद दमकल के 5 वाहनों ने 2 घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, आग पर काबू पाने के बाद दमकल के वाहन वापस चले गए। आग पर काबू पाने के बाद पुलिस मामले की तफ्तीश में जुट गई और सीसीटीवी फुटेज खंगालने में लगी ताकि आग कैसे लगी इसकी जांच हो जाए। लेकिन तभी अचानक खगड़ा बस स्टैंड में एक बार फिर से भगदड़ मच गई ।5 घंटे के अंतराल में दूसरी बार बस स्टैंड में खड़ी चार बसों में आग लग चुकी थी। एक बार फिर से अग्निशमन विभाग को मामले की जानकारी दी गई इस बार भी दमकल के वाहनों को खादगढ़ा बस स्टैंड पहुंचने में लगभग आधा घंटा लग गए। लेकिन आग की लपटें इतनी तेज थी कि देखते ही देखते एक बार फिर से चार बसे बजे जलकर खाक हो गई। दूसरी बार भी दमकल के 6 वाहनों ने 3 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

**करोड़ों का नुकसान :** गुरुवार को हुई खड़गड़ा बस में भीषण आग लगी में मात्र 5 घंटे में बस मालिकों को करोड़ों का नुकसान हुआ है। इस आग लगी में निशांत ट्रेवल्स ,मां भवानी ट्रेवल्स , राधेश्याम ट्रैवल्स और सूर्या ट्रैवल्स के बसों को नुकसान पहुंचा है , या कहें कि बस पूरी तरह से जलकर खाक हो गए।

### सरयू राय के...

अपने लोगों को गलत तरीके से कोरोना प्रोत्साहन राशि दिलाया है, जबकि स्वास्थ्य विभाग ने भी स्पष्ट किया था कि स्वास्थ्य सचिव समेत सभी लोगों को नियम के अनुसार ही प्रोत्साहन राशि वितरित करने की अनुशंसा की गई थी। इसमें बाद में मंत्री बन्ना गुप्ता ने स्वयं पहल करते हुए प्रोत्साहन राशि के निर्णय को अस्वीकार करते हुए वापस करने का निर्देश विभाग को दिया था। इसके बाद मंत्री बन्ना गुप्ता ने सरयू राय को कानूनी नोटिस भी भेजा था। इसका सरयू राय ने कोई जवाब नहीं दिया। इसी क्रम में कोर्ट में उपस्थित नहीं होने के कारण उनके खिलाफ कोर्ट ने गिरफ्तारी वारंट जारी किया है।

### झामुमो अध्यक्ष शिबू सोरेन ने...

बरकाकाना, रांची रोड, जैसे कई पुराने रेलवे स्टेशनों के नाम पट्टिकाओं में बांग्ला भाषा उल्लेखित रहता था। उन्होंने लिखा है कि इस क्षेत्र से बांग्ला भाषा में लिखा नाम को मिटाया गया है, जो अत्यन्त अव्यवहारिक एवं दुर्भाग्यजनक है। इस इलाके के बांग्लाभाषी लोगों की नागरिकता मूलरूप से स्थायी है और वह झारखंड के मूलवासी हैं। झारखंड के मूलवासियों की जनभावना यह है कि वहां के निवासियों के स्थानों के नाम उस क्षेत्र के रेलवे स्टेशनों के नाम पट्टिकाओं पर उल्लेखित हों।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC

Dr. Vaibhav Kashyap

Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist &
Implantologist Certified Orthodontist, MIDA

" Smiles & More"

छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट

Facilities
- आरसीटी
- पायरिया का ईलाज
- टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
- स्माईल डिजाइन
- इनविजिवल क्लिप
- दंत रोपण
- फिक्स दाँत लगाना
- अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज



CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com


## पंचमहाल में दीवार गिरने से 4 बच्चों की मौत, चार घायल

**अहमदाबाद।** पंचमहाल जिले की हालोल तहसील के चंद्रपुरा गांव में गुरुवार दोपहर को सनमुखा एग्रो कंपनी की दीवार धराशायी हो गई। कंपनी की दीवार से सटे खुले प्लॉट में झोपड़ी बनाकर रह रहे दो परिवार के 8 लोग इसमें दब गए। इसमें 5 वर्ष से कम उम्र के 4 बच्चों की मौत हो गई। इनमें एक श्रमिक परिवार के 2 बेटियां और एक बेटा समेत दूसरे श्रमिक परिवार के एक बच्चे की मौत हुई है। चार अन्य घायलों को वडोदरा के अस्पताल में रेफर किया गया है। घटना के बाद हालोल के तहसीलदार मयूर परमार मौके पर पहुंच गए हैं। हालोल में गुरुवार को भारी बारिश के बाद सनमुखा एग्रो कंपनी की दीवार धराशायी हो गई। इसके समीप ही झोपड़ी बनाकर रहने वाले दो श्रमिकों जितेन्द्र डामोर और अंबाराम भूरिया का परिवार इस दुर्घटना की चपेट में आ गया।

# विपक्ष ने 70 वर्षों तक धारा 370 को गोद में बिठा कर रखा : अमित शाह

**एजेंसी। पटना**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने विपक्षी गठबंधन पर जोरदार प्रहार करते हुए कहा कि इन्होंने धारा 370 को 70 वर्षों तक गोद में बिठा कर रखा। कांग्रेस, जदयू और राजद सभी लोग धारा 370 को लगाकर बच्चों की तरह गोदी में खिलाते थे। दूसरी बार प्रधानमंत्री बनने पर नरेन्द्र मोदी ने 05 अगस्त, 2019 को धारा 370 को उखाड़ कर फेंक दिया। शाह लखीसराय के गांधी मैदान में गुरुवार को जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पलटूराम नीतीश बाबू कहते हैं कि 9 साल में क्या किया? नीतीश बाबू जिनके कारण आप मुख्यमंत्री बने, जिनके साथ इतना साल बैठे कुछ तो लिहाज करो। नीतीश बाबू आप सुनना चाहते हो तो पूरा हिसाब देने आया हूं।



अमित शाह ने कहा कि नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ घर-घर पहुंच रहा है। मोदी सरकार ने 18 हजार करोड़ रुपये किसानों के खाते में डालने का काम किया। मुंगेर में इंजीनियरिंग और मेडिकल कॉलेज बनाने का काम भी नरेन्द मोदी ने ही किया। इसके साथ रोडवेज के लिए 3 लाख करोड़ के 13 ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे नरेन्द मोदी ने दिए हैं। केंद्र सरकार ने बिहार में 3 हजार 400 करोड़ की लागत से राष्ट्रीय राजमार्ग की परियोजनाएं लागू की। 230 किलोमीटर लंबा असम-दरभंगा एक्सप्रेस-वे का काम शुरू हुआ। बिहार में अलग-अलग योजनाओं में प्रधानमंत्री सड़क योजना के तहत 175 करोड़ की लागत से सड़क बनाया। रेलवे में 13 हजार 400 करोड़ से पटना में मेट्रो का काम शुरू किया। अमित शाह ने कहा कि नरेन्द मोदी ने समग्र देश में ढेर सारे इंफ्रास्ट्रक्चर के काम किए हैं। बिहार को विकास कार्यों से मोदी सरकार ने पाट दिया है। इनमें मुंगेर से बेगूसराय तक रेल सड़क को डबल करने का काम हो या फिर पुल के निर्माण का काम नरेन्द्र मोदी की सरकार ने ही किया।

इससे पहले केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने नीतीश कुमार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि अमित शाह की रैली से 2024 में बिहार के सीएम नीतीश कुमार की राजनीति खत्म हो जाएगी। इस रैली का असर पूरे 40 लोकसभा सीटों पर पड़ेगा। अमित शाह की हुंकार बिहार में नीतीश के खात्मे का संकेत होगी। उल्लेखनीय है कि तय कार्यक्रम के मुताबिक अमित शाह आज 1:00 बजे पटना एयरपोर्ट पर पहुंचे। फिर हेलीकॉप्टर से लखीसराय के लिए रवाना हुए। तकरीबन 2:00 बजे लखीसराय पहुंचने के बाद उन्होंने यहां के अशोक धाम में 40 मिनट तक पूजा-अर्चना किया। फिर 3:00 बजे उनकी जनसभा हुई। जनसभा के बाद 4:00 बजे से लेकर 5:00 बजे तक उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ मुलाकात की। इसमें 2024 के लोकसभा चुनाव को लेकर चुनावी रणनीति पर चर्चा हुई। अमित शाह शाम 6:00 बजे पटना से विशेष विमान से दिल्ली लौट जाएंगे।

## आधार आधारित प्रमाणीकरण मई में रिकॉर्ड पर पहुंचा


**एजेंसी। नई दिल्ली**

देश में आधार आधारित चेहरा प्रमाणीकरण लेनदेन लगातार गति पकड़ रहा है और अक्टूबर 2021 में लॉन्च होने के बाद से इस साल मई में मासिक लेनदेन 10.6 मिलियन के उच्चतम स्तर को छू गया है। इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने गुरुवार को आंकड़े जारी करते हुए कहा कि 10 मिलियन से अधिक फेस ऑर्थेटिकेशन लेनदेन दर्ज करने वाला यह लगातार दूसरा महीना है। फेस ऑर्थेटिकेशन लेनदेन की संख्या बढ़ रही है। इस साल जनवरी के मुकाबले मई माह में आधार आधारित ट्रांजेक्शन में 38 प्रतिशत का इजाफा हुआ है। यूआईडीएआई द्वारा इन-हाउस विकसित एआई/एमएल आधारित फेस प्रमाणीकरण समाधान, अब राज्य सरकार के विभागों, केंद्र सरकार के मंत्रालयों और कुछ बैंकों सहित 47 संस्थाओं द्वारा उपयोग किया जा रहा है। आधार आधारित चेहरा प्रमाणीकरण लेनदेन का उपयोगों आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत लाभार्थियों को पंजीकृत करने के लिए किया जा रहा है। इसके अलावा प्रधानमंत्री किसान योजना में लाभार्थियों के सत्यापन और पेंशनभोगियों द्वारा घर पर डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र बनाने के लिए किया जा रहा है। इसका उपयोग कई सरकारी विभागों में कर्मचारियों की उपस्थिति को चिह्नित करने और कुछ प्रमुख बैंकों में उनके व्यवसाय संवाददाताओं के माध्यम से बैंक खाते खोलने के लिए किया जा रहा है। मई के महीने में यूआईडीएआई ने निवासियों के अनुरोध के बाद 14.86 मिलियन आधार अपडेट निष्पादित किए। मई 2023 के अंत तक, आधार ई-केवाईसी लेनदेन की संचयी संख्या 15.2 बिलियन से अधिक हो गई है।

## राजधानी दिल्ली में उल्लास के साथ मनाया गया ईद-उल-अजहा

**एजेंसी। नई दिल्ली**

राष्ट्रीय राजधानी में बृहस्पतिवार को ईद-उल-अजहा का पर्व पारंपरिक उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया। बारिश और बूंदाबांदी के बावजूद ऐतिहासिक जामा मस्जिद और फतेहपुरी मस्जिद सहित अन्य मस्जिदों में विशेष नमाज के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। लोगों ने अपने दोस्तों और रिश्तेदारों को बधाइयां दीं और औपचारिक कुबार्नी के बाद भोजन भी साझा किया। दिल्ली के उपराज्यपाल वी के सक्सेना ने इस अवसर पर लोगों को ट्विटर के जरिए बधाई दी। उन्होंने कहा, त्याग और बलिदान का पर्व ईद-उल-अजहा की आप सबको दिली मुबारकबाद... दुआ है कि यह त्योहार आपकी जिंदगी में खुशी, दिलों में मोहब्बत और मुल्क में अमन लाए। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने भी इस अवसर पर लोगों को बधाई दी। उन्होंने ट्वीट किया, सभी देशवासियों को ईद-उल-अजहा की दिली मुबारकबाद। यह त्योहार आप सभी के जीवन में खूब तरक़्क़ी लेकर आए, आप हमेशा खुश रहें, स्वस्थ और समृद्ध रहें। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने ईद-उल-जुहा की पूर्व संध्या पर बुधवार को देशवासियों को बधाई दी।



## मणिपुर के लोगों से संवाद नहीं करने दे रही सरकार : राहुल

**एजेंसी। नई दिल्ली**

हिंसा प्रभावित राज्य मणिपुर के दौरे पर गए कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने आरोप लगाया है कि सरकार उन्हें मणिपुर के लोगों से संवाद नहीं करने दे रही है। उन्हें रोका जा रहा है। राहुल ने गुरुवार को ट्वीट कर कहा कि वह मणिपुर के भाई-बहनों को सुनने आए थे। यहां सभी समुदाय के लोग उनका स्वागत भी कर रहे थे लेकिन सरकार ने उन्हें मणिपुर की जनता से मिलने नहीं दिया। राहुल ने कहा कि मणिपुर को उपचार की जरूरत है। ऐसे में शांति हमारी एकमात्र प्राथमिकता होनी चाहिए। उल्लेखनीय है कि राहुल गांधी को मणिपुर में रोके जाने को लेकर आज



कांग्रेस नेता सुप्रिया श्रीनेत ने दिल्ली में प्रेसवार्ता कर विरोध जताया। श्रीनेत ने कहा कि मणिपुर हिंसा को दो महीने हो गए लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हिंसा की भर्त्सना और शांति की अपील नहीं की। गृह मंत्री के दौरे के बाद हिंसा और बढ़ गई। उन्होंने केन्द्र सरकार से सवाल पूछा कि आखिर मणिपुर में शांति बहाल करने के लिए आपका प्लान क्या है?

## कांग्रेस में था भ्रष्टाचार, भाजपा का दामन साफ : राजनाथ

**एजेंसी। यमुनानगर**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कांग्रेस पर गुरुवार को हमला बोलते हुये कहा कि इनके शासनकाल में भ्रष्टाचार का बोलबाला था जिसके कारण कई नेताओं को जेल की हवा खानी पड़ी, जबकि भारतीय जनता पार्टी( भाजपा) का दामन साफ है। हरियाणा में यहां जगाधरी अनाज मंडी में आयोजित भारत गौरवशाली रैली में जनता को सम्बोधित करते हुये सिंह ने कहा कि कांग्रेस के शासन में कई घोटाले हुए और इसके कई नेताओं को जेल की सलाखों के पीछे जाना पड़ा है। उन्होंने दावा किया कि केंद्र की भाजपा नीत सरकार में किसी भी नेता पर भ्रष्टाचार का एक भी आरोप नहीं लगा है। उन्होंने अपने सम्बोधन की शुरूआत में कहा, मैं हरियाणा में लम्बे अर्से बाद आया हूँ, लेकिन इस जगह पहली बार आया हूं। मैं यह मानता हूँ कि भारत की परम्परा है कि सम्मान दोनों तरफ से होना चाहिए। इस पर उन्होंने शीश झुकाकर जनता का अभिवादन किया।

रक्षा मंत्री ने कहा कि भाजपा सरकार ने जनता से किये अपने सभी वादे अक्षरशः पूरे किये हैं। पहले जनता से वादे तो किए जाते थे, लेकिन पूरे नहीं किये जाते थे।




जनसंघ के दिनों की याद ताजा करते हुये उन्होंने कि जब वह इस संगठन के काम कर रहे थे तब भी जम्मू कश्मीर में अनुच्छेद 370 समाप्त करने की बात की थी और जब-जब देश में चुनाव हुये तो इस वादे को घोषणा पत्र में शामिल किया गया। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में केंद्र में सरकार बनने तथा संसद के दोनों सदनों में भाजपा का बहुमत आने पर इसे भी पूरा कर दिया। केंद्र सरकार की नौ साल की उपलब्धियां गिनाते सिंह ने पुलवामा हमले तथा इसके बाद पाकिस्तान में की गई एयर स्ट्राइक का भी उल्लेख किया।

उन्होंने कहा कि हमारे जवानों पर पाकिस्तानी आतंकियों ने हमला किया तो मोदी ने तुरंत बैठक की और दस मिनट में ही फैसला कर लिया गया कि पाकिस्तान को उसकी धरती पर सबक सिखाएंगे। सरकार ने अपने इस फैसले पर अमल करते हुये पाकिस्तान के अंदर जाकर आतंकियों का सफाया करने जैसी साहसिक कार्रवाई की। ऐसा करके भारत ने दुनिया को एक ठोस संदेश दिया है कि वह अब कमजोर नहीं है और घर में घुसकर भी मार सकता है।

चीन के साथ सीमा पर हुई झड़पों को लेकर उन्होंने कहा कि अपने जवानों ने शौर्य और पराक्रम का परिचय देते हुये चीनी सैनिकों के दुस्साहस को नेस्तनाबूत कर दिया। विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुये उन्होंने कहा कि आजाद भारत में नेताओं की कथनी और करनी में अंतर होने की वजह से लोगों का नेताओं, राजनीति और सरकारों पर विश्वास में गिरावट हो रही थी तथा विश्वास के इस संकट को भाजपा ने चुनौती के रूप में स्वीकार किया तथा जो कहा था उसे पूरा किया।

## बौद्धिक विकास को बढ़ावा दे रहा है दिल्ली विवि : पीएम

**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री ने गुरुवार को कहा कि दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) एक सदी से प्रतिभाओं के पोषण और बौद्धिक विकास को बढ़ावा दे रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि वे 30 जून को दिल्ली विश्वविद्यालय के शताब्दी समारोह के समापन कार्यक्रम में शामिल होने को लेकर उत्सुक हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने दिल्ली विश्वविद्यालय के एक ट्वीट पर प्रतिक्रिया देते हुए ट्वीट किया, ह्यकल, 30 जून को सुबह 11 बजे दिल्ली विश्वविद्यालय के शताब्दी समारोह में शामिल होने के लिए उत्सुक हूं। शिक्षा के एक प्रमुख केंद्र के रूप में, डीयू एक सदी से प्रतिभाओं का पोषण और



बौद्धिक विकास को बढ़ावा दे रहा है। इस मील के पत्थर पर डीयू बिरादरी को बधाई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 30 जून को सुबह लगभग 11 बजे दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) खेल परिसर के बहुउद्देशीय हॉल में दिल्ली विश्वविद्यालय के शताब्दी समारोह के समापन समारोह में भाग लेंगे। इस अवसर पर प्रधानमंत्री जनसमूह को संबोधित भी करेंगे।

## विपक्षी दलों की अगली बैठक 13 और 14 जुलाई को बेंगलुरु में

**आरएनएम। नई दिल्ली**

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के नेता शरद पवार ने कहा है कि विपक्षी दलों की अगली बैठक 13 और 14 जुलाई को बेंगलुरु में होगी। उन्होंने यह भी कहा कि बैठक में लोकसभा सीटों के बंटवारे पर विचार - विमर्श किया जाएगा। मालूम हो कि विपक्षी दलों की पहली बैठक पटना में हुई थी । उसके बाद कहा जा रहा था कि अगली 12 जुलाई को हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला में होगी। लेकिन अब शरद पवार ने विपक्षी दलों की अगली बैठक की ताजा जानकारी दी है। पवार ने कहा, कि विपक्षी दलों की जब पटना में बैठक हुई थी , तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अमेरिका दौरे पर थे। उसके बाद भारत वापस आए तो उन्होंने विपक्ष पर हमला बोला, लेकिन देश का नजरिया मौजूदा भाजपा सरकार के विपरीत है। इसलिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ज्वलंत मुद्दों से केवल ध्यान भटकाने के लिए समान नागरिक संहिता लागू करने की कोशिश शुरू की है। पवार ने कहा कि समान नागरिक संहिता लागू करने से पहले लोकसभा और राज्य की विधानसभा में महिलाओं के लिए आरक्षण लागू करना चाहिए। इसके साथ ही सिख, जैन और पारसी समाज की राय ली जाए। हमने सुना है कि सिख समाज की मानसिकता इसे समर्थन देने की नहीं है। इसके बाद ही एनसीपी इस पर समर्थन के बारे में विचार करेगी। विधि आयोग के निर्देशानुसार सभी से राय-मशविरा लेने के बाद इस पर कोई निर्णय लिया जाना चाहिए। उधर हिमाचल कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने दावा किया था कि यह विपक्षी महाबैठक ही 2024 के लोकसभा चुनाव में जीत की नींव रखेगी।

**फैसला** | दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हेलीकॉप्टर ध्रुव की जांच में मिली तकनीकी गड़बड़ी

# तीनों सेनाओं के सभी हेलीकॉप्टर जमीन पर

### तकनीकी खामियों को ठीक करने के बाद ही मिलेगी उड़ाने की मंजूरी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

लगातार दुर्घटनाग्रस्त हो रहे स्वदेशी एडवांस्ड लाइट हेलीकॉप्टर ध्रुव की जांच में तकनीकी गड़बड़ी पाई गई है। इन 'मेड इन इंडिया' हेलीकॉप्टरों का इस्तेमाल तीनों सेनाओं के अलावा इंडियन कोस्ट गार्ड भी करता है। इस साल की शुरूआत से लगातार हादसों के बाद से दो बार हेलीकॉप्टर ध्रुव की फ्लाइंग रोककर जांच की जा चुकी है। इन्हीं जांचों में हेलीकॉप्टर के कुछ यंत्रों की डिजाइन और मेटलर्जिकल दिक्कत का पता चला है। इन तकनीकी खामियों को ठीक करने के बाद ही 'ग्राउंडेड' ध्रुव हेलीकॉप्टरों को उड़ाने की मंजूरी मिल सकेगी। भारतीय नौसेना, वायुसेना, थल सेना और तटरक्षक बल के पास कुल 325 से अधिक एएलएच ध्रुव हेलीकॉप्टर हैं।



इंडियन एयरफोर्स के पास 107, इंडियन आर्मी के पास 191, नौसेना के पास 14 और कोस्ट गार्ड के पास 13 हेलीकॉप्टर हैं। इसके अलावा नौसेना ने 11 और आर्मी ने 73 हेलीकॉप्टर खरीदने के ऑर्डर दे रखे हैं। एएलएच ध्रुव हेलीकॉप्टरों को सरकारी एयरोस्पेस कंपनी हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) ने डिजाइन और विकसित किया है। एएलएच ध्रुव 5.5 टन वजन वर्ग में दो इंजन वाला बहुउद्देश्यीय हेलीकॉप्टर है। 2002 में सैन्य संस्करण का प्रमाणीकरण होने के बाद इसे सेनाओं में शामिल किया गया था। देश में 20 साल के भीतर 24 से ज्यादा एएलएच ध्रुव हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो चुके हैं। 2017-2021 के बीच छह दुर्घटनाएं हुईं, जबकि इस साल 4 माह के अंदर 3 ध्रुव हेलीकॉप्टर दुर्घटना का शिकार हुए हैं। हर दुर्घटना के बाद सेनाओं ने कोर्ट ऑफ इंक्वायरी के आदेश दिए हैं। इन्हीं हादसों की वजह से भारतीय सेना और वायुसेना को अपने ध्रुव हेलीकॉप्टर की फ्लीट को उड़ान भरने से रोकना पड़ा था। इसके बाद तीनों सेनाओं और कोस्ट गार्ड के हेलीकॉप्टरों की जांच शुरू की गई। जांच में स्वदेशी ध्रुव हेलीकॉप्टर के कुछ यंत्रों में डिजाइनिंग और मेटलर्जिकल दिक्कत का पता लगाया गया है। कुछ हेलीकॉप्टरों में यह समस्या ठीक कर दी गई, जबकि कुछ हेलीकॉप्टरों को ठीक किया जा रहा है। ठीक किये जा चुके हेलीकॉप्टरों को उनके तय स्थानों पर तैनात कर दिया गया है और उन्होंने उड़ान भरनी शुरू कर दी हैं। बाकी हेलीकॉप्टर ठीक होने के बाद अपने-अपने तय स्थानों पर भेज दिए जाएंगे।




## ऑस्कर में जाएगी अभिनेता संजय मिश्रा की हिंदी लघु फिल्म 'गिद्ध'



**अभिनेता** संजय मिश्रा की हिंदी लघु फिल्म 'गिद्ध' (द स्कैवेंजर) ने एशिया अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता 2023 जीती है। अभिनेता को महोत्सव में 'सर्वश्रेष्ठ अभिनेता' पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया। सर्वश्रेष्ठ लघु फिल्म की जीत के साथ 'गिद्ध' अब ऑस्कर में जाने की एक मजबूत दावेदार बन गई है। लघु फिल्म 'गिद्ध' समाज के लिए एक आईना है। यह समाज की वास्तविकताओं के बारे में बोलती है, जिनसे अधिकांश लोग मुंह मोड़ लेते हैं। 'गिद्ध' को पहले 'यूएसए फिल्म फेस्टिवल 2023' की जूरी द्वारा फाइनलिस्ट के रूप में भी चुना गया था। इसके अलावा, इस फिल्म को 'एलए शॉर्ट्स इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल 2023' और 'कार्माथर्न बे इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल 2023' सहित अन्य प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय लघु फिल्म समारोहों में भी चुना गया था।

## ज्यादा थिएटर नहीं कर पाने का है मलालः अनिल कपूर



**बड़े** पर्दे पर 40 साल तक दर्शकों का मनोरंजन करने और कई यादगार किरदार निभाने वाले बॉलीवुड अभिनेता अनिल कपूर की अधूरी ख्वाहिशों मे अधिक थिएटर करना और दर्शकों के सामने लाइव परफॉर्म करना शामिल है। 'द नाइट मैनेजर' में अनिल कपूर का किरदार सभी को पसंद आया था। पहले सीजन को दर्शकों से शानदार प्रतिक्रिया मिली और हर कोई शो के दूसरे सीजन को देखने के लिए बेहद उत्साहित है। शो की कास्ट और क्रू के साथ मुंबई में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में अनिल कपूर ने शो, इंडस्ट्री में अपने अब तक के सफर और अन्य विषयों पर विस्तार से बात की। अपनी अधूरी ख्वाहिशों के बारे में बात करते हुए अभिनेता ने कहा, मुझे सबसे बड़ा अफसोस इस बात का है कि मैं थिएटर नहीं कर सका।